# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 24 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 24, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 770 अंकों की गिरावट

30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 769 .67 अंक की गिरावट के साथ 81,537 .70 अंक पर बंद हुआ। } 14

## बंगाल में बंगाली सुरक्षित नहीं : जेपी नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बंगाली समुदाय सुरक्षित नही है और राज्य को मौजूदा हालात से बचाने की जरूरत है। } 16



## सरकार के प्रयासों से केरल में विकास को मिली गति

### पीएम मोदी ने विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व नयी ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया और नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति लोगों में एक नई जागरूकता पैदा हुई है। परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने और ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद मोदी ने कहा कि यह दिन केंद्र सरकार के प्रयासों से प्रेरित केरल के विकास में एक नयी गति का प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि रेल संपर्क को और मजबूत किया गया है और शुरू की गई परियोजनाएं तिरुवनंतपुरम को देश के एक प्रमुख केंद्र में बदलने में मदद करेंगी। मोदी ने तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और एक त्रिशूर-गुरुवायूर यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच क्षेत्रीय रेल संपर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सीएसआईआर-एनआईआईएसटी नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी और उद्यम केंद्र की आधारशिला रखी और पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की जो यूपीआई से जुड़ी ब्याज मुक्त परिक्रामी ऋण सुविधा (रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा) है। मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत कई लाभार्थियों को ऋण राशि और केडिट कार्ड भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केरल और पूरे देश के गरीबों का कल्याण करना है। साथ ही उन्होंने यहां श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक रेडियो सर्जरी केंद्र की आधारशिला भी रखी और नए पूजप्पुरा मुख्य डाकखाने का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि पूरा देश आज एक विकसित भारत के निर्माण के प्रयासों में एकजुट है। उन्होंने इस बात पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन को दी थी नयी दिशा

### मुख्यमंत्री योगी ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत की आजादी का एक ऐसा नाम है, जो प्रत्येक भारतीय के मन में सर्वोच्च सम्मान के साथ-साथ किसी भी विपरीत परिस्थिति में देशद्रोही व देशविरोधी तत्वों के सामने न झुकने के दृढ़ संकल्प की प्रेरणा प्रदान करता है। भारत माता के सच्चे सपूत नेताजी का नाम लेते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा व सम्मान के साथ राष्ट्रप्रेम की भावना स्वतः उत्पन्न हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये उद्गार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चौक, हजरतगंज, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने नेताजी को स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक की संज्ञा देते हुए आजादी



की लड़ाई में उनके अमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और उनके चित्र पर प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी का तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का आह्वान भारत की आजादी का मंत्र बन गया था। उनका एक-एक शब्द स्वतंत्रता आंदोलन का मंत्र बन जाता था। उनका दिल्ली चलो का उद्घोष हर भारतीय को प्रेरित करता है। उनका कदम कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, गीत आज भी भारतीय सेना के दीक्षांत समारोह में बड़ी शान से गाया जाता है। ऐसा कौन भारतीय होगा, जिसके मन में नेताजी के प्रति श्रद्धा-सम्मान का भाव न हो। नेताजी ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी दिवस पर जौनपुर को मिलेगा सम्मान

लखनऊ। सीएम युवा योजना का लाभ शत-प्रतिशत देने में पिछले कई माह से पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर प्रथम स्थान पर है, जबकि 22 जनवरी तक दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर हरदोई रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी दिवस के अवसर पर सीएम युवा योजना का सबसे अधिक लाभ देने वाले जौनपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। इसी के तहत प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मुठभेड़ में मारा गया जैश का आतंकवादी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जम्मू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने बताया कि बिल्लावार इलाके में एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादी को मार गिराया गया। जम्मू पुलिस प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'बिल्लावार में सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ संयुक्त अभियान में जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक पाकिस्तानी जैश आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादी की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर उस्मान के रूप में की और बताया कि उसके पास से एम4 स्वचालित राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

### बांग्लादेश डीआरसी के सामने गिड़गिड़ाया

नयी दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी की विवाद समाधान समिति (डीआरसी) को पत्र लिखकर राष्ट्रीय पुरुष टीम के टी20 विश्व कप मुकाबले भारत में कराने के संचालन परिषद के फैसले को पलटने की मांग की है, लेकिन यह अपील सुनी नहीं जाएगी क्योंकि यह मामला उप-समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। अंतरराष्ट्रीयं क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भले ही स्कॉटलैंड को स्टैंडबाय पर रखा हो, लेकिन पूरी तरह घिर जाने के बाद अमीनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला बीसीबी आखिरी विकल्प के तौर पर आईसीसी की डीआरसी के पास पहुंचा। इस समिति के अध्यक्ष इंग्लैंड के माइकल बेलॉफ (किंग्स काउंसिल) हैं।

# बसंत पंचमी पर टूटा महाकुंभ का रिकॉर्ड

### ○ 3.56 करोड़ ने संगम में लगाई डुबकी ○ दशकों का टूटा रिकॉर्ड ○ माघ मेले में अब तक 15 करोड़ से अधिक ने किया स्नान

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेले के चौथे स्नान पर्व बसंत पंचमी पर पुण्य की डुबकी लगाने वालों का जन सैलाब उमड़ा। सरकार एवं प्रशासन की अभूतपूर्व व्यवस्था से माघ मेले में जहां श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बना। मां सरस्वती की आराधना के महापर्व

> ○ पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती सहित सभी प्रमुख संतो ने किया स्नान

बसंत पंचमी पर त्रिवेणी में पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि बसंत पंचमी स्नान पर्व पर संगम में 3.56 करोड़ ने आस्था की डुबकी लगाई है। बसंत पंचमी में पुण्य स्नान के इस आंकड़े ने महाकुंभ 2025 की श्रद्धालुओं की संख्या को भी पीछे छोड़ दिया है। उनका यह भी कहना है कि माघ मेला 2026 में अब तक 15 करोड़ से अधिक



श्रद्धालु त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। संगम के घाटों पर उमड़ी आस्था की इस लहर से सरकार एवं प्रशासन की अभूतपूर्व व्यवस्था से श्रद्धालुओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। माघ मेला के चौथे स्नान पर्व पर बसंत पंचमी पर कल्पवासियों सहित मेला क्षेत्र में साधना रत सभी प्रमुख संतो और धमार्चार्यो ने पुण्य की डुबकी लगाई। पूर्वाम्नाय श्री गोवर्द्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने शिष्यों के साथ त्रिवेणी तट पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से निर्धारित स्थान से पैदल चलकर संगम नोज पहुंचे शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पूरी सादगी और आस्था के साथ मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन धारा में पुण्य स्नान किया। इसके अलावा सभी दंडी स्वामी संतो, रामानंदी और रामानुजाचारी संतो ने भी

> ○ सीएम योगी ने दी श्रद्धालुओं को बधाई, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करने की माँ गंगा से की प्रार्थना

बसंत पंचमी में गंगा और त्रिवेणी में पुण्य डुबकी लगाई। किन्नर अखाड़े के सदस्य भी पूरे उत्साह और भक्ति के साथ संगम तट पहुंचे और बसंत पंचमी का पुण्य स्नान किया। माघ मेले के बसंत पंचमी स्नान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संगम में स्नान करने वाले सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी है। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि वसंत पंचमी के पावन अवसर पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## होमगार्ड की भर्ती में आपदा मित्रों को मिलेगी प्राथमिकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड भर्ती को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि, वर्तमान में 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और आवश्यक होने पर उन्हें आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ के माध्यम से आपदा मित्रों की भर्ती की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। आपदा मित्र के रूप में जो स्वयंसेवक कार्य करेंगे, उन्हें उत्तर प्रदेश में होमगार्ड भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक मौके पर राहत कार्यों में बड़ा सहयोग कर सकता है और हम सबको इनके महत्व के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सीएम योगी ब्लैकआउट के बाद 75 जिलों में किए गए मॉकड्रिल को लेकर जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा, अब नागरिक सुरक्षा संगठन केवल शांतिकाल में पर्व और त्योहारों तक ही सीमित नहीं है। पर्व त्यौहार हो, बाढ़ या कोई आपदा हो, घटना-दुर्घटना हो। किसी बड़े आयोजन में ट्रैफिक व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर


## धामी ने देहरादून में 'डायलाग आन विजन 2047' का किया शुभारंभ



एजेंसी

देहरादून। किसानों की आय, युवाओं का रोजगार और महिलाओं को समान अवसर इन्हीं कसौटियों पर विकसित उत्तराखण्ड की सफलता तय होगी, यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'डायलॉग आन विजन 2047' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के सामने स्पष्ट शब्दों में रखी। सिविल सर्विसेज इंस्टीट्यूट में आयोजित दो दिवसीय चिन्तन शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'विकसित उत्तराखण्ड' की नींव सुशासन, तकनीक एवं नवाचार, और जन-केंद्रित सतत विकास जैसे तीन स्तंभों पर आधारित है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कार्यक्रम में मंथन केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे उत्तराखण्ड के समग्र विकास हेतु एक व्यवहारिक, समयबद्ध व दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कर्तव्य पथ पर यूपी की झांकी का जलवा




एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 77वीं गणतंत्र दिवस परेड के लिए शुक्रवार को बारिश के बीच फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। बारिश की वजह से पूर्वाभ्यास में थोड़ा विलंब हुआ और सैन्य कर्मियों और कलाकारों ने भीगते हुए कर्तव्य पथ पर मार्च किया।

अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के मद्देनजर फ्लाईपास्ट और परेड के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कुछ हिस्सों का पूर्वाभ्यास नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे से पूर्वाह्न 11:45 के बीच हुआ। हर साल फुल ड्रेस रिहर्सल के दिन भी दर्शकों की भारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उज्जैन : दो समुदायों के बीच हिंसक टकराव से तनाव

एजेंसी

उज्जैन। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में दो पक्षों के बीच हिंसक तनाव हो गया है। गुरुवार को शुरू हुए विवाद ने शुक्रवार को हिंसक हो गया है। जिले के तराना में उपद्रवियों ने कुछ घरों पर पथराव किया और एक बस को आग के हवाले कर दिया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है लोगों से शांति की अपील की जा रही है।

> ○ पथराव व आगजनी के बाद बस में लगायी आग

उज्जैन के तराना में गुरुवार रात को दो पक्षों के विवाद हुआ था। शुक्रवार दोपहर बाद कुछ लोगों ने आगजनी कर दी। एक दुकान में आग लगा दी गई। इसके बाद अज्ञात लोगों ने बस जला दी। हालात तब और बिगड़ गए, जब लोग एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। इस बीच पुलिस से बहस भी हुई। पथराव में एक युवक घायल हुआ है।

जानकारी के मुताबिक कल यानी गुरुवार (22 जनवरी 2026) की रात को हिंदू नेता को पीटा गया था और ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ ईडली मिर्जा, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद ने सप्पान मिर्जा के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया था। कहा जा रहा है कि इस उपद्रव और मारपीट के पीछे मिर्जा गैंग का हाथ था। इसके बाद हिंसक विवाद की शुरूआत दो पक्षों में विवाद के बाद हुई, जिसमें बजरंग दल के पदाधिकारी सोहिल ठाकुर पर जानलेवा हमला किया गया। हमले ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 11.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- यूपी दिवस का आज होगा उद्घाटन (पृष्ठ-02)
- उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक में भाजपा का परचम (पृष्ठ-02)
- वायदा बाजार में चांदी, सोना नए रिकॉर्ड स्तर पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 30 पैसे टूटकर 91.88 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
- मंत्रालय ने जारी किया जीडीपी की शृंखला चर्चा पत्र (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** राजधानी लखनऊ में सर्दी से बचने के लिए जगह–जगह अलाव तापते दिखे लोग

# गरीब, मजदूर और जरूरतमंदों को सर्दी से बचा रहे अलाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शुक्रवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे लोगों ने बड़ी सहूलियत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। शुक्रवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों




ने







भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का मुक्त कंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर सर्दी से राहत पाई।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने गुरुवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू में प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डे 2026 का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डे के अवसर पर बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ के प्रोस्थोडॉन्टिक्स एवं क्राउन एंड ब्रिज विभाग द्वारा शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य देखभाल में प्रोस्थोडॉन्टिक्स के महत्व को उजागर करना था। इस अवसर पर विभाग द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. मंजू वी. ने आधुनिक प्रोस्थोडॉन्टिक देखभाल पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यक्रम में संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर छात्र, स्नातक छात्र तथा दंत चिकित्सक शामिल हुए। वेबिनार के अतिरिक्त चैंबर डेकोरेशन, टूथ प्रिपरेशन गतिविधियाँ तथा छात्र सहभागिता कार्यक्रम जैसे विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक आयोजन भी किए गए, जिनसे विद्यार्थियों में सीखने, नवाचार और टीमवर्क को बढ़ावा मिला।

इस अवसर पर बोलते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीता पासरिचा ने प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डे पर इस प्रकार के सार्थक शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम दंत विज्ञान और आम जनता के बीच की दूरी को कम करने में सहायक होते हैं। उन्होंने जन-जागरूकता पर बल देते हुए बताया कि दाँतों का न होना केवल सौंदर्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे पोषण, बोलने की क्षमता, चेहरे की बनावट और समग्र स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। समय पर प्रोस्थोडॉन्टिस्ट से परामर्श लेने से जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज उपाध्याय ने बताया कि प्रोस्थोडॉन्टिक्स दंत चिकित्सा की वह शाखा है जो खोए हुए दाँतों और मुख संरचनाओं के प्रतिस्थापन से संबंधित है। प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डेंचर, क्राउन, ब्रिज तथा डेंटल इम्प्लांट जैसे उपचारों के माध्यम से रोगियों को उनकी मुस्कान, चबाने की क्षमता, बोलने की स्पष्टता और आत्मविश्वास वापस दिलाने में सहायता करते हैं। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ, जिसने प्रोस्थोडॉन्टिक्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामुदायिक जागरूकता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया।

# यूपी दिवस का उद्घाटन आज

## तीन दिवसीय समारोह में गृह मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में प्रदेश की पर्यटन क्षमता और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के स्टॉल पर विभागीय एवं पीपीपी मोड पर संचालित योजनाओं, माघ मेला, बुंदेलखंड के पर्यटन स्थल, विरासत संरक्षण, इको टूरिज्म बोर्ड की महत्वपूर्ण पहलों तथा यूपीएसटीडीसी की लखनऊ दर्शन जैसे सफल प्रयासों और उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अब की बार यूपी दिवस को गांव से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा देश के लगभग 20 राज्यों में यूपी दिवस मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विदेशों में भारतीय दूतावासों जैसे-फिजी, त्रिनिदाद, टोबैगो एवं सूरीनाम जहां पर यूपी के लोग निवास करते है। वहां पर भव्य ढंग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शामिल होगें। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस को पहले से कहीं अधिक भव्य और व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाएं और विश्व विख्यात पर्यटन स्थलों को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर बौद्ध, जैन, रामायण, महाभारत सहित प्रदेश के सभी 12 पर्यटन सर्किटों से जुड़ी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आमजन के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुरूप यूपी दिवस के मंच से बुंदेलखंड की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

कालिंजर किले को विशिष्ट पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि झांसी, चित्रकूट, ललितपुर, महोबा और बांदा के ऐतिहासिक स्थलों व जलप्रपातों की जानकारी के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 03 दिन प्रवेश निःशुल्क

बसन्तकुंज योजना स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आने वाले पर्यटकों के लिए एक खुशखबरी है। यूपी दिवस व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत प्रेरणा स्थल में 03 दिन प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिये हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 24 जनवरी को यूपी दिवस पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल में भव्य समारोह का आयोजन होना है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल में प्रवेश के लिए प्रति व्यक्ति 15 रुपए टिकट दर निर्धारित है, जोकि 01 जनवरी, 2026 से लागू है। लेकिन, यूपी दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेरणा स्थल देखने का यह नागरिकों के लिए खास मौका होगा। इसे ध्यान में रखते हुए 24 जनवरी से 26 जनवरी, 2026 तक राष्ट्र प्रेरणा स्थल में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क कर दिया गया है। इन तीन दिनों में सभी आगंतुक बिना टिकट लिये प्रेरणा स्थल में प्रवेश प्राप्त करके भ्रमण कर सकेंगे।

## एनएईसी-एससीवीटी के बीच एमओयू, युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थित नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी) और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता को नई दिशा देने वाला साबित होगा। इस एमओयू के तहत एनएईसी की ओर से पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जनपदों के 128 विकास खंडों और 10,323 ग्रामों से जुड़े एक लाख अभ्यर्थियों को आगामी पांच वर्षों में 28 सेक्टरों में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें से 70,000 अभ्यर्थियों को औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। खास बात यह है कि कुल प्रशिक्षणार्थियों में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

देश के प्रमुख अपैरल निर्यात क्लस्टर के रूप में एनएईसी की सबसे बड़ी विशेषता गारमेंट उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराना होगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी द्वारा अपने डिजिटल पोर्टल कौशल गंगा के माध्यम से प्रबंधित की जाएगी।

## कर्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

- लखपति दीदी अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जायेगा
- परेड कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली 14 लखपति दीदियों की बस को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के गहत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कार्य करने वाली उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों एवं उनके सहयोगियों की ओर से 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड में प्रतिभाग किया जाएगा। इनमें से 13 दीदियों को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निर्देशों के क्रम मे एक लखपति दीदी सीधे दिल्ली गयी है। प्रस्थान से पूर्व उप मुख्यमंत्री से इन दीदियो से उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों व महिला सशक्तिकरण के लिये उनके परिश्रम व लगन, निष्ठा और अपने कार्यो मे पायी सफलता की यात्रा के बारे में जानकारी हासिल किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रस्थान से पूर्व इन दीदियो का अभिनन्दन किया गया।

यह दीदियां दिल्ली मे परेड देखने से पहले मंत्री ग्रामीण विकास मन्त्रालय शिव राज सिंह चौहान के नई दिल्ली मे आयोजित कार्यक्रम मे भी शामिल होंगी, जिसमे वह सबसे भेंट करेंगे। सभी दीदियों को अन्य राज्यों की दीदियों के साथ दिल्ली भ्रमण भी 27 जनवरी को कराया जाएगा। राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड- के अवसर पर उत्तर प्रदेश की 14 दीदियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है।



दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की दीदियों को आमन्त्रित किये जाने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए, आभार व्यक्त किया है। कहा है कि यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। कहा कि प्रधानमंत्री का विचार रहता है कि गरीब से गरीब व्यक्ति राष्ट्रीय पर्व में देश की राजधानी में आमंत्रित हों। कहा कि सरकार गरीबी के दर्द को जानती है।

# आवासीय नक्शा पास कराने के लिए सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश में ग्रीन एनर्जी व सतत विकास के लिए निरंतर नवाचार कर रही सरकार

**लखनऊ।** राज्य सरकार की ओर से स्वच्छ ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में औरैया जनपद ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण व दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए मॉडल प्रस्तुत किया है। औरैया जिले में रणनीतिक निर्णय के तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बिजली की बचत करना है, बल्कि पर्यावरण व जल संरक्षण भी सुनिश्चित करना है।

प्रस्ताव के अंतर्गत संबंधित नगर पालिकाएं, नगर निगम एवं नगर पंचायतें अपनी बोर्ड बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी व ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रीन एनर्जी का दायरा भी व्यापक होगा। औरैया जनपद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय बताया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि सभी जनपदों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नीतिगत निर्णय लेकर शहरी एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर आवासीय सौर ऊर्जा का प्रयोग बढ़ाने के प्रयास करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश रूफटॉप सोलर पैनल सिस्टम के क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1191.64 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 50 लाख यूनिट कार्बनमुक्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। इससे पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। रूफटॉप सोलर पैनल सिस्टम के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन लगभग 3.25 करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त इस पहल से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और लगभग 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तथा लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही सोलर रूफटॉप मॉडल के कारण लगभग 4500 एकड़ भूमि का संरक्षण संभव हो सका है, जिसे अब अन्य विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। यह पहल ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत हो रही है। योगी सरकार का मानना है कि औरैया का यह मॉडल प्रदेश के अन्य जनपदों में भी लागू होने से उत्तर प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा और हरित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

# कानून-व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर बदली प्रदेश की तस्वीर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब केवल देश का सबसे बड़ा राज्य भर नहीं रह गया, यह विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत ढांचे के स्तर पर हुए बदलावों के कारण उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा ने नई गति पकड़ी है और इसका असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है। प्रदेश की लंबे समय तक पहचान संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में रही, लेकिन अब इसे संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाले और नीतियों को धरातल पर उतारने वाले राज्य के तौर पर देखा जाने लगा है। आर्थिक गतिविधियों की तीव्र गति, निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी, संकेत दे रही है कि देश की विकास गाथा में उत्तर प्रदेश एक नई भूमिका निभाने वाला है।

प्रदेश की लगभग 31 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है। औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि, सेवा क्षेत्र के विस्तार, कृषि उत्पादन और निर्यात में सुधार से प्रदेश का आर्थिक योगदान बढ़ा है। सकल घरेलू उत्पाद में इजाफे के साथ प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि दर्ज की गई है। नीति विशेषज्ञों का मानना है कि विशाल उपभोक्ता बाजार, श्रम शक्ति की उपलब्धता और संसाधनों की विविधता ने उत्तर प्रदेश को आर्थिक विकास केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

प्रदेश सरकार इसे राष्ट्रीय आर्थिक मजबूती की दिशा में अहम कदम मानती है। निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों का असर धरातल स्तर पर दिखने लगा है। एकल खिड़की (सिंगल विंडो) सिस्टम और तेज प्रशासनिक प्रक्रिया के चलते औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में गतिशीलता आई है। डिफेंस, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और आईटी जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं।

# लापरवाही बरतने वाली कंपनियों के विरुद्ध होगी एफआईआर

## कृषि मंत्री ने प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की गहन समीक्षा की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित समिति कक्ष संख्या-80 में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता और सुचारू आपूर्ति के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न उर्वरक उत्पादक संस्थाओं जैसे इफको, कृभको, चम्बल और एनएफएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि रबी सीजन 2025-26 के लिए किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है और इसके लिए भारत सरकार के निरंतर संपर्क में है।

समीक्षा के दौरान कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन उर्वरक कंपनियों ने जनवरी 2026 के लिए निर्धारित प्रोराटा लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की है, उनके विरुद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 12 से 13 यूरिया रैक प्राप्त हो रही हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, 01 अक्टूबर 2025 से अब तक लगभग 1.02 करोड़ किसानों ने पी.ओ.एस. मशीनों के माध्यम से पारदर्शिता के साथ 50.93 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त किया है। प्रदेश में वर्तमान उर्वरक स्थिति अत्यंत संतोषजनक है, जहाँ कुल 7.23 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.69 लाख मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।

सहकारिता के क्षेत्र में 2.07 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 1.79 लाख मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक है, जबकि निजी बिक्री केंद्रों पर भी 5.16 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 2.56 लाख मीट्रिक टन डीएपी किसानों के लिए उपलब्ध है। वर्तमान में प्रतिदिन किसान औसतन 33,800 मीट्रिक टन यूरिया और 2,528 मीट्रिक टन डीएपी का क्रय कर रहे हैं, जिसके सापेक्ष आपूर्ति की स्थिति निरंतर मजबूत बनी हुई है। मण्डलवार समीक्षा में यह पाया गया कि बरेली, मुरादाबाद, वाराणसी और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में यूरिया और डीएपी की भारी उपलब्धता है। उदाहरण के तौर पर, बरेली मण्डल में 66,377 मीट्रिक टन यूरिया और कानपुर मण्डल में 42,632 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक मौजूद है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के समस्त जनपदों में कृषकों की मांग के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है और वितरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमख सचिव कृषि रविंद्र प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला और सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह शामिल थे इसके अतिरिक्त निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में प्रतिभाग किया।



## अखिल देव त्रिपाठी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अखिल देव त्रिपाठी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अथाह दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल पहुँचकर दिवंगत श्री अखिल देव त्रिपाठी के अंतिम दर्शन किए तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भारतीय जनता पार्टी परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। पंकज चौधरी ने कहा कि अखिल देव त्रिपाठी भाजपा के एक ऊर्जावान, कर्मठ, अनुशासित और पूर्णतः समर्पित युवा कार्यकर्ता थे। उनका असमय निधन न केवल गोरखपुर क्षेत्र बल्कि पूरे भाजपा संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का समापन 18 मंडलों के 1244 युवाओं ने दिखाया कौशल

- तीन चरणों में 20 प्रमुख स्किल्स की प्रतिस्पधाएं संपन्न, 11 संस्थानों में हुआ आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रभावी पहल कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में इंडिया स्किल्स कंपटीशनझ2026 के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का तीन चरणों में सफल आयोजन पूर्ण हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों से कुल 1244 युवाओं ने सहभागिता कर अपने तकनीकी कौशल, नवाचार और दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का प्रथम चरण 12 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें 464 युवाओं ने ओरिएंटेशन एवं प्रारंभिक गतिविधियों में भाग लिया। इसके बाद 13 जनवरी 2026 को प्रथम चरण की मुख्य प्रतियोगिताओं में 451 प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी टर्निंग, वेल्डिंग, सीएनसी मिलिंग एवं एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग सहित 6 प्रमुख स्किल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय चरण 19 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित हुआ, जिसमें 391 युवाओं ने ऑटो बॉडी रिपेयर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजीज, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट जैसे उन्नत एवं भविष्यपरक कौशलों में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही तृतीय चरण 22 से 23 जनवरी 2026 तक संपन्न हुआ, जिसके साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत लखनऊ स्थित 11 प्रमुख संस्थानों की आधुनिक कार्यशालाओं में 20 प्रमुख स्किल्स में प्रतिस्पधाएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने वर्ल्ड स्किल्स के निर्धारित मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक मशीनों एवं तकनीकों का उपयोग करते हुए अपनी व्यावहारिक समझ, तकनीकी क्षमता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। सभी चरणों में प्रतियोगिताओं को लेकर युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और वैश्विक मंच तक पहुँचने का सशक्त अवसर प्रदान कर रही है। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के लिए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों को सम्मिलित करते हुए विशेष निर्णायक समितियों का गठन किया गया था।

प्रत्येक स्किल से दो श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा, जो आगे इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के अगले स्तर में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता की सफलता यह दशार्ती है कि प्रदेश के युवा आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक मानकों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रालोद प्रदेश कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की अध्यक्षता में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसका संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया, तत्पश्चात सभी पदाधिकारियो ने माननीय अध्यक्ष रामाशीष राय जी के नेतृत्व मे परिवर्तन चौक स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये 'गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, त्याग, साहस और बलिदान के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा और नई ऊर्जा दी। उन्होंने कहा कि ह्लतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने का संकल्प था। डॉ. रामाशीष राय ने आगे कहा कि नेताजी ने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और हर परिस्थिति में देशहित को सर्वोपरि रखा। उनका संघर्ष, उनका त्याग और उनका अदम्य साहस आज भी हर भारतीय को देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में नेताजी का योगदान अविस्मरणीय है और आने वाली पीढ़ियाँ उनके विचारों और आदर्शों से सदैव प्रेरणा लेती रहेंगी।

# भाजपा एसआईआर में धांधली करना चाहती है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एसआईआर में धांधली करना चाहती है। एसआईआर ही एनआरसी है। लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई जारी है। समाजवादी पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं को सावधान रहना है। केन्द्रीय चुनाव आयोग की एसआईआर और राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में चार करोड़ वोटो का अन्तर है। अब बताना चाहिए कि कौन सूची सही है। 2027 का विधानसभा चुनाव लोग सभा चुनाव की तरह लड़ना है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये हुए कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल नहीं गैंग है। भाजपा उद्योगपतियों, रिटायर्ड अधिकारियों का गठजोड़ हो गया है। भाजपा और आरएसएस ने सभी संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा जनता का हक लूट रही है।

समाजवादी पार्टी के पास जनता की ताकत है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। जनता का भरोसा कायम रखना है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर जनता के भरोसे पर खरा उतरना है। पीडीए की लड़ाई को ताकतवर बनाए रखने के लिए सामाजिक राज की स्थापना करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवादी पार्टी के सामाजिक न्याय के राज के एजेण्डे से भाजपा घबराई है। इसीलिए ही भाजपाई गैंग साजिश करने पर उतारू है।

संक्षेप

## एंटी रोमियो टीम की गश्ती से हड़कंप

प्रतापगढ़।एंटीरोमियों टीम की बढ़ी गश्ती से मनचलों में खलबली मची दिखी। सांगीपुर थाना की एंटीरोमियो टीम प्रभारी निरीक्षक स्वाती वर्मा के साथ शुक्रवार दोपहर गश्त पर निकली थी। टीम द्वारा घुइसरनाथ पहुंचने पर संदिग्ध मिले युवक व युवतियों से पूछतांछ शुरू की गयी तो मनचलों में खलबली मच गयी। एंटीरोमियो टीम द्वारा युवक व युवतियों को संस्कार व सही दिशा में भविष्य निर्माण के बाबत प्रेरित भी किया गया।एंटीरोमियो टीम में गुंजा, श्वेता दीक्षित आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर विधिविधान से पूजी गयी मां सरस्वती

प्रतापगढ़। बसन्त पंचमी पर्व पर स्कूलों में मां सरस्वती का विधिविधान से पूजन किया गया। क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बसन्त पंचमी पर वैदिक मंत्रोचार के बीच मां सरस्वती की पूजा हुई। वहीं स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।विद्यालय की प्रबन्धिका सुनीता मिश्रा, प्रकाशचंद्र मिश्र, रीमा मिश्रा, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं सौंपी। वहीं सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह के नेतृत्व में, राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, सरोजनी कान्वेंट स्कूल पूरे हरिकिशुन में प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

## अवैध अतिक्रमण को एसडीएम ने हटवाया

प्रतापगढ़। सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जा हटवाया। उदयपुर थानान्तर्गत रेहुआ लालगंज व नरवल के बार्डर पर चारागाह की जमीन है। जिस पर कुछ दबंगों ने जबरन अतिक्रमण कर रखा था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी लालगंज से की। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र के जरिए यह भी आरोप लगाया कि एक वर्ग विशेष द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का उददेश्य धार्मिक कार्य से जुड़े निर्माण के लिए किया जा रहा है।मौके पर दीवार बनायी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा द्वारा जांच कराये जाने पर शिकायत सही पायी गयी। इसके बाद एसडीएम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलवा कर उसे हटवाया और कब्जाधारियों को कडी चेतावनी दी।एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। शिकायत में वर्ग विशेष द्वारा अतिक्रमण युक्त जमीन पर धार्मिक कार्य का आरोप लगाया गया लेकिन मौके पर दीवार के अलावा ऐसे और कोई साक्ष्य नहीं मिले।

## गुड और बैड टच की दी गयी जानकारी

पथरा बाजार सिद्धार्थनगर ।जिले के पथरा बाजार थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने बहु बेटी सम्मेलन कार्यक्रम किया गया।गुड व बैड टच मिशन शक्ति फेज 5.0 (बहुसम्मेलन/गुड व बैड टच)कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन हेतु दायित्वों के प्रति क्रियाशील अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार के निर्देशन मे चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन जागरुकता अभियान चलाया गया व गुड व बैड टच के बारे मे बच्चो को जानकारी जानकारी दिया गया ।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में 23/01/2026 थाना अध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया बुजुर्ग की बहु जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर जागरूक किया तथा प्रधान अशोक कुमार प्रजापति, कोटेदार रमाकांत,आशा बहु आरती, रोजगार सेवक- रमेश विश्वकर्मा आंगनवाड़ी ममता देवी व खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी । मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दिया गया ।

# कोई भी मतदाता ना छूटे : चमन आरा राईनी

## बांसी नगर सपा कार्यालय पर एसआईआर की समीक्षा बैठक आयोजित



जिला संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर ।जिले के बांसी समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर गत शुक्रवार मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य एस आई आर की समीक्षा बैठक मुख्य अतिथि कृष्ण भान सिंह सैंथवार ( सदस्य राष्ट्रीय कमेटी ) आदि की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवेक्षक राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य कृष्ण भान सिंह सैंथवार ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ अपने अपने बूथ पर लग जाए और जो भी नए या छूटे मतदाता है उनका फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में उनका नाम जुड़वाने हेतु कार्य करे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का चुनाव जीतने के लिए मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य की निगेहबानी करना जरूरी है, इस कार्य में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित बांसी नगर पालिका अध्यक्ष/ व राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा चमन आरा राईनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आने चुनाव 2027 का चुनाव जितने के लिए पैनी निगाह व हर स्तर पर कार्य जारी रखें प्रत्येक कार्य कर्ता युद्ध स्तर पर लग छूटे हुए मतदाता सूची में नाम जरूर जुड़वाएं व इस कार्य में पूरी निष्ठा के साथ लग कर कार्य करें ।इस अवसर पर

पूर्व विधायक / सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव , मोनू दूबे , समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव और नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी व पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी उर्फ पटवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकताओं से एस आई आर कार्य में किसी तरह की लापरवाही न करने की अपील किया। साथ ही सभी बूथ अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी से अपने अपने बूथ पर डेट रहने को कहा ।राजेंद्र यादव , महेंद्र लोधी, फिरोज आलम, विनोद यादव, सुनील यादव, रियाज खान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव , कपिल देव, बुद्धिराम प्रजापति, शाकिर अली,रुस्तम अली, लखपति राईनी,मेहताब आलम, इसरार अहमद, राधेश्याम जयसवाल, शफी शेख, कैफ खान, मैनुद्दीन, बबलू, ध्रुव राव, अभिषेक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

इटावा। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक नवीन कलैक्ट्रेट सभागार में एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव और एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न व्यापारिक समस्यायों पर चर्चा हुई। एडीएम ने अवगत कराया कि अगले हफ्ते से शहर के सबसे ज्यादा अतिक्रमण वाले क्षेत्र को चिन्हित कर वहां अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के समक्ष शहर के नुमाइश के पास स्थित बच्चा पार्क में स्ट्रीट फूड जोन का प्रस्ताव रक्खा जिसका व्यापारी नेताओं ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आलोक दीक्षित ने मांग की कि बस अड्डा तिराहे पर लगने वाले जाम के मद्देनजर बसों की वन-वे व्यवस्था लागू की जाए, शहर से बाहर जाने वाले सभी भारी वाहन पक्के बाग की तरफ से ही बाहर जायें, इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटव, महिला प्रदेश मंत्री मंजूलता द्विवेदी, महिला जिलाध्यक्ष शकीला बेगम, उघोग मंच के जिला महामंत्री राहुल दीक्षित, युवा जिलाउपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, प्रमित दीक्षित, सुमन यादव, राखी आदि व्यापारी नेताओं ने अपनी समस्या को रक्खा।

## चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक



सिद्धार्थनगर ।जिले के डुमरियागंज थानाप्रभारी निरीक्षण श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में मिशन शक्ति/साइबर पुलिस टीम ने ग्राम धनोहरी में चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को साइबर सुरक्षा, मिशन शक्ति तथा नए कानून के सम्बंध में जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जानकारी दिया गया । गत शुक्रवार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं व बालिकाओ की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 23/01/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम धनोहरी में चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी देते हुए जागरूक किया।

## जनपद में धूमधाम से मनेगा 77वां गणतंत्र दिवस



**श्रावस्ती**।जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 26 जनवरी, 2026 को जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा।

आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 7.30 बजे 5 किमी साइकिल रेस, प्रातः 8 बजे प्रभातफेरी, 8.30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, 9 बजे पुलिस परेड तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व सैन्य विधवाओं का सम्मान किया जाएगा।इसके अतिरिक्त शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, साक्षरता दौड़, एनसीसी व स्काउट-गाइड का रूट मार्च आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में विभागीय झांकियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य मार्गों की सजावट एवं तोरण द्वार निर्माण के निर्देश नगर पालिका परिषद भिनगा को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को दायित्वों का अक्षरशः अनुपालन व आपसी समन्वय से कार्यक्रम सफल बनाने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम ने 25 जनवरी तक झांकियों की रिहर्सल तथा 26 जनवरी को समय से उपस्थिति के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध कराये शिक्षा : प्रमोद तिवारी

● **राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने शैक्षणिक महोत्सव में छात्र छात्राओं का बढ़ाया उत्साह**



**प्रतापगढ़**। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शिक्षाविदो से कहा है कि वह पीढ़ी के निर्माण में राष्ट्रीयता का बोध कराने वाली शिक्षा का मजबूत ढ़ांचा प्रदान करें। उन्होने कहा कि देश दुनिया में आज हमारी ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं हर पटल पर सफलता का यशोगान लिए हुए है। उन्होने कहा कि वर्तमान परिवेश में भाषावाद तथा क्षेत्रवाद जैसी जटिलताओ को दूर करने के लिए शिक्षा का ध्येय राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होने कहा कि भारत का ज्ञान दुनिया को इसलिए स्वीकार्य है कि यहां की सांस्कृतिक एवं सामुदायिक एकता सबसे बड़ी शक्ति लिए हुए है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया में सर्वश्रेष्ठ भारत के निर्माण और देश को वैश्विक नेतृत्व के प्रति समर्थवान बनाने के लिए छात्र छात्राओं को ज्ञानार्जन के प्रति सदैव अभिरूचि रखनी होगी। वह शुक्रवार को उदयपुर में एसजेएस पब्लिक स्कूल में आयोजित शैक्षणिक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होने कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को पठन पाठन के क्षेत्र में सफलता के कारगर टिप्स भी दिये। सांसद प्रमोद तिवारी ने परिसर में प्रशासनिक भवन समेत शैक्षणिक भवनों का भी एकमुश्त समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। स्कूल के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह व अनिल सिंह छोटे तथा प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह चौहान ने आयोजन समिति की ओर से सांसद प्रमोद तिवारी को मोमेण्टो, अंगवस्त्रम व अभिनंदन पत्र समर्पित किया। कार्यक्रम का संयोजन नितेश सिंह, अग्रज सिंह, अनुज सिंह, बीना तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी नरवल के गुरुकुल विद्यापीठ इण्टर कालेज के वार्षिकोत्सव में भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां उन्होने शिक्षण कक्ष के निर्माण के लिए, विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से दो लाख रुपए विधायक निधि से प्रदान किये जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुरखास में सर्वश्रेष्ठ विकास के साथ सभी को शिक्षा के अधिकार की समानता भी मजबूती से हासिल होती रहेगी। कार्यक्रम का संयोजन जनार्दन प्रसाद उपाध्याय एवं सुनील उपाध्याय ने किया। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बसंत पंचमी के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर बाबा से लोकमंगल की प्रार्थना किया।

## महिला को फावड़ा मारने का वीडियो वायरल

ऊसराहार, इटावा। भूमि विवाद को लेकर महिला को फावडा लेकर मारने दौडे युवक का बीडियो प्रचलित हुआ है।पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना ऊसराहार क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर महिला व उसकी मां के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता राखी निवासी ग्राम इकघरा मौजा सरसई नावर ने थाना ऊसराहार में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पिता की पैतृक भूमि गाटा संख्या पर गांव के ही कुछ लोग अवैध कब्जा कर रहे है।आरोप है कि दबंग सरकारी वन भूमि पर भी कब्जा कर फसल उगा रहे हैं और वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों को उखाड़कर फेंक देते हैं। पीड़िता राखी के अनुसार 22 जनवरी को उसकी मां आशा देवी ने डीएम कार्यालय में शिकायत की।

## एंटी रोमियो टीम का सघन अभियान, मनचलों पर सख्ती



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में महिला सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत बेचईपुरवा में थाना अध्यक्ष सिरसिया के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे मनचलों एवं शोहदों को चिन्हित कर उनकी चेकिंग की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।चेकिंग के दौरान टीम ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति किसी भी प्रकार की अभद्रता, छेड़छाड़ अथवा अनुचित व्यवहार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कुछ व्यक्तियों को सख्त हिदायत देकर भविष्य में कानून का पालन करने की चेतावनी के साथ छोड़ा गया।साथ ही एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, एंटी रोमियो अभियान की महत्ता एवं पुलिस द्वारा उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की असुरक्षा या परेशानी की स्थिति में तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा 112 एवं वूमेन पावर लाइन 1090 पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## प्रदीप अध्यक्ष और पंकज वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित

### डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती**। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, शाखा जनपद श्रावस्ती का वार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी डॉ. डी.के. सिंह द्वारा किया गया, जबकि चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सालिक राम त्रिपाठी उपस्थित रहे।इस अवसर पर संगठन के कुल आठ पदों के लिए चुनाव सम्पन्न कराया गया, जिसमें सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम के अनुसार प्रदीप ओझा को तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, पंकज अवस्थी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा ओम प्रकाश ओझा को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं मंत्री पद पर सहदेव प्रसाद मिश्रा एवं देवेश तिलक पाण्डेय निर्वाचित हुए। संयुक्त मंत्री के रूप में ताहिर अंसारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर फुरकान अहमद का चयन किया गया।संप्रेक्षक पद की जिम्मेदारी राजू खान को सौंपी गई।कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती एवं फार्मासिस्ट हितों की रक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ विद्यारंभ संस्कार



प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में शुक्रवार को बसन्त पंचमी पर्व पर सरस्वती पूजन व विद्यारंभ संस्कार समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।विद्यालय की व्यवस्थापिका माधुरी ओझा बतौर मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतिमा सिंह ने किया।कार्यक्रम में तीन से छः वर्ष के बच्चों का वैदिक मंत्रोचार के बीच विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराया गया। वहीं कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध किया।प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने बसन्त पंचमी व विद्यारंभ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला।इस मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह, उमेश पाल मिश्र, हर्षद शुक्ल, अविनाश, चंद्रमणि, मधुकर आदि मौजूद रहे।

## आगजनी से नकदी समेत गृहस्थी के सामान हुए खाक



प्रतापगढ़।आगजनी से कई घरों की गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। ग्रामीणों ने खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।लीलापुर थाना क्षेत्र के हदिराही गांव में शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे अचानक छप्परनुमा एक घर में आग लग गयी। हवा के चलते आग की तेज हुई लपटों ने अगल बगल के छप्परनुमा घरों को अपनी आगोश में ले लिया।आगजनी में घर में रखे हजारों की नकदी व गृहस्थी के सामान व अन्य सामान जलकर राख हो गये।पीडित कल्लन भारती, पप्पू भारती, मालूके भारती ने बताया कि आगजनी से नकदी व सामान सब जल गये।वहीं आग से दो मवेशी भी झुलस गये।सूचना मिलने पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।सगरा सुंदरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुमित वर्मा ने कहा कि शिकायत करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर स्थापना उत्सव में उमड़े श्रद्धालु



प्रतापगढ़।रामपुर बावली क्षेत्र में अनेहरा सुन्दर नगर में मंदिर स्थापना के प्रथम वार्षिकोत्सव में हुए पूजन अर्चन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। वार्षिकोत्सव को लेकर शुक्रवार को मंदिर के बगल स्थित आरएसएस इण्टर कालेज पंचवटी धाम में भण्डारे का भी आयोजन हुआ।श्रीरामचरितमानस के सामूहिक पाठ व हवन पूजन में श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में देखा गया। वही श्रीराम दरबार, मां दुर्गा देवी व पंचमुखी हनुमान जी महराज के मंदिर की आकर्षक साजसज्जा देख भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। भजन संकीर्तन के आयोजन में भी श्रद्धालुओं को संगत में देखा गया।देर शाम तक भण्डारे में ग्रामीणो व राहगीरों ने भी भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक बलराम शुक्ला व संरक्षक पूर्व प्रधान पं. रमाशंकर शुक्ल ने आचार्य समूह का अभिषेक व सम्मान किया।प्रधान दिवाकर शुक्ल भण्डारे का प्रबन्धन करते हुए श्रद्धालुओं के बीच सेवाभाव में दिखे।इस मौके पर श्यामशंकर शुक्ल, जटाशंकर शुक्ल, रामकृष्ण शुक्ल, अरूण तिवारी, शीतला प्रसाद द्विवेदी, कल्लू पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, आईपी मिश्र आदि रहे।

## 24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस

श्रावस्ती।जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद श्रावस्ती में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा।इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस की थीम विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय यह आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तथागत हाल में सम्पन्न होगा, जिसमें जनपद के समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी।इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम के प्रथम दिन 24 जनवरी, 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे मुख्य अतिथि कुमकुम धर, अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ उपस्थित रहेंगी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगी।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में निबंध लेखन, कविता लेखन एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।इसके अतिरिक्त विविध सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आयोजन को भव्य रूप दिया जाएगा।

## यातायात प्रभारी ने 52 वाहनों का चालान कर 65500 शमन शुल्क वसूला



सिद्धार्थनगर।यातायात प्र0 अमरेश ने 52 वाहनों का चालान करते हुए 65500 रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही किया गया।गत शुक्रवार विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहन मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी/हेलमेट का प्रयोग न करना एवं सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने आदि के विरुद्ध कार्यवाही की गयी ।23.01.2026 को पुलिस अधीक्षक डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा साड़ी तिराहा,पावर हॉउस तिराहा,सिद्धार्थ तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, बर्डपुर एवं कस्बा बाँसी आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा रात्रि मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ-साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका ट. श. अ. के तहत चालान कर हटवाया गया एवं आज के विशेष अभियान के तहत चार पहिया वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो वाहनों का चालान करने समेत कुल 52 वाहनों का चालान करते हुए 65500/- रुपए शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

# विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जाएगा गोरखपुर

## सीएम योगी की घोषणा के अनुरूप बन रहा 30 हजार दर्शकों की क्षमता का इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

- 392.94 करोड़ रुपये आएगी लागत, निर्माण से पूर्व मिट्टी भराई व लेवलिंग का काम शुरू
- पहली किश्त के रूप में शासन से 63.39 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त
- खिलाड़ियों के लिए होगी 7 प्लेइंग पिच और 4 प्रैक्टिस पिच

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा गोरखपुर आने वाले समय में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी जाना जाएगा। इसका जरिया बनेगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप ताल नदोर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम। 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए मुख्य निर्माण कार्य से पूर्व मिट्टी भराई व लेवलिंग का काम शुरू हो गया है। पहली किश्त के रूप में शासन की तरफ से 63.39 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है। मुख्यमंत्री ने जब इसकी मंशा जताई तो सबसे पहली आवश्यकता अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप पर्याप्त भूमि की पड़ी। इसके लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में भूमि चिन्हित की। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि ताल नदोर में ही पशु चिकित्सा, महाविद्यालय और वृहद कान्हा गोशाला का भी निर्माण हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से यह पूरा क्षेत्र विकास की नई आभा से निखर उठेगा। फिलहाल सारी कार्ययोजना तय करने के बाद स्टेडियम निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की तरफ से दिसंबर के आखिरी सप्ताह से मिट्टी भराई और समतलीकरण का काम प्रारंभ करा दिया गया है। स्टेडियम का निर्माण 23 दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया गया है।

गोरखपुर में बन रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 46 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा। कुल 30 हजार दर्शक क्षमता का यह स्टेडियम ग्राउंड प्लस टू फ्लोरह्व के हिसाब से बनेगा। इसके ग्राउंड पर खिलाड़ियों के लिए 7 प्लेइंग पिच और 4 प्रैक्टिस पिच होंगी। स्टेडियम के पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड में प्रत्येक में 14,490 दर्शक बैठ सकेंगे। नार्थ पैवेलियन मीडिया और साउथ पैवेलियन विशिष्टजन के लिए होगा। रात्रिकालीन मैच भी हो सकें, इसके लिए मेन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानक के चार हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था रहेगी। यहां क्रिकेट के अलावा अन्य बड़े आयोजन भी होंगे।

ताल नदोर में बन रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहतरीन जगह पर है। गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग फोरलेन से जुड़ा यह स्थान, गोरखपुर एयरपोर्ट से करीब 24 किमी की दूरी पर है और रेलवे स्टेशन से करीब 20 किमी है। ऐसे में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए यहां पहुंचना काफी सुगम होगा।

# भाजपा सरकार में खेल व खिलाड़ियों को मिल रहा जमकर प्रोत्साहन : राजेश त्रिपाठी

## गोला के अनिल-नौशाद ने गौरीबाजार के विपुल-सुनिल को हराकर जीता उद् घाटन मैच




गोला, गोरखपुर। गोला बैडमिंटन क्लब व चंद्रांश फाउंडेशन के तत्वाधान में उपनगर गोला स्थित शिवॉय लॉन में जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गुरूवार की देर शाम बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने नेट पर रिबन को काटकर सीनियर वर्ग के प्रतियोगिता का उद्घाटन किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसलाअफजाई किया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग का उद्घाटन मैच गोला के अनिल-नौशाद के साथ गौरीबाजार के विपुल-सुनिल की जोड़ी के बीच हुई।

रोमांचक मुकाबले में गोला के अनिल-नौशाद की जोड़ी ने गौरीबाजार के विपुल-सुनिल 30-16 के अंतर से आसानी से हरा दिया। दूसरा मैच रजनीकांत मऊ की जोड़ी ने अरबाज बड़हलगंज की जोड़ी को 30-21के अंतर से हरा दिया। तीसरा मैच रजनीकांत मऊ की जोड़ी ने अरबाज बड़हलगंज की जोड़ी को 30-21 से हराया। इसी तरह डबल्स में ही प्रशांत मऊ ने आलोक वर्मा गोला 30-20 के अंतर से हराया। संजय गोला ने इम्तियाज बड़हलगंज को 30-12 के अंतर से हराया। आरिफ गोला ने केशव बड़हलगंज को 30-20 के अंतर से हराया। जुनैद बड़हलगंज ने आमिर गोला को 30-14 के अंतर से हराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार खेल व खिलाड़ियों के लिए तमाम प्रोत्साहन योजनाएं संचालित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रोत्साहन के लिए संसाधन उपलब्ध करा रही है।

उन्होने बैडमिंटन क्लब के सदस्यों की मांग पर गोला कस्बे को जल्द इनडोर स्टेडियम बनाए जाने का आश्वासन दिया। जिससे यहां के खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने के लिए एक बेहतर मंच मिल सकेगा।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनीत राय, भाजपा नेता ऋषिकेश निषाद, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार हिंदुस्तानी, प्रवीण दूबे, पंकज गुप्ता, अनिरुद्ध कसौधन, पवन वर्मा, मनीष त्रिपाठी, प्रदीप जायसवाल समेत आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय गुप्ता, नौशाद अहमद, नीरज मौर्या,

तुषार वर्मा, आरिफ व विट्ठू सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब

## छह गिरफ्तार, 28 लैपटॉप समेत भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद



गोरखपुर। चिलुआताल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर की आड़ में विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने छापेमारी कर मौके से पांच युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। साथ ही बड़ी संख्या में लैपटॉप, हेडफोन, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि चिलुआताल थाना क्षेत्र स्थित एक तीन मंजिला मकान में अवैध रूप से कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है, जहां से विदेशियों को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर छह लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रूपेश सिंह, अभिषेक पाण्डेय, हर्ष आर्या, सूरज कुमार तिवारी, अश्वनी कुमार मौर्या एवं शलोनी यादव के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 28 लैपटॉप, 37 हेडफोन, दो राउटर, कई मोबाइल फोन, महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह ई-मेल के माध्यम से अमेरिका के नागरिकों का डेटा प्राप्त करता था। कॉल सेंटर में कार्यरत एजेंट खुद को जॉन, जॉर्ज, लेविस जैसे फर्जी नामों से परिचित कराते थे और बीमा, टैक्स रिफंड अथवा सरकारी सब्सिडी दिलाने का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

जब कोई विदेशी नागरिक उनकी बातों में आ जाता, तो कॉल को अमेरिका स्थित सहयोगी कंपनियों को फॉरवर्ड कर दिया जाता था, जहां ठगी की पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता था। ठगी से प्राप्त धनराशि का एक हिस्सा अभियुक्तों को दिया जाता था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रूपेश सिंह एवं अभिषेक पाण्डेय के खिलाफ पूर्व में भी लखनऊ के विभूतिखंड थाने में साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं। गिरोह के चार अन्य सदस्य फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस मामले में थाना चिलुआताल पर मुकदमा संख्या 36/26 धारा 319(2), 318(4), 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 66डी आईटी एक्ट के तहत दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बरामद डिजिटल साक्ष्यों, कॉल डाटा और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि गिरोह के तार अन्य राज्यों और विदेशों तक भी जुड़े हो सकते हैं।

# शिवपाल सिंह का सपा कार्यालय पर जोशो खरोश से मना जन्मदिन



इटावा। समाजवादी पार्टी के महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जसवंतनगर शिवपाल सिंह यादव का 71 वां जन्मदिन पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुज आर्यन यादव की उपस्थिति एवं सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व एवं वरिष्ठ सपा नेताओं, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उत्साह पूर्वक मौजूदगी में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई आर्यन यादव ने कहा शिवपाल यादव ने हमेशा हर वर्ग के लोगों की आवाज उठाई है और आगे भी उठाते रहेंगे। उन्होंने हमेशा लोगों की मदद की है। जिन संतो और हिंदुत्व के दम पर सत्ता में बीजेपी आई है अब उन्हीं साधु संतों के अपमान करने में लग गई है। यूपी में समाजवादी पार्टी की एक साइलेंट लहर चल रही है। यूपी की जनता अब बीजेपी से त्रस्त हो चुकी है और 2027 में समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार बनेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक यादव, प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, लाखन सिंह जाटव, आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा फरहान शकील, विक्की गुप्ता, बृजेन्द्र यादव, नम्रता दीक्षित, उमेश राजपूत डुल्ले, जिलाध्यक्ष छात्रसभा रवि यादव विधायक, प्रवीण कुशवाहा, नरेंद्र पाल धनगर, किशन यादव, जय सिंह यादव, सभासद अभिषेक त्रिपाठी, जयचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिवपाल सिंह के जन्मदिन पर भगवान को भोग लगाकर काटा केक



इटावा। पक्के तालाब पर गत दिवस पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर सपा नेता आशीष पटेल के संयोजन में भगवान जगन्नाथ को भोग लगाकर केक काटकर धार्मिक वातावरण भगवान जगन्नाथ के संकीर्तन में हर्षोलाश के साथ जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर गौर निताई परिवार पंडित मनु पुत्रदाश पांडेय ने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ के सम्मुख श्रद्धालु अपने नेताजी शिवपाल सिंह यादव का जन्म दिन मनाने जा रहे है। हम प्रभु से ये कामना करते ही कि जिस मनोभाव से ये लोग अपने नेताजी का जन्म दिन का आयोजन करने जा रहे है, वो अवश्य ही पूर्ण हो। भगवान जगन्नाथ के भोग एवं आप सभी श्रद्धालु लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था आशीष प्रभु एवं उनकी टीम ने की है। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सुनील यादव ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव जमीन से जुड़े हुए नेता है, उनको जनता की नब्ज की जानकारी रहती है। साथ ही वो बहुत ही सुलभ एवं सरल नेता है। आज उनके जन्म दिन के पूर्व दिवस पर हम सभी लोग भगवान जगन्नाथ से उनके दीघार्यु होने की। कामना करते है। संयोजक आशीष पटेल ने सभी लोगों विशेष रूप से गुरुजी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिवपाल सिंह जैसे बड़े कद के नेता की समीपता प्राप्त होना ही हम लोगो के लिए काफी है। उनसे कोई भी व्यक्ति आसानी से मिल सकता है। अपना सुख दुख व्यक्त कर सकता है, वो सुख दुख के साथी है। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ जी से प्रार्थना है कि वो उनको निरोगी रखे एवं उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। इस मौके पर सुरेश यादव, दीपक महाराज, सतेंद्र यादव, विमलेश यादव, धर्मवीर बिट्टू, आदित्य तिवारी एड, योगेश शर्मा, ध्रुव चतुवेर्दी, आशीष कोस्टा सहित सैकड़ों श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से यात्री की कटकर मौत

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गुजरी दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे कानपुर से दिल्ली को जा रही सुपरफास्ट नई दिल्ली सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से से रेल यात्री की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर बिखरे मृतक के शव अवशेषों को एकत्रित कर कब्जे में लिया और जमा तलाशी पर मृतक का एक पेनकार्ड मिला। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया, जिसमें अखिलेश कुमार (30 वर्ष) पुत्र रामौतार निवासी नगला खरगजीत, भोली थाना भरथना के रूप में मृतक के पिता स्वयं रामौतार सिंह यादव ने की। दुखी पिता रामौतार सिंह यादव ने बताया कि उनका बेटा अखिलेश किसी जरूरी कार्य से कानपुर गया था, बुधवार और गुरुवार की रात्रि वह कानपुर से आगरा जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन से भरथना रेलवे स्टेशन पर उतरा था और अंधेरा होने के कारण वह भोर होने तक स्टेशन पर ही रूक गया था, सुबह अखिलेश रेलवे लाइन के रास्ते गांव अपने घर के लिए निकल पड़ा, इसी बीच दौड़ती ट्रेन ने उनके बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। जबकि अखिलेश की मौत की खबर से पत्नी-बच्चे समेत परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयन्ती मनाई गई

भरथना, इटावा। राष्ट्र की सुरक्षा व सम्मान की खातिर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले माँ भारती के वीरसपूतों की बलिदानी का स्मरण करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। क्योंकि इन्हीं क्रान्तिकारियों की कुर्बानियों का परिणाम है कि आज हमारा देश व देशवासी सुरक्षित हैं। इसलिए राष्ट्रीय पर्वों, महापुरूषों की जयन्ती व पुण्यतिथि को बहुत ही गौरवान्वित होकर मनाना चाहिये। उक्त बात कस्बा के मुहल्ला बालूगंज स्थित शहीद पार्क पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित उनकी मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक राघवेन्द्र गौतम ने कही। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान आजाद हिन्द फौज के संस्थापक व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति का विधायक राघवेन्द्र गौतम, पूर्व मंत्री अशोक यादव, पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू ने कई समाजसेवियों के साथ मूर्ति अनावरण किया।

# नेताजी की जीवनी से युवाओं को लेनी चाहिए प्रेरणा

## युवाओं को यूथ आइकन अवार्ड से किया गया सम्मानित



गोरखपुर। न्यू जेन फाउंडेशन ने ग्रामीण मिनी स्टेडियम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार को हुए इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरन नैय्यर तथा चेयरमैन प्रीति उमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने और सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। डीएम दीपक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने न्यू जेन फाउंडेशन की टीम द्वारा युवाओं को जागरूक करने और एक अच्छा मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की।

डीएम ने फाउंडेशन के निदेशक मानस त्रिपाठी के कार्य को भी सराहनीय बताया। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने कहा कि आज का दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद करने का है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने परिसर में बच्चों द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा की और युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी, जिससे सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। श्री नैय्यर ने यह भी कहा कि जब पिता की पहचान बेटे की उपलब्धियों से होती है, तो यह माता-पिता के लिए गौरव की बात होती है। फाउंडेशन के निदेशक मानस त्रिपाठी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी जड़ों को पहचानना चाहिए और अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि डिग्री से ज्यादा सही दिशा महत्वपूर्ण है। त्रिपाठी ने कहा कि यदि युवाओं को एक अच्छा मंच मिल जाए, तो वे कुछ भी करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में अग्रणी 23 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

# एक-दूजे के हुए 228 जोड़े

जिला संवाददाता



**इटावा**। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम नुमाइश पंडाल में सम्पन्न कराया गया। लड़की के पिता के खाते में 60 हजार व 40 हजार सामान का अन्य सामान दिया गया। जिसमें कुल 228 जोड़ों की शादी करायी गयी, जिसमें से 6 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलिवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि सामूहिक विवाह में शादी करने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए बल्कि इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मंत्री, अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण सभी जोड़ो को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी की चिंताओं से मुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को अब अपनी बेटियों की शादी के लिए उधारी नहीं लेनी पड़ती, सरकार ने उनकी उधारी की चिंता को भी दूर किया है एवं सरकार स्वयं बेटियों की चिंता करती है इसलिए इस योजना के माध्यम से सामूहिक विवाह में शादी कराने का अवसर दिया। सदर विधायका सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहें आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। संचालन डॉ. निर्मल चन्द्र बाजपेई द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, महामंत्री शिवाकांत चैधरी, महामंत्री प्रशांत राव चैबे, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया शिवपाल सिंह का जन्मदिन

जसवंतनगर, इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन शुक्रवार को नगर में अलग-अलग स्थानों पर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। श्रीरामकृष्ण मैरिज होम तथा समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकताओं, समाजसेवियों और क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने विधायक शिवपाल सिंह यादव के चित्र पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उपस्थित लोगों को केक व मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को लगभग तीन सौ कंबल, शाल तथा समाजवादी पार्टी का अंगोछा, पूड़ी सब्जी वितरित कर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। जन्मदिन समारोह के दौरान समस्त पत्रकार साथियों का सम्मान भी किया गया, जिससे मीडिया जगत में सकारात्मक संदेश गया। अपने संबोधन में सुभाष गुप्ता ने विधायक शिवपाल सिंह यादव के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को नसीहत देते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ता गरीब, कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के सम्मान और सेवा को अपना लक्ष्य बना लें, तो समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- भदिला खानीपुर, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-23.01.2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्व साधारण ग्राम पंचायत-भदिला खानीपुर, विकासखंड मोतिगरपुर में राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 23.01.2026 से 31.01.2026 के अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक- 31.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सूर्यनाथ प्रजापति के घर से तालुकदार प्रजापति के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 4,87,200 रुपये। | जिगजैग ईंट, ईंट, बालू, सीमेंट व अन्य सामाग्री। |

**नोट- सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।**

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- भदिला खानीपुर, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी

इटावा। गुलाम देश में आजादी की चिंगारी फूंकने वाले सुभाष चंद्र बोस जी को नेताजी के नाम से जाना गया। उन्होंने जो नारा दिया था श्तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी देश के हर नागरिक व युवाओं के दिलों पर अंकित है। उक्त उद्गार जिला एनएसयूआई अध्यक्ष आसिफ जादरान ने नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर नुमाइश मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए।

# अवैध तस्करी का पर्दाफाश, तीन पकड़े गये



इटावा। प्रतिबंधित कफ सिरप की बिहार को तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में कफ सिरप, नकदी, परिवहन में प्रयुक्त आयशर कंटेनर, कार बरामद। एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

23 जनवरी को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भरथना चैराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि गौरापुरा में कंटेनर खड़ा है जिसमें कुछ प्रतिबन्धित पदार्थ लोड है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये गौरापुरा में जाकर देखा गया तो वहाँ कन्टेनर के पास खड़ी बिहार नम्बर की ग्रान्ड विटारा से 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि इस कन्टेनर मे जो कफ सीरप लोड है वह कफ सीरफ हमारी है तथा इस कन्टेनर को हम लोग बिहार ले जा रहे थे जो कि बिहार मे प्रतिबन्धित है लेकिन कन्टेनर के ड्राइवर ने कन्टेनर को बिहार ले जाते समय रास्ते से वापस लाकर यहां पर खडा कर दिया है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय की उपस्थिति में तलाशी कराई गई। जिसमें से 40,000 प्रतिबन्धित कफ सिरप की बोतल एवं अभियुक्तों के कब्जे से कुल 4,35,000 रुपए बरामद किये गये। पुलिस टीम में अमित मिश्रा थानाध्यक्ष फ्रेंडस कालोनी, उ.नि. भारत सिंह, उ.नि. सौरभ सिंह रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम विकास कुमार पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम व पोस्ट बेलामेघ थाना उजियारपुर जिला समस्तीपुर बिहार, सोनू कुमार पुत्र सुनील कुमार, निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुर बघेल थाना सधेई बुजुर्ग, जिला वैशाली बिहार, अरुण राय पुत्र चन्द्रदेव राय, निवासी ग्राम सलेमपुर, पोस्ट रामपुर बघेल, थाना सधेई बुजुर्ग, जिला वैशाली बिहार बताये।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सुचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–ऑक्शन** आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/ जोन | Lucknow-NR-Division- Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | **MPS-LKO** |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Lucknow Railway Station of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.01.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 09.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 09.02.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलीदातायो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **E- Auction Module of www.ireps.gov.in** |

254/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## किसानों का हुआ लॉटरी से चयन

लखीमपुर खीरी। ई-लाटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों हेतु कृषकों का चयन शुक्रवार को जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में प्रमोशन ऑफ एगीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ कॉप रेज्ड्द्ध एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एस.एम.ए.एम.) योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर यंत्र प्राप्त करने हेतु जारी टोकन के क्रम में 10000 से अधिक अनुदान वाले कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं कृषि यंत्रों हेतु 94 बुकिंग के सापेक्ष 24 लाभार्थियों का चयन किया गया। जिसमें जनपद स्तरीय समिति के जिला स्तरीय अधिकारी तथा कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उप कर्षि निदेशक गिरीश चंद ने बताया कि मौके पर लाभार्थी कृषक भी उपस्थित थे जिनके समक्ष ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन की कार्रवाई पूर्ण की गई। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खेती के लिए उपयोगी कृषि यंत्र जैसे, रोटावेटर, रिक्टेंगुलर बेलर( 18 -20 किग्रा प्रति बेल), कल्टीवेटर, सुपर सीडर आदि कृषि यंत्रों एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर के लाभार्थियों का चयन किया गया।

## एसएसबी के मुख्यालय पर मना बसंत पंचमी पर्व

पलियाकलां खीरी। माधब चन्द्र घोष, द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट), 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पलिया के निदेर्शानुसार वाहिनी मुख्यालय में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर वाहिनी के समस्त संदीक्षा सदस्यों द्वारा वाहिनी प्रांगण में स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई ।पूजा कार्यक्रम के दौरान ज्ञान, विद्या एवं कला की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई तथा सभी ने देश, बल एवं समाज के कल्याण की कामना की ।कार्यक्रम में वाहिनी में संचालित केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अध्यापकगण भी उपस्थित रहे ।छात्रों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बन गया ।बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर वाहिनी परिसर में सौहार्द, अनुशासन एवं सांस्कृतिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

## विधि विधान से की गयी होलिका की स्थापना

जौनपुर। बसन्त पंचमी के अवसर पर जिले में अनेक स्थानों पर होलिका की स्थापना विधि विधान से की गयी। विद्वान ब्राहमणों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ रेड का पेड़ लगाकर होलिका बनाई गयी। पौराणिक कथाओं के अनुसार हिरण्यकश्यप एक राक्षस राजा था जिसे अपनी शक्ति पर बहुत घमंड था. उसने ईश्वर के बजाय खुद को पूजने का आदेश दिया, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था, जिससे हिरण्यकश्यप बहुत क्रोधित हुआ. ।हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को अग्निदेव से यह वरदान मिला था कि वह आग में नहीं जलेगी. इसी वरदान का लाभ उठाने के लिए हिरण्यकश्यप ने होलिका को प्रह्लाद को लेकर चिता में बैठने का आदेश दिया।. अग्नि प्रवेश और चमत्काररू होलिका, प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठ गई. प्रह्लाद ने भगवान विष्णु का नाम जपना शुरू किया. ईश्वर की कृपा से आग की लपटों में होलिका जलकर भस्म हो गई, जबकि प्रह्लाद सुरक्षित बच गए।

# 25 को खुलेगा फरधान आरओबी फ्लाईओवर



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखीमपुर खीरी वासियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।एनएच-730 पर स्थित बहुप्रतीक्षित फरधान आरओबी फ्लाईओवर को 25 जनवरी को जनता के लिए खोलने की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके शुरू होते ही लखीमपुर से गोला आने-जाने वालों को जाम से निजात मिलेगी और सफर पहले से कहीं ज्यादा सुगम होगा।शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने फरधान आरओबी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।

- **सीडीओ अभिषेक कुमार की सख्ती से रफ्तार में फरधान आरओबी, 25 जनवरी को खुलेगा फ्लाईओवर**
- **सीडीओ का औचक निरीक्षण अधूरे कार्य पर जताई नाराजगी दो दिन का अल्टीमेटम**

निरीक्षण के दौरान अधूरे कार्य को लेकर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को दो दिन के भीतर शेष कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और तय समयसीमा में काम पूरा हर हाल में कराया जाए।सीडीओ ने बताया कि फ्लाईओवर के चालू हो जाने से फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। खासकर स्कूली वाहन, एंबुलेंस और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों का समय बचेगा। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों, रोड मार्किंग, लाइटिंग और अप्रोच रोड को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। फरधान आरओबी के शुरू होने से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार और आवागमन को भी नई रफ्तार मिलेगी। वर्षों से प्रतीक्षित इस फ्लाईओवर को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है और गणतंत्र दिवस से पहले इसे खुलवाने की प्रशासनिक पहल की सराहना की जा रही है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत हुई चौपाल



लखीमपुर खीरी। फूलबेहड़ ब्लाक फूलबेहड़ की न्याय पंचायत सर्वा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत को आर्डिनेटर रामपाल शाक्य 140 विधान सभा श्रीनगर ने चौपालो का आयोजन किया।

रामपाल शक्य ने मनरेगा मजदूरो को बताया कि मोदी सरकार २० वर्ष पुरानी मनरेगा योजना को समाप्त करना चाहती है। इससे पूरे देश के मजदूरो की रोजी चली जायेगी।कांग्रेस सरकार ने 100 दिन की रोजगार गारन्टी थी ।और हर वर्ष मजदूरी की बढ़रोत्तरी होती थी अब मोदीसाकार मजदूरो का निवाला छीन रही है। भाजपा सरकार हर स्तर से विफल रही। इस मोके पर लतीफ आजम अंसारी (पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल ने कहा अब योगी और मोदी सरकार के दिन लद गये है। जनता 2027 मे बदलाव चाहती है ।और नई सरकार बनाने का संकल्प कर रही है। इस मौके पर -मोहम्मद इरशाद ' साबिर अली ' अब्दुल, कबीर ' मोहम्मद अयूब ' अनीस वॉकर ' जैनुल ' नजर अली ' इजाज ' सोहेल ' शमशाद ' अकील शादाब 'आदि कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

## शिक्षण संस्थानों में श्रद्धा के साथ मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में गोला सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में समारोहपूर्वक मनाई गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में प्रधानाचार्य अनंत



प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने नेताजी के जीवनवृत्त एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। आशीष कुमार पांडे ने नेताजी के विराट व्यक्तित्व, त्याग और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार रखे। इस दौरान छात्र-छात्राओं के मध्य नेताजी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन स्काउट एवं क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वालंटियर तथा स्काउट्स व गाइड्स उपस्थित रहे। उधर डॉ. शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस स्थित कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मां सरस्वती पूजन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विद्या केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील और उत्तरदायी बनाती है। उन्होंने नेताजी के राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सह-प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, डॉ. आनंद कुमार पांडेय, गेस्ट फैकल्टी डॉ. राजकुमार, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित छात्र एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष जयंती पर छात्राएं सम्मानित



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे के एक लान में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह ने मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी देने के साथ ही उनके कानूनी अधिकारों से भी अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने पिता और भाइयों को नशा मुक्त रहने तथा बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष सुदीप निगम सिप्पू, धनंजय मिश्रा, जितेन्द्र दीक्षित, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ, प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय के नवीन शैक्षिक सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान नवीन सत्र की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा नए शैक्षिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने की घोषणा की गई।



कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरस्वती पूजन एवं हवन संपन्न कराया गया। विद्यार्थियों और आचार्यों ने विद्या, विवेक एवं सदाचार की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. त्रिभुवन नाथ परिवार ने कहा कि विद्या मंदिरों की शिक्षा परंपरा संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव से जुड़ी रही है। वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि ईश्वर दीन वर्मा ने कहा कि विद्यालय लगातार शैक्षिक उन्नयन की दिशा में कार्य कर रहा है। नए सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों को और सुदृढ़ किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों एवं सत्र 2026-27 की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से समय से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया। अंत में प्रसाद वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य, अभिभावक, विद्यार्थी एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री राजेन्द्र गिरि में श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया फाउंडर्स डे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में बसंत पंचमी के अवसर पर फाउंडर्स डे श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। इसी तिथि पर विद्यालय के नाम पर स्थापित स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि का जन्मदिवस भी मनाया जाता है। विद्यालय की स्थापना गोला के पूर्व विधायक स्वर्गीय अरविंद गिरि द्वारा अपने पिता की स्मृति में की गई थी। विद्यालय वर्तमान में अपने 15वें स्थापना वर्ष में प्रवेश कर चुका है। कार्यक्रम की शुरूआत हवन-पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि व मधुसूदन गिरि, विद्यालय प्रबंध निदेशक एवं गोला विधायक अमन गिरि, निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र सहित उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही स्व0 अरविंद गिरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रबंध निदेशक अमन गिरि ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके पिता द्वारा देखे गए सपनों को साकार करना उनका संकल्प है। उन्होंने विद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी व प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने भी स्वर्गीय अरविंद गिरि के व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। इस अवसर पर सुधार गिरि, वैष्णवी गोस्वामी, महेंद्र गिरि, अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि, विकास गिरि, अनुज गिरि, केके शुक्ल, विश्वनाथ सिंह, कौशल जायसवाल, राम गुलाम पाण्डेय, सुरेन्द्र शर्मा, पंकज यादव, विजय सिंह चैहान, राम प्रकाश अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण गुप्ता, गोपाल कृष्ण शुक्ल, सुरजन लाल वर्मा, अवधेश मिश्रा, जिंदगी साहनी, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, डॉ. बच्चू सिंह, विनय सिंह चैहान, विजय मिश्र, विमल वर्मा, वीरेंद्र भूषण, राजवीर सिंह, आनंद त्रिवेदी, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## हर्षो उल्लास से मनाया जायेगा यूपी दिवस, तैयारी पूर्ण



लखीमपुर खीरी। आइए आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम और लीजिए यूपी दिवस का आनंद। जी हां खीरी में इस बार उत्तर प्रदेश दिवस 2026 को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे होगा।

कार्यक्रम की शुरूआत राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश वर्मा करेंगे। शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने यूपी दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य पंडाल और विभागीय स्टालों की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। सीडीओ ने

- **आइए यूपी दिवस को बनाए महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सरकारी योजनाओं का होगा संगम**

स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टालों पर न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए, बल्कि पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ कर उनका भविष्य संवारा जाए। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सभी सरकारी विभागों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागीय अफसरों को अपने स्टालों पर तैनात देखा और कहा कि उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वाहन समय पर सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इस भव्य आयोजन में भाग लें। नगरवासियों की उपस्थिति से यूपी दिवस की शोभा और बढ़ जाएगी।

### लखीरा ब्रांड के उत्पाद रहेंगे आकर्षण का केंद्र

यूपी दिवस में स्वयं सहायता समूह लखीमपुर खीरी द्वारा तैयार लखीरा ब्रांड के उत्पादों के लिए विशेष स्टाल लगाए गए हैं। ये स्टाल न केवल ग्रामीण एवं स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि महिलाओं की मेहनत और हुनर को भी सम्मान देंगे।

## मुड़ा बुजुर्ग में अन्नपूर्णा भवन आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र बिजुआ की ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग में अन्नपूर्णा भवन आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास विधायक अमन गिरि द्वारा किया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण और शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं बेहतर रूप से मिल सकेंगी।

शिलान्यास कार्यक्रम में गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, बिजुआ मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा गंगा देवी, अभिषेक वाजपेई, जिला पंचायत सदस्य नीरज मौर्य, बाबू राम मौर्य, पूर्व प्रधान राजबहादुर मिश्र, ग्राम प्रधान राकेश पाण्डे, रमेश चंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## घायल गैंडा के बच्चे का सफलातपूर्वक किया गया इलाज





पलियाकलां खीरी। उपनिदेशक को क्षेत्रीय वन अधिकारी, बेलरायां द्वारा दूरभाष पर सूचित किया गया कि. मादा गैण्डा कल्पना का बच्चा को मुंह (थुथन) पर घाव का निशान है।

तत्काल अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय पशुचिकित्सक को मौके पर भेज कर घायल गैण्डा बच्चा का शरीरिक परीक्षण कर सूचित करने का निर्देश दिया तथा विभागीय पशुचिकित्सक द्वारा उक्त गैण्डा बच्चा को देखा गया और उसके घायल होने की पुष्टि की। तद्रुपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा पशुचिकित्सकों का एक पैनल गतित कर उसके इलाज हेतु उच्च स्तर से अनुमति मांगी गयी। उच्च स्तर से अनुमति प्राप्त होते ही 22.01.2026 को गठित विभागीय पशुचिकित्सकों के पैनल की सहायता से उप निदेशक, दुधया टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के मार्ग निर्देशन में घायल गैण्डा बच्चा को ट्रैकुलाइज कर सफलतापूर्वक इलाज कर छोड़ा गया। उक्त गैण्डा बच्चे के इलाज के दौरान जगदीश आर०, उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी, दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बेलरायां, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बेलरायां, डॉ० मुहम्मद तलहा, पशुचिकित्सक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, डॉ० दयाशंकर, पशुचिकित्सक, उप निदेशक, बफर जोन, दुधया टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी, दीपक वर्मा, पशुचिकित्सक, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, संदीप कुमार, फार्मासिस्ट, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी, रोहित रवि, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, विश्व प्रकृत्ति-निधि भारत, अपूर्व गुप्ता, बायोलोजिस्ट, विपिन सैनी, आउटरीच प्रोग्राम इन्चार्ज दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, महावत / चाराकटर व अन्य स्टाफ मौके पर उपस्थित रहे।

## विद्या निकेतन में मना बसंत पंचमी का पर्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर व आसपास क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। विद्यालय परिसरों में मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ विद्यार्थियों ने विद्या, विवेक और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञानदायिनी मां सरस्वती का पूजन एवं हवन आयोजित किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मां सरस्वती का अवतरण हुआ था, जिस कारण यह पर्व विद्यार्थियों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र का अनावरण, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हवन में आहुतियां दीं। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में निरंतर सफलता के लिए अनुशासन, परिश्रम और गुरु के मार्गदर्शन का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। हवन का संचालन अजय मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि., सीतापुर**

**पत्रांक- 92 /ई-टेण्डर नोटिस / 2025-26** **दिनांक- 14.01.2026**

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में 'ए' एवं 'बी' श्रेणी में साइनेज कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं (ठेकेदारों) से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें तथा निविदा में भाग लेने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण भी कर लें।

| क्र. सं. | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | महोली | नेरी सिधौली महमूदाबाद मार्ग के कि.मी.- 18 कठिना नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के साइनेज का कार्य। | 10.00 | 1.00 | 766.00 | 02 माह | ए. एवं बी. |
| 2 | महोली | बरेली सीतापुर बाईपास (महोली) के कि०मी०-03 में स्थित चड़रा पुल एवं एप्रोच के सुरक्षा सम्बन्धी साइनेज का कार्य । | 12.70 | 1.27 | 766.00 | 02 माह | ए, एवं बी, |
| 3 | हरगाँव | महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग (एस०एच०-140) के कि0मी0-29 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के साइनेज का कार्य। | 9.50 | 0.95 | 766.00 | 02 माह | ए. एवं बी, |
| 4 | हरगाँव | हरगांव दतेली पिपरझला मार्ग के कि0मी0-10 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के साइनेज का कार्य। | 9.80 | 0.98 | 766.00 | 02 माह | ए. एवं बी. |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.01.2026 से 05.02.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.02.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 05.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 राघवेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4,लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-244395 Date: 22.01.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## नेता जी की जयंती पर प्रयास ने किया वस्त्र वितरण

आजमगढ़। आजादी के जननायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती प्रयास सामाजिक संगठन के बैनर तले नगर के बेलइसा मंडी पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नेता जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों में वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह व संचालन आदित्य आजमी ने किया। आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग इन्हें प्यार से नेताजी भी कहकर पुकारते थे। 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस को साहस, देश भक्ति और त्याग के मिसाल के तौर पर भी जाना जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर ली थी लेकिन फिर भी इन्होंने अंग्रेजी सरकार के लिए काम करने से मना कर दिया था। उन्होंने अपने जीवन को आजादी की लड़ाई में न्यौछावर कर दिया। कोषाध्यक्ष शम्भु दयाल सोनकर ने कहा कि देश को आजाद हिन्द फौज की स्थापना नेताजी ने अंग्रेजो से देश को आजाद कराने के लिए किया था। उनके जीवन के आदर्श पाठ को पढ़कर आत्मसात कर नये भारत के सृजन में अपना योगदान देने की आवश्यकता है। उनके योगदान को देशवासी कभी भूला नहीं सकते है। इस अवसर पर संजीव राय, इंजी सुनील यादव, अमित यादव, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## लापता आटो चालक का मिला शव, मची सनसनी

आजमगढ़। जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शेखपुरा निवासी सुबोध सिंह (41) पुत्र शैलेंद्र सिंह का शव शुक्रवार सुबह मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवा गांव के पास मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मुबारकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक की पहचान सुबोध कुमार सिंह के रूप में की। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे, जिनमें से एक भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। परिजनों के अनुसार, सुबोध सिंह ऑटो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह 21 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद तीन दिन पूर्व अतरौलिया थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार सुबह शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## आरोपी लकी और इमरान पर इनाम घोषित

मीरजापुर। नगर के चर्चित जिमों में फिटनेस की आड़ में धर्मांतरण और यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद धड़ाधड़ गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस आरोपी लकी और इमरान पर इनाम घोषित कर उनके धड़पकड़ में तेजी से जुड़ गई है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। शुरूवाती जांच में 50 लड़कियों के मिले वीडियो के आधार पर पुलिस कार्रवाई की गति तेज करते हुए लगातार आगे बढ़ रही है। बताया गया है कि आरोपित जिमों में हिंदू लड़कियों के धर्मांतरण का खेल चल रहा था। आरोप है कि ङ्म्रह्म 1, 2, 3 और बी फिट जिम में चलता आ रहा था धर्मांतरण और यौन शोषण का गंदा खेल। इस मामले में यूपी पुलिस का एक सिपाही समेत 6 आरोपी पहले ही किए जा चुके हैं अरेस्ट। पुलिस के मुताबिक सिंडिकेट के लोग व्हॉट्सऐप से बातचीत करते थे।

# जयंती पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को किया गया याद



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में शुक्रवार को मां भारती के वीर सपूत आजाद हिंद फौज के संस्थापक व महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वी जयंती धूमधाम से मनाई गई।आयोजित गोष्ठी में अधिवक्ताओं ने नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्त्व को याद करते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने का संकल्प लिया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उनकी वीरता, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की। नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के माध्यम से भारतीय सैनिकों को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा तैयार किया। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं।

महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन और कार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी शिक्षा कोलकाता और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पूरी की। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा तैयार किया। सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और श्चलो दिल्लीश का नारा दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव, महेंद्र प्रसाद यादव,शिवपूजन सिंह, राम गुल्ली यादव, सतपाल यादव, नवीन पाण्डेय, टीटू गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, कामता प्रसाद, बीपी सिंह, शांति वर्मा आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया बसंतोत्सव

जिला संवाददाता(vol)

रेणुकूट/सोनभद्र। विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी के पावन अवसर परहिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, हिण्डाल्कोप्राइमरी स्कूल यूनिट-2, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-3 रेणुकूट में बसंतोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा,भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्सव के रंग मेंरंगा रहा।

आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के विधिवत पूजन से हुआ,जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानंद शुक्ल एवं उप-प्रधानाचार्य विजय भगवत पाटिल नेकिया। वहीं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या स्मिता शाही, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूलयूनिट-2 में प्रधानाचार्या ऋतु भारद्वाज तथा हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-3 तनुश्री दत्तापॉल ने मां शारदे की विधिवत पूजा अर्चना कर देवी मां शारदे को पुष्पांजलि अर्पित की वहीं इस अवसरपर अन्य सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देवी मां को माला पहना कर एवं भोग के साथ उनकी आराधनाकी।

पूजन के उपरांत वातावरण को भक्तिमय बनाने हेतु सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसकेपश्चात विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक उन्नयन तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथसामूहिक हवन एवं प्रार्थना संपन्न हुई। सभी ने माँ सरस्वती से सद्बुद्धि, ज्ञान और सन्मार्ग की प्रेरणा प्रदानकरने की प्रार्थना की।इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय बालसंसद के सदस्यों एवं छात्र प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिताकी।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ हुआ। विद्यार्थियों के चेहरों पर श्रद्धा, अनुशासन एवंउत्साह का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था।इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं हिण्डाल्को स्कूल्सके प्रबंधक अजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना की एवं अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनोंसे विद्यार्थियों में संस्कार, संस्कृति एवं ज्ञान के प्रति आस्था सुदृढ़ होती है।

## धार्मिक स्वाभिमान को बचाने की जरूरतः स्वामी चक्रपाणि



जौनपुर। हिन्दू सभा, सन्त महासभा एवं चित्रगुप्त भगवान अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने कहा है कि आज धार्मिक स्वाभिमान को बचाने की जरूरत है।

सनातन परम्पराओं में व्यवधान डाला जा रहा है। इसका डटकर मुकाबला करना चाहिए तभी हिन्दू समाज के समाज के अस्तित्व की रक्षा हो सकती है। वे शीतला धाम चैकिया में तीन दिनी श्रृंगार महोत्सव का शुभारंभ करने के पश्चात शुक्रवार को नगर के रूहट्टा में स्थित चित्रगुप्त मन्दिर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवसर महत्वपूर्ण है। बसन्त पंचमी है। स्वामी विवेकानन्द एवं नेताजी सुभाष चन्द की जयन्ती भी है। उनका देश को बचाने में महत्वपूर्ण योरदान रहा है। ऐसे अवसर पर देश के दोनो वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर उनके आदर्श को जीवन में उतारना चाहिए। कुभ मेला में खलल डाला जा रहा है। आस्थाओं पर चोट पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। गरीबों की सेवा सेवा और देश के सेवा में अपने जान गंवाने वालों का मोक्ष मिलता है और वे अमर हो जाते है। कम्युनिस्टवादी हिन्दू परंपराओं पर चोट पहुंचा रहे है ऐसा त्रेता युग में भी हुआ था। ऋषियों के यज्ञ पूजन में व्यवधान डाला जाता था तब राम चन्द्र जी ने राक्षसों का संहार किया थे। आस्था पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं करना चाहिए उसका सामना करना चाहिए परिणाम कुछ भी हो। स्वामी जी ने कहा कि देश में चरित्र की पूजा होती है चित्र की नहीं। हम सप्त ऋषियों की संतान है सभी के गोत्र ऋषियों के है। युवा वग चरित्र को मजबूती को प्रदान करें और राष्ट्र की रक्षा में आगे आये। उन्होने राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया को इस अवसर पर चित्रगुप्त भगवान अखाड़ा परिषद का प्रदेश संयोजक घोषित किया। इसके पूर्व हिन्दू महासभा एवं चित्रगुप्त सभा के सैकड़ों लोगों ने उन्का शहर में जगह जगह स्वागत कर फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ,विष्णुप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ0 उमाकांत श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

## शादी के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस ने शादी के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आदमपुर मोड़ के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 32,500 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में कौड़िया थाना शाहगंज निवासी ब्रजेश कुमार गौतम, खुहौरा थाना सराय ख्वाजा निवासी आशु गौतम, मीरपुर थाना जलालपुर आंबेडकरनगर निवासी रुक्सार और मियापुर थाना लाइन बाजार निवासी काजल शामिल हैं। इस गिरोह ने संभल निवासी एक युवक विनोद कुमार को फर्जी दुल्हन का झांसा देकर लाखों रुपए ऐंठे थे। यह गिरोह अविवाहित पुरुषों के मोबाइल नंबर हासिल करता था। फिर उनसे फोन पर संपर्क कर शादी का प्रस्ताव देता था। इसके लिए वे अपनी ही सहयोगी लड़कियों की तस्वीरें भेजते थे और उन्हें शादी के लिए बुलाते थे। शादी के नाम पर खरीदारी और अन्य खर्चों के बहाने पैसे ऐंठे जाते थे।मामले के अनुसार, गिरोह को संभल के टंकी मोहल्ला, थाना घिन्नौर कोतवाली निवासी विनोद कुमार पुत्र गजराम के बारे में जानकारी मिली, जो शादी के लिए लड़की की तलाश कर रहे थे गिरोह ने उनके साले, जिनकी ससुराल बहाउद्दीनपुर, थाना सराय ख्वाजा, जौनपुर में है, के माध्यम से विनोद से संपर्क साधा इसके बाद, गिरोह ने अपने सहयोगी नेहा की तस्वीर भेजकर विनोद को शादी के लिए मल्हनी बाजार बुलाया। वहां गिरोह के सदस्यों ने विनोद से शादी की खरीदारी और अन्य खर्चों के नाम पर पैसे मांगे। विनोद ने बताया कि उनका भाई पैसे भेजेगा। गिरोह विनोद को जन सेवा केंद्र ले गया, जहां स्कैनर के माध्यम से विनोद ने अपने भाइयों से पैसे मंगवाए पैसे मिलने के बाद, गिरोह ने वह रकम आपस में बांट ली और कुछ सामान खरीदे। इसके बाद नेहा और विनोद को मल्हनी के एक मंदिर में ले जाकर उनकी झूठी शादी करवाई गई। शादी के बाद फर्जी दुल्हन फरार हो गई थी शादी के बाद, जब वे विनोद को ट्रेन पकड़वाने के लिए जौनपुर स्टेशन जा रहे थे, तो रास्ते में कुत्तूपुर के पास विनोद को पानी लेने के लिए भेजा गया। विनोद के जाते ही गिरोह नेहा को लेकर वहां से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि विनोद से मिली रकम उन्होंने खर्च कर दी थी।उसके पास से 32,500 रुपये बरामद हुए हैं, जबकि शेष पैसे सचिन और नेहा के पास होने की बात कही गई है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले भी छतरपुर, अंबेडकर नगर और जौनपुर सहित कई स्थानों पर ऐसी कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

## सोन संगीत फाउंडेशन की ओर से रामसरोवर पार्क में हुआ सरस्वती पूजन

सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा के सौजन्य से राम सरोवर पार्क रावट्र्सगंज में वसंत पंचमी के अवसर पर साहित्य संगीत की अधिष्ठात्री देवी शारदे का भव्य दीव्य पूजन शुक्रवार सुबह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी एड ने वैदिक मंत्रोंचार के बीच पूजन अर्चन कर माँ से जनकल्याण की कामना की। वाणी पुत्र प्रदुम्न त्रिपाठी एड ने, सबके घर खुशियों से भर, माँ सपनों को दे दे पर, शब्द पुष्प अर्पित करते हैं, हम सब पर कर दे एक नजर सुना कर लोकमंगल की कामना की।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग शिविर में दिव्यांगों को मिली नई आशा

रेणुकूट/सोनभद्र। मानव सेवा को समर्पित रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा अध्यक्ष रो. सुनील कांत पांडेय के आह्वान पर तथा रो. डॉ. नीलम त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में, रो. संजय रूंथला एवं रो. डॉ. प्रेमलता के विशेष प्रयासों से निःशुल्क कृत्रिम अंग परीक्षण एवं वितरण शिविर का भव्य आयोजन रोटरी बाल शिक्षा निकेतन, मुर्धवा, रेणुकूट में किया गया। शिविर का आयोजन रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज, भगवान महावीर विकलांग केंद्र ,हिंडाल्को, ग्रासिम एवं बिड़ला कार्बन सीएसआर के सहयोग से किया गया, जिसमें इनर व्हील, परोपकार सेवा समिति का भी संयुक्त रूप से सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब रेणुकूट के अध्यक्ष रो. सुनील कांत पांडेय एवं रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज के रो. डॉ. राजेश द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक एवं प्रेरणादायक पहल बताया।शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे, जो आशा एवं आत्मनिर्भरता की उम्मीद लेकर आए थे। विशेषज्ञों की टीम द्वारा सभी दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंगों के लिए माप लिया गया। 65 चयनित दिव्यांगजनों को 25 जनवरी को रोटरी बाल शिक्षा निकेतन मूर्धवा, रेणुकूट में कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे पुनः सामान्य एवं आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

## धूमधाम से मनी आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। नारघाट स्थित शहीद उद्यान में गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) सोहन श्रीमाली उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व जैसे ओजस्वी नारे के माध्यम से नेताजी ने देश के युवाओं में आजादी के प्रति अदम्य साहस और आत्मबल का संचार किया। उनका राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व क्षमता और साहस आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली ने कहा कि नेताजी का जीवन हमें निस्वार्थ सेवा, त्याग और स्वाभिमान के साथ राष्ट्र के लिए कार्य करने की सीख देता है। नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान विचारक भी थे, जिनके आदर्श आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गए हैं। नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नेताजी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक अर्जुन सोनकर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य होता है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और नेताजी अमर रहें के नारों के साथ हुआ।

# अंतर्जनपदीय मार्ग हुआ जर्जर




जिला संवाददाता(vol)

लालगंज, मीरजापुर। क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर दौड़ रहे मालवाहक ट्रकों ने एव डंम्फर लालगंजझ्रहाटा अंतर्जनपदीय मार्ग की हालत बिगाड़ दी है।

बरडिहा गांव के सामने शुक्रवार को इसी नाराजगी ने उग्र रूप ले लिया। जब सड़क टूटने और लगातार हो रही परेशानी से तंग ग्रामीणों ने ओवरलोड ट्रकों को रोककर विरोध जताया। कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरातफरी और तनाव की स्थिति बन गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित इस सड़क की भार क्षमता दस टन निर्धारित है, जबकि प्रयागराज की ओर से कोरांवझ्रहाटा मार्ग होते हुए साठ से सत्तर टन तक लदे ट्रक बेरोकटोक गुजर रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है और गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे ग्रामीणों के साथ ही राहगीरों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से समस्या बने रहने और बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों का धैर्य टूट गया। दिनेश मिश्र, सुभाष मिश्रा, नारायण मिश्रा, अंबुज, इंद्रमणि पांडेय, शारदा यादव, लालजी कोल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और ओवरलोड वाहनों को रोक दिया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि सड़क की क्षमता के अनुरूप ही वाहनों का संचालन कराया जाए, अन्यथा दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की बात सुनी।

पुलिस ने भरोसा दिलाया कि अंतर्जनपदीय मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाएगी। मार्ग की नियमित निगरानी की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की अधिशासी अभियंता पूजा रानी ने बताया कि यह सड़क ग्रामीण आवागमन को ध्यान में रखकर बनाई गई है और भारी वाहनों के संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है। ओवरलोड ट्रकों को लेकर पुलिस विभाग को पत्र भेजा जा रहा है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## महान राष्ट्रवादी और स्वतंत्रता सेनानी थे नेता जीः कुन्दन

आजमगढ़। नेहा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पांडेय सरस ने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद कर



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नगर के सिविल लाइंन स्थित कार्यालय पर मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि कवि एवं समाजसेवी पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी सेना आजाद हिंद फौज का आजादी की लड़ाई में अविस्मरणीय योगदान है। वे भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। अध्यक्षीय संबोधन में कवि और साहित्यकार संजय कुमार नेताजी ने अंग्रेजी शासन को भयभीत कर दिया था, आजादी के महानायक के रूप में उनकी कीर्ति अमर है। संस्था के प्रबंधक रवि कुमार जायसवाल ने कहाकि नेताजी के विचार विश्वव्यापी थे। नेता जी एक महान भारतीय राष्ट्रवादी और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और दिल्ली चलो जैसे नारों से देश को प्रेरित किया, आजाद हिंद फौज का गठन किया और अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए संघर्ष किया, जिससे वे नेताजी के रूप में पूजनीय बन गए। अंत में दीपक जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

## अधिवक्ता सहित दो लोग मांझे से घायल

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे पर रोक नहीं लग पाया है यह तब स्पष्ट हो पाया जब शुक्रवार को सद्भावना पुल के निकट अलग-अलग घटनाओं में एक अधिवक्ता और अस्पताल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम बिक रहे इस खतरनाक मांझे ने लोगों की चिंता और दहशत बढ़ा दी है। बताते है कि भंडारी निवासी करीब 60 वर्षीय अधिवक्ता हरिश्चंद्र अपनी बाइक से न्यायालय जा रहे थे। जैसे ही वे सद्भावना पुल पार कर जोगियापुर की ओर बढ़े, अचानक उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया। मांझा लगते ही उनका गला कट गया और वे सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों व अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि गला कम कटने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दूसरी घटना भी उसी स्थान पर घटी। जिला अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर लौट रहे सुनील कुमार सिंह जब सद्भावना पुल पर पहुंचे, तो उनके चेहरे पर चाइनीज मांझा तेजी से लिपट गया। मांझे की धार से उनका चेहरा कट गया और वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। सुनील के चेहरे और गले पर गहरे निशान बन गए।लगातार हो रही इन घटनाओं से आम लोगों में भारी आक्रोश और भय देखा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा चाइनीज मांझे पर रोक लगाने की तमाम कवायद सफल नहीं हो पा नहीं रहा है।

## माई धाम के भव्य श्रृंगार महोत्सव का शुभारंभ

जौनपुर। माता शीतला चौकियां माई धाम श्रृंगार महोत्सव का उदघाटन शुक्रवार को स्वामी चक्रपाणि महराज राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदू महासभा संत महासभा श्री चित्रगुप्त अखाड़ा परिषद ने दीप्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा है आज सिद्धपीठ माता शीतला चौकियां धाम आकर धन्य हो गया माता शीतला मन को शीतल रखती हैं और इनके दर्शन से हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। इसके पूर्व स्वामी के चौकियां धाम पहुंचने पर महंत विवेकानंद विवेक के नेतृत्व



में जोरदार स्वागत अभिनंदन करते हुए माता शीतला जी की प्रतिमा भेंट किया गया। उक्त अवसर पर आशीष मिश्रा, राममोहन सिंह रिटायर्ड आई पी एस, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट संयोजक, विकाश पड़ा अध्यक्ष, आशीष माली भजन संध्या प्रभारी, चंद्रदेव पांडा, सुजीत पडा, सोनू पंडा विजय पंडा, विजय पंडा उपाध्यक्ष, अंश पंडा आदि मौजूद रहे। पूरे माता शीतला चैकियां धाम की भव्य श्रृंगार सजावट किया गया था मंदिर के माता काली माता, भैरव बाबा मंदिर, सत्यनारायण मंदिर हनुमान मंदिर में भी भव्य श्रृंगार सजावट किया गया है सुबह से ही हजारों भक्तों ने मत्था टेका और दर्शन पूजन किया। आज शाम को कलाकार राकेश तिवारी अवधेश पाठक मधुर लाडो मध्यदेशीया, स्वेता प्रियांशी, मुटनदास दादा की कार्यक्रम सहित अनेक झांकी प्रस्तुत किया।

## आजमगढ़ में शुरू हुई पुलिस सतर्क मित्र वाट्सअप बोट सेवा

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शुरू की गई पुलिस सतर्क मित्र वाट्सअप बोट सेवा अब और जिलों में विस्तार पा रही है। वाराणसी रेंज के जौनपुर, गाजीपुर और चंदौली जनपदों में सफल संचालन के बाद यह सेवा 23 जनवरी से जनपद आजमगढ़ में भी शुरू कर दी गई है। पुलिस सतर्क मित्र वाट्सअप-आधारित ऑटोमेटेड चैटबोट है, जिसके माध्यम से आम नागरिक गोपनीय और सुरक्षित तरीके से अपराधों और अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दे सकते हैं। इसके लिए किसी अलग ऐप की आवश्यकता नहीं है, 7839860411 नंबर पर संदेश भेजना होता है। सेवा का उपयोग बेहद सरल है। नागरिक वाट्सअप पर हाय भेजकर बातचीत शुरू कर सकते हैं, इसके बाद बोट भाषा चयन कराता है और क्रमशः घटना का प्रकार, स्थान, समय जैसी जानकारियाँ पूछता है। जरूरत पड़ने पर फोटो, वीडियो, ऑडियो या सीसीटीवी फुटेज भी साझा की जा सकती है। प्राप्त सूचनाओं की जांच पुलिस अधिकारी करते हैं और आवश्यक कार्रवाई की जाती है, जिसकी स्वचालित फीडबैक सूचना देने वाले को भी मिलती है। इस बोट के जरिए गौ-तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा, महिला व बाल अपराध, मानव तस्करी, पुलिस भ्रष्टाचार, अवैध खनन सहित कई गंभीर मामलों की सूचना दी जा सकती है। सबसे खास बात यह है कि सूचना देने वाले की पहचान और मोबाइल नंबर पुलिस को दिखाई नहीं देते, जिससे लोग बिना किसी डर के अपने आसपास की अवैध गतिविधियों की जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ह्यपुलिस सतर्क मित्रह्ल का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच सुरक्षित संवाद स्थापित करना और तकनीक के माध्यम से अपराध पर तेज और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया ने ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कहा, पुलिस सतर्क मित्र वाट्सअप बोट उत्तर प्रदेश पुलिस की एक तकनीक-आधारित और जनहितकारी पहल है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को बिना भय और बिना पहचान उजागर किए अपराध व अवैध गतिविधियों की सूचना देने का सुरक्षित मंच उपलब्ध कराना है। वाराणसी रेंज में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिसके बाद इसे आजमगढ़ जनपद में भी लागू किया गया है। हमें विश्वास है कि इस माध्यम से जनता और पुलिस के बीच विश्वास मजबूत होगा और अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सूचना देने वाले की गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी और प्रत्येक प्राप्त सूचना पर गंभीरता से जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह व्यवस्था अपराधियों के लिए चेतावनी और आम नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच साबित होगी।

## नेताजी की जयंती पर निकला बाइक जुलूस

जौनपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर काकोरी-ऐक्शन शताब्दी वर्ष आयोजन समिति जौनपुर की ओर से बाईक जुलूस व जन सभा का आयोजन किया गया। जुलूस की शुरूआत सिंगरामऊ से की गई, जो कुशहां, बटाऊबीर, बदलापुर, कलिंजरा होते हुए तेजीबाजार तक गया। दूसरा बाइक जुलूस सराय पड़री से शुरू करके गद्दोपुर, महराजगंज, लोहिंदा होते हुए तेजीबाजार तक गया। दोनों बाइक जूलूसों के पहुंचने के बाद तेजीबाजार मेंनेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष जन सभा हुई। जिसमें काफी संख्या में छात्र नौजवानों ने भाग लिया। जन सभा शुरू होने के पहले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण किए। इस अवसर पर राष्ट्रवादी नौजवान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि आजादी आंदोलन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन कठिन संघर्षों से भरा रहा। वे बचपन में अपने घर के पास रास्ते में रोजाना एक बूढ़ी मां को भीख मांगते देखकर द्रवित जाते और अपने स्कूल का टिफिन प्रतिदिन दे देते और सोचा करते कि कब हमारे समाज से इस तरह की गैर बराबरी खत्म होगी। कहा कि महंगाई चरम पर है। शिक्षा व रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं। समाज में नैतिक पतन व गुण्डागर्दी व्याप्त है। साम्प्रदायिकता व धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है। लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। इस तरह शोषण व अन्याय पर आधारित व्यवस्था कायम है और चंद पूंजीपति देश के मालिक बन बैठे हैं। परिणामस्वरुप आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है। इसलिए आज समय की मांग है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन संघर्षों से सीख लेकर उनके क्रांतिकारी विचारों के आधार पर लोगों को संगठित करें और जन समस्याओं के खिलाफ संघर्ष तेज करें।

## डीएम ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय का जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने गुरुवार को एसआईआर के कार्यों का औचक निरीक्षण किया और अहम जानकारियां लिया।डीएम ने ब्लॉक मुख्यायल पर पहुंच कर एसआईआर के चल रहे कार्यो को देखा।उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल से ब्लॉक में 2003 का डाक्यूमेंट नही देने वाले लोगो की जानकारी लिया।खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक में लगभग 500 लोगों को डाक्यूमेंट नही देने पर नोटिस जारी किया गया था।डीएम ने ब्लॉक पर नोटिस मिंलने के बाद ब्लॉक मुख्यालय पर डाक्यूमेंट के साथ आये दर्जन भर लोगों का मैपिग करवाया।डीएम ने ब्लॉक में एसआईआर के लिए बनाए गए पांचों ईआरओ एहतेशामूल हक,नीरज जायसवाल,सुनील कुमार गुप्ता,ऋत्विक श्रीवास्तव, अंशुल त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिया।उन्होंने ब्लॉक के गोपीपुर की बीएलओ नीलम चैबे को उत्कृष्ट कार्य के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर सम्मानित किया।

संक्षेप

## पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

देवरिय। पुलिस लाइन देवरिया स्थित प्रेक्षागृह में शुक्रवार को ह्यह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्लह्ल राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम ( 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 ) के तहत विशेष किशोर पुलिस इकाई ( एसजेपीयू ) की जनवरी माह की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई आनन्द कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी ने किया।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाल विवाह उन्मूलन एक सामाजिक दायित्व है और इसमें सभी विभागों व नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस विभाग पुलिस अधिकारी नियमित आयोजित करें तथा लोगों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाएं।

# बरगद मंथन में उद्यमिता, निवेश और मूल्यों पर हुआ गहन विमर्श

**देवरिया।** जागृति उद्यम केंद्रह्णपूर्वांचल की ओर से कौन बनेगा बरगद पहल के तहत आयोजित दो दिवसीय ह्यबरगद मंथनह्ल कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए उद्यमी, मेंटर्स, निवेशक और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए।

बृहस्पतिवार को बरपार स्थित बरगद सभागार में कार्यक्रम की शुरूआत बरगदवाणी सत्र से हुआ ।कार्यक्रम का संदर्भ स्थापित करते हुए जागृति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशुतोष कुमार ने कौन बनेगा बरगद की परिकल्पना से लेकर आज के बरगद मंथन तक की यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि बरगद मंथन, कौन बनेगा बरगद की चयन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है, जहां उद्यमियों की तैयारी, सोच और व्यावसायिक समझ को परखा जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से ऐसे उद्यमियों की पहचान की जाएगी, जो आगे चलकर बड़े और टिकाऊ उद्यम के रूप में विकसित हो सकें। जागृति के चेयरमैन शरत बंसल ने अपने संबोधन में उद्यमिता के मूल सिद्धांतों, मजबूत व्यावसायिक आधार

- देश के विभिन्न हिस्सों से आए उद्यमी

और अनुशासित सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागृति का उद्देश्य अल्पकालिक सफलता नहीं, बल्कि ऐसे उद्यमों का निर्माण है जो समय के साथ टिके रहें और समाज में सकारात्मक प्रभाव छोड़ें। जागृति के वाइस चेयरमैन अश्विन नायक ने उद्यमिता में मानवीय मूल्यों, नेतृत्व और कल्याण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन ह्यबरगद विमर्शह्ल सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उद्यमिता, वित्त, रणनीति, स्थिरता और ग्रामीण नवाचार से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने उद्यमियों को दीर्घकालिक दृष्टि, वित्तीय अनुशासन और बाजार की समझ विकसित करने पर बल दिया। जागृति के संस्थापक शशांक मणि ने कहा कि जैसे एक छोटा बीज समय के साथ विशाल बरगद बनता है, वैसे ही जागृति का प्रयास स्थानीय उद्यमियों को मजबूत जड़ों, धैर्य और दृष्टि के साथ बड़ा बनाने का है। ह्यबरगद मंथनह्ल और ह्यकौन बनेगा बरगदह्ल के माध्यम से हम उद्यमिता की उस बरगद क्रांति की नींव रख रहे हैं, जो गांवों और छोटे शहरों से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था को नया आकार देगी ।कार्यक्रम का समापन जागृति उद्यम केंद्रह्णपूर्वांचल के इन्क्यूबेशन डायरेक्टर विश्वास पांडेय के संबोधन के साथ हुआ।

## शिक्षण संस्थानों में सरस्वती का पूजन एवं नेता जी सुभाष चंद्रबोस की जयन्ती का हुआ अयोजन

जिला संवाददाता

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय नगर एवं क्षेत्र में मां सरस्वती पूजन एवं सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुभाष इण्टर मीडिएट कॉलेज के प्राँगण में बैदिक मंत्रोचारण एवं पूजन अर्चन के साथ मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न हुई इसके उपरांत नेता जी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण किया।

जिस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार गुप्ता ने नेता जी सुभाषचंद्र बोस की देश के प्रति सच्ची देशभक्ति की गाथा भी छात्र छात्राओं को बताई ।इसी क्रम में सिद्धेश्वर शीतल देव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा के प्राँगण में कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूजा अर्चना के उपरान्त छात्र छात्राओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जिस दौरान पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहइसी क्रम में नगर के बहादुर यादव पीजी कॉलेज में प्रबंधक एवं संस्थापक कैप्टन जयराम यादव द्वारा विद्यालय में मां सरस्वती की पूजन अर्चन कराते प्रसाद वितरण के उपरांत छात्राओं के बीच संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।इसी क्रम में के के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी प्रबंधक बी के श्रीवास्तव एवं कार्यकारणी निदेशक अजय कुमार वर्मा द्वारा छात्र छात्राओं के बीच विद्यालय के प्राँगण में सरस्वती पूजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में बहादुर यादव महिला पी जी कॉलेज में प्रबंधक अजय कुमार यादव एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती पूजन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इसी क्रम में सेंट जेवियर्स स्कूल हरिकीर्तन मोहल्ला में प्रबंधक जयन्त कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के प्राँगण में हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न हुई।

## ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा दिया नेताजी नेः पवन मिश्र

**देवरिया** । नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने मालवीय रोड स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया ।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा जैसे जोशीले नारो से भारतवासियों को जागृत कर ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा दिया, आजादी के लड़ाई के बहादुर सिपाही नेताजी की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है ।उन्होंने कहा नेताजी की जीवनी और कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है ।अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि माँ भारती के वीर सपूत, महान देशभक्त एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को भारतवासी युगों-युगों तक याद रखेंगे ।इस अवसर पर मुख्य रूप से पुनीत सिंह अमेठीया, रत्नेश्वर गर्ग, डॉ विनोद पाण्डेय, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, प्रिन्स सिंह, गोलू सिंह, सूरज मिश्र उपस्थित रहे।

## कवि,साहित्यकार विनोद कुमार और ज्वाला पांडेय का निधन : शोकसभा आज

**देवरिया** ।नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया के तत्वावधान में 24 जनवरी को प्रख्यात लेखक, कवि, साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल एवं ग्राम भड़सरा ( बरहज ) देवरिया निवासी विद्वान साहित्यकार 108 वर्षीय पं0 ज्वाला प्रसाद पाण्डेय ₹अनल₹ जी के निधन पर शोक सभा आयोजित हुई ।इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने पाण्डेय जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा स्व. ज्वाला प्रसाद पाण्डेय अनल जी कवि, साहित्यकार, अध्यापक और ज्योतिषी के रूप में विख्यात रहे। नागरी प्रचारिणी सभा की कार्य समिति ने आज से तीन वर्ष पूर्व उनके घर जाकर उन्हें नागरी शतायु सम्मान से अलंकृत किया था। उनके निधन से नागरी प्रचारिणी सभा परिवार आहत और दुखी है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें अपने चरण में स्थान दें तथा उनके परिजनों को यह असह्य दुख वहन करने की शक्ति दे ।इसी क्रम में देश के सुप्रतिष्ठित कवि, कथाकार ज्ञानपीठ से सम्मानित रायपुर मध्यप्रदेश निवासी 88 वर्षीय विनोद कुमार शुक्ल के अवसान पर कार्यसमिति के सदस्यों ने दुख व्यक्त किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर सबने इन दोनो साहित्यकारों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, एडवोकेट ब्रजेश पाण्डेय, इन्द्र कुमार दीक्षित, कौशल कुमार मिश्र, डॉ शकुंतला दीक्षित, जगदीश उपाध्याय, गोपाल कृष्ण सिंह राम, संजय कानोडिया, अरुण कुमार राव, वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा, दिनेश कुमार त्रिपाठी, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, अखिलेश जायसवाल, रजनीश मोहन गोरे, सरोज कुमार पाण्डेय, ऋषिकेश मिश्र, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, रवि प्रकाश मिश्र, डा मधुसूदन मिश्र, डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## निराला जयंती का आयोजनः जनचेतना के कवि निराला की जयंती मनाई गयी

देवरिया । नागरी प्रचारिणी सभा, के तत्वावधान में महाप्राण सूर्यकान्त त्रिपाठी ऽनिरालाऽ जयन्ती समारोह का आयोजन सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुरू हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु' ने अपने वक्तव्य में कहा निराला के साहित्य में संस्कृतनिष्ठ शब्दों का महत्वपूर्ण स्थान है तथा संस्कृत साहित्य में बसंत का महत्वपूर्ण स्थान है। यही कारण है कि निराला ने बसंत पंचमी को अपना जन्मदिन मनाने का आग्रह किया। अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने कहा निराला जन चेतना के कवि रहे हैं। उनके जैसा होना बहुत ही मुश्किल है। आगे समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ इन्द्र कुमार यादव, सहायक आचार्य, आर बी एस कालेज आगरा ने कहा निराला ऐसे कवि हैं जो जीवन पर्यन्त अभावों से जूझते रहे, किन्तु अपनी निजी पीड़ा को कभी भी किसी के सामने व्यक्त नहीं किया। निराला में विद्रोह है, करुणा है, ममता है और है आम जन की पीड़ा। आगे उन्होंने कहा निराला परम्परा और आधुनिकता के द्वंद्व के कवि हैं। हिटलर के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विरुद्ध टैगोर और गांधी के मानवतावादी राष्ट्र के समर्थक हैं। विशिष्ट अतिथि पं विजय शंकर मिश्र ने अपनी बात कविता के माध्यम से रखी। सभाध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निराला युग का अतिक्रमण करने वाले कवि हैं। ऐसे कालजयी कवि की जयंती पर उपस्थित होकर आप सब ने मेरा मान बढ़ाया इसके लिए साधुवाद। समारोह के संयोजक डॉ सौरभ श्रीवास्तव ने धन्यवाद प्रकट किया इस समारोह में मासिक कवि गोष्ठी में बराबर कविता पाठ करने वाले कवि गण संतोष कुमार विश्वकर्मा सूर्य, रामेश्वर तिवारी राजन, योगेन्द्र तिवारी योगी, लालता प्रसाद चौधरी, बृजेन्द्र मिश्र, सूर्य नारायण गुप्त सूर्य, रविनंदन सैनी, कौशल किशोर मणि, रमेश सिंह दीपक, सच्चिदानंद सबेरा, श्रीमती सुनीता सिंह, शिखा गौड़, नीरजा सिंह, रीना मिश्रा, माहिर विचित्र, पार्वती देवी गौरा आदि उपस्थितरहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण

**कुशीनगर।** देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भव्य अनावरण शुक्रवार को रोटरी क्लब कुशीनगर के सौजन्य से किया गया। प्रतिमा का अनावरण विधायक एवं नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष श्रीमती किरन राकेश जायसवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया।



इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस का प्रतीक है। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जयसवाल ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि समाज में राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह प्रतिमा स्थापित की गई है। रोटरी क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक व राष्ट्रहित के कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिक कैप्टन डी एस पाण्डेय, सूबेदार हरेंद्र राय, हवलदार राजेश राव, हवलदार यशवंत राव, हवलदार सत्येंद्र राय, हवलदार विनोद सिंह, हवलदार पारस कुशवाहा, हवलदार ओपी कुशवाहा, हवलदार राम दरस गुप्ता, हवलदार जय श्री कुशवाहा, हवलदार जनार्दन, हवलदार चंद्रिका प्रसाद, हवलदार मस्त राज गुप्ता को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मजीबुल्लाह राही जबकि धन्यवाद वाहिद अली ने ज्ञापित किया। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद कुशीनगर की ओर से एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट का भी लोकार्पण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अंकित शुक्ला, कृष्ण कुमार, डॉ डीएस तिवारी, सतीश मणि, संतोष सिंह, विजय शुक्ल, राजेश मद्धेशिया, गिरिजेश सिंह, मुन्ना शर्मा, मीरा अमेरिकन सिंह, साबिर अली, शिवनाथ सिंह, डॉ अशोक सिंह, बहन मीरा, बहन स्मिता, शादाब खान, डॉ संजय सिंह, अमर चंद जायसवाल, अखिल सिंह, अखिलेंद्र शाही, कपिल सोनी, सुमित त्रिपाठी, आनंद शेखर, रागिनी सिंह रज्जू, टीएन राव, एनसीसी कैडेट, अजय सिंह, विजय गुप्ता, दिनेश यादव, साहिल अहमद, दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. जे.के. पटेल, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, अंजली खरवार, सदरे आलम, अमरेन्द्र नारायण सिंह, महेंद्र तिवारी, इम्तियाज आलम, निदेशक रंजीत श्रीवास्तव, निदेशक अश्वनी जायसवाल, सार्जेंट एट आर्म्स हेमंत गर्ग, मीडिया प्रभारी विशाल शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील सिंह, रक्तदान संयोजक राजीव तिवारी, पर्यावरण संयोजक अरुण वर्मा, अखिलेश शर्मा, अंकुर तुलस्यान, अमित कुमार श्रीवास्तव, मो. फैयाज खान, हसमुद्दीन अंसारी, विनोद वर्मा, आनंद जायसवाल, सरवरे आलम, सुमित वर्मा, विजय सिंह, सत्येंद्र राय, शशि सिंह, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, दीपेश सिंह, आशीष अग्रवाल, मनीष सिंह, आलोक जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## बाल श्रम कराना दण्डनीय अपराध, हो सकती 02 वर्ष तक की सजा

**कुशीनगर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अवगत कराया है कि बीते 19 जनवरी 2026 को श्रम विभाग, पुलिस विभाग व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा एनएच 28 कुशीनगर पर स्थित ढाबों का निरीक्षण कर एक ढाबे पर कार्यरत पाये गये बाल श्रमिक को मुक्त कराया गयाउन्होंने बताया कि बाल श्रमिक से कार्य लेने वाले सेवायोजक/प्रतिष्ठान स्वामी के विरुद्ध बाल श्रम निषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की गई है उन्होंने आमजन को अवगत कराया है कि बाल श्रम कराने पर 06 माह से 02 वर्ष तक की कैद एवं 20 हजार से 50 हजार तक जुमाने का प्रावधान है। शिक्षा व सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस कुशीनगर प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा, मुकेश यादव, चाइल्ड लाइन से मोहन लाल, मानस, आदित्य, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, शशि शेखर मिश्र सम्मिलित रहे।

## आज राज्य मंत्री का जनपद आगमन

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर माननीय राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ०प्र० सरकार,/जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जी का जनपद कुशीनगर भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है ।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 24 जनवरी 2026 को प्रातः 08:00 बजे लखनऊ स्थित आवास से प्रस्थान कर दोपहर 01:00 बजे जनपद कुशीनगर पहुंचेंगे। जनपद आगमन के पश्चात वे उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्टेडियम, रविन्द्रनगर में किया जाएगा। कार्यक्रम उपरान्त मंत्री अपराह्न 02:00 बजे कुशीनगर से रायबरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युद्धकालीन आपात स्थितियों से निपटने के लिए ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल आयोजित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस 2026 एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जनपद कुशीनगर में शुक्रवार को सायं 06:00 बजे से 06:45 बजे तक ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल युद्धकालीन परिस्थितियों में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों का परीक्षण, विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय की प्रभावशीलता का आकलन तथा आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने हेतु जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से सुभाष चौक, पडरौना ( ब्लैक आउट स्पॉट ), में आयोजित की गई।



??मॉक ड्रिल के प्रमुख उद्देश्यः

युद्ध की स्थिति में आगजनी, बमबारी, भगदड़, सी.बी. आर.एन. प्रभाव एवं अन्य बहु-आपदाओं से बचाव हेतु जनजागरूकता एवं आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था का परीक्षण किया जाना तथा जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाई एवं नागरिक सुरक्षा बलों की तत्परता का मूल्यांकन करना है। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई, जिसके पश्चात निर्धारित क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट किया गया। नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टरों में शरण लेने का अभ्यास कराया गया।

इसके पश्चात अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाने का प्रदर्शन, बम निरोधक दस्ते द्वारा संदिग्ध वस्तुओं की जांच, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक उपचार, ध्वस्त भवनों से लोगों के रेस्क्यू तथा एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के अंत में ह्यऑल क्लीयरह्ल सायरन बजाकर अभ्यास की समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी पडरौना सहित स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूचना विभाग, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट-गाइड, नगर निकाय, स्वयंसेवी संगठन एवं अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि भविष्य में भी ऐसी मॉक ड्रिल के दौरान घबराएं नहीं, इसे केवल अभ्यास के रूप में लें तथा प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों को सहयोग प्रदान करें।

## पराक्रम दिवस पर बैतालपुर में भव्यआयोजन
### युवाओं को खेलकूद सामग्री वितरित

जिला संवाददाता

देवरिया ।नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, देवरिया ( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ) एवं स्वामी विवेकानंद युवा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड बैतालपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. अभय मणि त्रिपाठी ने कहा कि नेताजी का जीवन युवाओं के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उनके आदर्शों पर चलकर युवा देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि खंड प्रेरक विनय कुमार पांडेय ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक ताकत है, खेल और अनुशासन से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

भाजपा नेता सर्वेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि पराक्रम दिवस युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम में विकासखंड बैतालपुर से बेलावर दुबावर, बरनई, भटनी से नोनापार गौरीबाजर से बनसहिया सलेमपुर पड़री बाजार, रामपुर करखाना भगवतीपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के युवा मंडलों को खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम संयोजक विकास यादव ने अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वकील गोंड़ एवं अमित तिवारी ने किया ।इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश चंद्र यादव दिवाकर राय अजीत कुमार, विनोद यादव, अभिषेक, आर्यन कुमार, दीपेश तिवारी, विकास मौर्या सहित अनेक युवा उपस्थित रहै ।

## संस्कार संगम ने किया भारत माता पूजन, पराक्रम दिवस पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर




कसया, कुशीनगर।संस्कार संगम कुशीनगर के तत्वावधान में पराक्रम दिवस के अवसर पर भारत माता पूजन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह का आयोजन वार्ड नंबर 24 स्थित निजी आवास पर गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अमरीश विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने वंदे मातरम्गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि सरदार पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि शंकर प्रताप राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पराक्रम दिवस राष्ट्र के स्वाभिमान, साहस और त्याग का प्रतीक है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान व्यक्तित्वों के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा की दिशा में प्रेरित करते हैं। मुख्य वक्ता सुरेश गुप्ता ने भारत माता पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्र के प्रति आस्था, एकता और समर्पण की भावना को सशक्त बनाता है। डॉ. बच्चा मद्धेशिया ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. मनीष गुप्ता ( पूर्व प्राचार्य ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वंदना वैदेही, किरण जयसवाल, गोपाल मद्धेशिया, कृष्ण कुमार, रमेश मद्धेशिया, पवन गुप्ता, धीरज जायसवाल, रामप्रताप चौरसिया, कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी, अमित मिश्रा, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन आयोजक शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सरकारी नियमों के विपरीत नौकरी हथियाने का आरोप, डीआईओएस मौन

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** सरकारी नियमों को रौंदकर और व्यवस्था की आंखों में धूल झोंककर फर्जी तरीके से नौकरी हथियाने वाले महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, सखवनिया के सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता का मामला उजागर होने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त द्वारा अब तक कोई कार्रवाई न किया जाना गंभीर संदेह के घेरे में है। यह चुप्पी अब केवल लापरवाही नहीं, बल्कि फजीर्वाड़े को संरक्षण देने जैसी प्रतीत हो रही है ।बतादे कि प्रकरण कसया विकासखंड अंतर्गत स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज से जुड़ा है, जहां अविनाश गुप्ता ने अपने पिता के मृत्यु के पश्चात मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी हासिल की है जबकि तथ्य यह है कि उसकी मां पहले से ही सरकारी सेवा में कार्यरत थीं। इसके बावजूद अविनाश गुप्ता ने इस महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाकर कागजातों में हेराफेरी करके अवैध रूप से सरकारी नौकरी हथिया लिया। नियम स्पष्ट हैं परिवार का कोई भी सदस्य अगर सरकारी नौकरी में है तो किसी भी दशा मे मृतक आश्रित कोटे में नौकरी नही मिल सकती है यह नियुक्ति पूरी तरह अवैध मानी जाती है। मतलब यह कि अविनाश गुप्ता की नियुक्ति पूरी तरह से अवैध है। ऐसे मे यह मामला सिर्फ विभागीय नियमों के उल्लंघन का नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निदेर्शों की खुली अवहेलना का भी है।

- नियमो की हत्या कर मृतक कोटे मे हथियाई गयी नौकरी का खुलासा के बाद भी डीआईओएस मौन संदेह के धेरे में
- नियम तोड़े, कोर्ट के आदेश कुचले, फिर भी कार्रवाई शून्य

### साहब! न्यायालय का आदेश नजीर है नजारा

सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट गाइडलाइन पर नजर दौडायें तो वर्ष 1994 मे सुप्रीम कोर्ट ने उमेश कुमार नागपाल बनाम हरियाणा सरकार के मामले में साफ कहा है कि ह्लमृतक आश्रित नियुक्ति कोई अधिकार नहीं, बल्कि केवल तत्काल आर्थिक संकट से उबरने के लिए दी जाने वाली असाधारण राहत है। यदि परिवार का कोई सदस्य पहले से रोजगार में है, तो ऐसी दशा में अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती ।ह्व इसी तरह राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश बनाम शशि कुमार के मामले 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक कहा है कि ह्लकरुणा नियुक्ति का उद्देश्य सरकारी नौकरी बांटना नहीं, बल्कि मृतक कर्मचारी के परिवार को भुखमरी से बचाना है। पात्रता के नियमों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता ।ह्व मृतक आश्रित का लाभ उस समय दिया जा सकता है जब परिवार में कोई सदस्य सरकारी नौकरी मे न हो। इसी कडी मे हाई कोर्ट के रुख पर गौर करे तो

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृतक आश्रित के कई मामलों में स्पष्ट कर चुका है कि मृतक आश्रित नियुक्ति तभी वैध है जब परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी या स्थायी रोजगार में न हो, तथ्यों को छिपाकर ली गई नियुक्ति शून्य मानी जाएगी ऐसी नियुक्ति तत्काल प्रभाव में रद्द कर वेतन की वसूली की जा सकती है। एक अन्य प्रकरण मे हाईकोर्ट प्रयागराज ने कहा है ह्लमाँ के सरकारी सेवा में रहने के बावजूद तथ्य छिपाकर पिता के आश्रित में नियुक्ति पाना पूरी तरह गलत व अवैध है ।ह्वइन स्पष्ट न्यायिक आदेशो के बावजूद कुशीनगर में नियमों और कोर्ट के आदेशों को ताक पर रखकर सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता की नियुक्ति होना और फिर खुलासे के बाद भी डीआईओएस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई न करना अपने आप मे कई गंभीर सवाल खड़ा करता है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि मीडिया द्वारा गांधी इंटर कालेज सखवनिया मे तैनात सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता के पूरे प्रकरण की खुलासे के बावजूद न तो विभागीय जांच बैठाई गई, न फर्जी नियुक्ति निरस्त की गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब किया गया। यह चुप्पी अब मौन संरक्षण की श्रेणी में गिनी जा रही है।

### विधि विशेषज्ञो की राय

कानूनी जानकारों की मानें तो यह नियुक्ति पूरी तरह से नियम विरुद्ध व अवैध है, ऐसी दशा मे सहायक लिपिक अविनाश गुप्ता की नियुक्ति तत्काल रद्द कर अब तक दिये गये वेतन की वसूली की जानी चाहिए। विशेषज्ञो ने यह भी कहा कि इस फजीर्वाड़े में शामिल कर्मचारी व अधिकारियों पर एफआईआर और विभागीय कार्रवाई भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। ऐसे मे विभाग व शासन स्तर से कार्रवाई न होना इस ओर इशारा करता है कि कुशीनगर में न केवल विभागीय नियमों की, बल्कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों की भी खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही है।

ऐसे में यह प्रकरण सिर्फ कर्मचारी की फर्जी व अवैध नियुक्ति का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा विभाग की वैधानिक और नैतिकता के साख पर उठ रहे सवाल है?

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के महबूबगंज गोसाईंगंज मार्ग पर स्थित थिरुआ नाला के पास गुरुवार की देर शाम घर लौट रहे बाइक सवार युवक को महबबूगंज की तरफ जा रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### स्वैच्छिक संस्थाओं से अनुदान आवेदन आमंत्रिर्त

देवरिया । जला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन के सवार्गीण पुनर्वासन के उद्देश्य से संचालित दिव्यांगजन के सवार्गीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना के अंतर्गत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं से अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

यह योजना दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित दिव्यांगजनों के कल्याण एवं पुनर्वासन के लिए संचालित की जा रही है, जिसमें मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण दिव्यांगजन शामिल नहीं हैं उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्तर के विशेष विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास प्रशिक्षणप्रकार की परियोजनाओं/कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## सरयू विद्यापीठ में मनाई गई नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**बरहज,देवरिया।** सरयू विद्यापीठ बरहज के प्रांगण में सरस्वती पूजन एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के पश्चात नेता जी के चित्र पर सभाध्यक्ष आश्रम पीठाधीश्वर आंजनेय दास महाराज एवं मुख्य अतिथि प्रेमशंकर पाठक, प्रधानाचार्य रमेश तिवारी 'अनजान' के माल्यार्पण द्वारा किया गया। सरयू विद्यापीठ की छात्राओं श्रेया चौहान, लक्ष्मी, खुशी ने वाणी वंदना लक्ष्मी, आलिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सभाध्यक्ष आंजनेय दास महाराज ने कहा किमहान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस एक कुशल संगठनकर्ता, नेतृत्वकर्ता एवं मेधावी नेता के रूप में जाने जाते हैं। संगठन जो विदेश से स्वतन्त्रता आन्दोलन में सहायक बना वह उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को दशार्ता है ।विशिष्ट अतिथि बलभद्र त्रिपाठी ने कहा कि अनुकरणीय व्यक्तित्व के धनी एवं सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में नेताजी का कार्य स्वतन्त्रता संग्राम में उनकी महती भूमिका दशार्ता है।

समारोह में सुग्रीव पांडेय, प्रेमशंकर पाठक,राजाराम पाण्डेय अधिवक्ता,रामाश्रय यादव, उमाशंकर मौर्य ने नेता जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

संक्षेप

## स्कूल में वसंत पंचमी का पर्व मनाया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का पर्व एंव सरस्वती पूजा बंसत पंचमी का त्योहार बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र मे आज बंसत पंचमी का त्योहार एंव सरस्वती पूजा जगह जगह बडे हर्षोल्लास के मनाया गया वहीं कस्बा ऊगू के शारदा ज्ञान मंदिर विद्यालय में माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई जिसमें बच्चों को केक टाफी आदि शिक्षको ने वितरित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रकाशचंद्र दीक्षित तथा प्रधान शिक्षक राजीव गौड .व रामजी तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## संकट मोचन धाम में बसंत पंचमी के पर्व पर हवन पूजन संपन्न

पाटन उन्नाव। बसंत पंचमी को प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष 14वां सवामणि हवन बालाजी का बिहार के संकट मोचन धाम प्रांगण निकट रेलवे स्टेशन बैसवारा में बालाजी सेवा समिति के सौजन्य से संपन्न हुआ जिसमें लगभग हजारों श्रद्धालुओं ने आकर बालाजी सरकार बाबा के हवन में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया आज सुबह सुंदरकांड का आयोजन हुआ उसके पश्चात भजन गायक पंकज गौड़ा द्वारा सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए जिसको देखकर श्रद्धालु झूमने नाचने के लिए विवश हो गए सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था 15 भक्त बालाजी के सवामणी हवन में हवन करने के लिए बैठे जय बालाजी सरकार सतेंद्र सिंह कृपा शंकर चैरसिया गुप्ता दीप नारायण मिश्राअजय बाजपेई बहुत से भक्ति कर सेवा में लग रहे।

## राशन वितरण में धांधली का आरोप

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां नगर पंचायत के बशाह तिराहा, बीरबल में राज्य सभा सांसद संजय सेठ द्वारा आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आया। चौपाल में पहुंची शिकायतों का बड़ा हिस्सा क्षेत्र के कोटेदारों के खिलाफ रहा। ग्रामीणों ने राशन वितरण में मनमानी, अवैध वसूली और घटतौली की शिकायत की। ग्रामीणों के अनुसार, कोटेदार रु 110 लेकर जबरन साबुन, सर्फ, धनिया और हल्दी देते हैं। यदि कोई उपभोक्ता यह सामान लेने से मना करता है, तो उसे राशन देने में टालमटोल की जाती है या सीधे मना कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की स्पष्ट मंशा है कि निशुल्क राशन में किसी भी तरह की घटतौली या अतिरिक्त वसूली न हो, लेकिन कोटेदारों ने सभी निर्देशों को ताक पर रख दिया है। जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस मामले में आंखें मूंद बैठे हैं और पूर्ति अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। बरौला गांव में पिछले 27 वर्षों से एक ही कोटेदार के पास कोटा होने पर भी सवाल उठे। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इतने लंबे समय तक एक ही व्यक्ति के पास कोटा रहना अधिकारियों और कोटेदार की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। वहीं, खेरुखेड़ा गांव में भी कोटेदार द्वारा समय पर राशन न बांटने और 110 लेकर मसाले व अन्य सामान थमाने की शिकायतें सामने आईं। जानकारों के अनुसार, शासनादेश में रु 100 में सामग्री देने का प्रावधान है, फिर अतिरिक्त रु 10 क्यों वसूले जा रहे हैं, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। शिकायतकर्ता विमला, कमला, रूपवती, कमलेश कुमारी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि अंगूठा लगवाने के बाद भी उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रखा जाता है और सुबह से शाम हो जाती है। ग्रामीणों ने दबी जुबान में यह भी कहा कि शिकायत करने के बावजूद कोटेदारों के हौसले बुलंद हैं और कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी सुनने को तैयार नहीं है। चौपाल में उठी इन शिकायतों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सेमीफाइनल मैच में बीएससी कृषि टीम जीती

पाटन उन्नाव। आनंदम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल वीक के पांचवें दिन शुक्रवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय सुमेरपुर में सर्वप्रथम मां सरस्वती जन्मोत्सव के अवसर पर स्वरों के अधिष्ठात्री मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन, हवन किया गया, इसके पश्चात शिक्षक-छात्राओं व खिलाड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया। मां सरस्वती का पूंजन हवन आचार्य पं. शिवम त्रिपाठी के द्वारा संपन्न कराया गया।

# समरसता भोज समाज को जोड़ने का काम करता है




सीतापुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर सभासद संघ सीतापुर द्वारा शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में समरसता तहरी भोज एवं विशिष्टजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया गया।

समरसता तहरी भोज में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर तहरी खानी शुरू की, तो हर तरफ समरसता की बयार बहती नजर आई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राकेश त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद सभासद संघ द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मां सरस्वती की आराधना का पर्व है। यह सामाजिक समरसता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्य की भावना को मजबूत करने का काम करते हैं। सीतापुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष के प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी ने नगर में हुए विकास कार्यों को वर्णन करते हुए नगर के विकास की आगामी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर जगह समरसता की आवश्यकता है, इसके लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। सीतापुर सभासद संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता पिंकू ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक दूरियों को मिटाकर आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी समाज को जोड़ने वाले कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के लोगों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहित सभासद विनोद गिहार, किशोरी लाल, विष्णु वर्मा, रिजवान खान, कुसुम लता, सर्वेश विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, अश्वनी शुक्ला, चंद्र शेखर, रामशरण, प्रदीप गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

## कुश्ती में मेवा थापा व बुलबुल के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला



सीतापुर। हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के पांचवे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

दंगल के पांचवे दिन की पहली कुश्ती में नेपाल के मेवा थापा पहलवान और उत्तराखंड के बुलबुल धमाका पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें मेवा थापा ने बुलबुल पहलवान को चित कर जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती कलियर के मो० सलमान पहलवान और राजस्थान के हलचल पहलवान के बीच हुई। जिसमें सलमान पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेरठ के राजू पहलवान और उत्तराखंड के बुलबुल पहलवान के बीच हुई। जिसमें राजू ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चैथी कुश्ती राजस्थान के हलचल पहलवान और नेपाल के हरिहर पहलवान के बीच हुई। जिसमें हरिहर पहलवान ने विजयी हासिल की। दंगल में रेफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, नफीस अहमद, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, बदर हयात खान, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर समागम यात्रा व सांस्कृतिक उत्सव संपन्न




जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज, हरिहरगंज पूर्वी शिवपुरम में बसंत पंचमी पर संस्कृति एवं शक्ति की भव्य समागम यात्रा निकाली गई। भव्य रथ पर विराजमान मां सरस्वती के आगे पीले वस्त्रों में सजी बालिकाएं शंख ध्वनि से वातावरण को भक्ति मय बना रही थीं। सबसे आगे बैंड बजाते बच्चे भक्ति रस छिड़क रहे थे।

यात्रा में विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक झांकियां भारत की एकता में विविधता का जीवंत चित्रण कर रही थीं। इसके पीछे सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज, भारतीय थल-जल-वायु सेना की टुकड़ियां शक्तिशाली भारत का संदेश दे रही थीं। शहीदों व वीर शिवाजी की झांकियां वीरता का संचार कर रही थीं। विभिन्न परिधानों में सजे बच्चे 'जय मां सरस्वती, अखंड भारत, अजेय भारत' का उद्घोष कर राष्ट्रीयता जगाने वाले थे।रास्ते भर लोगों ने यात्रा रोककर मां सरस्वती की पूजा की तथा बच्चों को पानी-मिठाई बांटी। अवशेष जायसवाल, अंतुल अवस्थी, आतीश पासवान, आशीष आदि उपस्थित रहे। अभिभावकों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में प्रधानाचार्य धीरेंद्र, साक्षम, भुवन, भूपेंद्र, आशीष, अमित, देवेश, प्रवीण व स्टाफ ने सजगता बरती। यात्रा कलेक्टरगंज से अटल चौराहा, आईटीआई रोड, पटेल नगर, शादीपुर चौराहा, स्टेशन होते हुए हरिहरगंज लौटी। अन्य विद्यालयों में उत्सवजय में सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वतीपुरम राधा नगर में विद्यार्थियों ने बसंत पूजन व सुभाष चंद्र बोस जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। प्रबंधक अजय प्रताप सिंह ने देशप्रेम, स्वच्छता व देशसेवा की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य विनय प्रताप सिंह ने कानून का सम्मान ही देशभक्ति बताया। बक बंधु, अध्यक्ष शिवपाल पांडे व शिक्षक उपस्थित रहे। इधर शोभ विद्यालय में प्रधानाचार्य संजय सिंह ने हवन-पूजन कर बसंत पंचमी मनाई। चंद्रभूषण, शत्रुघ्न, राकेश, रानी, सर, रश्मि, कीर्ति, सानू, शाहिद आदि मौजूद रहे।श्रीमती सुंदरमती बालिका विद्यालय में प्रबंधक अशोक कुमार के नेतृत्व में हवन-पूजन हुआ। प्रधानाचार्य रामगोपाल, पुष्पा देवी, सुमन श्रीवास्तव, उमाकांत द्विवेदी, आसरा जाफरी, संजू, रिंकी, सुषमा त्रिवेदी, शशिकांत पांडे व छात्र-स्टाफ उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में किसानों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर मे आज ग्राम चौपाल का आयोजन किया जिसमें केन्द्र सरकार की मंशा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की कवायद तथा योजनाओं के बारे मे ग्रामीणों को बताया गया।

क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर मे आज मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उन्नाव के सासंद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज मुख्य अतिथि रहे जिन्हो ने ग्रामीणों को सरकर की योजनाओं के बारे बताया की केंद्र सरकार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए समर्पित भाव से रात दिन काम कर रहे सांसद जी ने बताया मनरेगा मे मिलने वाला पैसा मजदूरो का बढाया तथा युवाओ को रोजगार के अवसर दिया। जिसके बाद सांसद और विधायक के द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार व एडीओ हेमंत कुमार .वीडियो श्वेता त्रिपाठी व विवेक कुमार अभिनव शैलेंद्र त्रिपाठी व प्रधान जितेंद्र राजपूत, मनौज कुमार मो खालिद खां आदि मौजूद रहे जिसके बाद ग्राम प्रधान जितेंद्र राजपूत ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# निर्माणाधीन उप निबंधक कार्यालय का एआईजी स्टांप ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। तहसील महोली में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ द्वारा उप निबंधक कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इन दिनों जिले में डीएम डॉक्टर राजा गणपति आर द्वारा बैठक कर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता परख रहे हैं। गुणवत्तापरक कार्य न होने पर नाराजगी जताते हुए संस्थाओं को ब्लैक लिस्टेड घोषित करने के साथ-साथ लागत में कटौती करने के भी निर्देश दिये जा रहे हैं।

शुक्रवार को एआईजी स्टांप जगदंबा शुक्ला ने तहसील महोली पहुंचकर निमार्णाधीन उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीमेंट,ईट निर्माण के लिए बनाए गए मसाले की गुणवत्ता परखी। जानकारी अनुसार महोली में निमार्णाधीन उप निबंधक कार्यालय 2करोड 28 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। एआईजी स्टांप जगदंबा शुक्ला ने बताया कि निमार्णाधीन उपनिबंधक कार्यालय का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया है। पूर्व में भी मेरे द्वारा इसका निरीक्षण किया गया था। निर्माण कार्य में जो थोड़ी बहुत कमियां थी उन्हें दूर करने व समय सीमा 31 मार्च के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने के लिए संबंधित कार्यकारी संस्था को निर्देशित किया गया है।

# डीएम ने की परियोजनाओं की समीक्षा



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को 50 लाख रुपए से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं लम्बित है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। अनारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये।

लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं एवं ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक, वसूली एवं ब्लैकलिस्टेड किए जाने की कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। इसके लिए नियमित रूप से पत्राचार भी किया जाये। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा किसी स्तर से अनावश्यक रूप से कोई भी पत्रावली लम्बित न रखी जाये। पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में संचालित समस्त परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ??जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराया जाय। इसके सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय के शासनादेश में उल्लिखित प्रक्रिया का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पूर्ण कार्यों की जांच समिति के माध्यम से जांच कराए जाने हेतु पत्रावली तत्काल प्रस्तुत की जाय। पूर्ण परियोजनाओं को हैंडेड ओवर कराए जाने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाय।

# भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य करती है




सफीपुर, उन्नाव। मुख्य अतिथि सांसद साक्षी महाराज ने जिलाध्यक्ष एवं विधायक की मौजूदगी में ग्राम चौपाल के तहत मखदूम नगर में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना जी राम जी योजना के साथ कई योजनाओं को लेकर बैठक की।

ब्लॉक क्षेत्र के मखदूम नगर (लुधौसी) गांव में आयोजित ग्राम चैपाल के मुख्य अतिथि सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने दीप प्रज्वलित का कार्यकम की शुरूवात की। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना जी राम जी के साथ कई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आयोजित की गई चैपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम जी सीता जी से सदैव कहते थे कि मैं तुम्हारा हूं किंतु जब उनका राजतिलक होने लगा तो उन्होंने सीता जी से कहा कि सीता अब मैं सबका हूं। वैसे ही देश के प्रधानमंत्री सबके हैं। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में जितने अच्छे अच्छे कार्य हुए हैं वह अब तक किसी के कार्यकाल में नहीं हुए हैं। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि ग्राम चैपाल का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजना जी राम जी को जन-जन तक पहुंचना है। सरकार की विकसित भारत की परिकल्पना में जी राम जी की योजना से गांव में विकास की धारा बहने वाली है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना, ग्राम सड़क योजना, हर घर पेयजल, राशन योजना, गरीब बालिका विवाह योजना, गरीब आवास योजना सहित तमाम योजनाएं गांवो में विकसित भारत के स्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम कर रही है। विधायक बम्बालाल दिवाकर ने कहा कि जी राम जी योजना का पूरा नाम ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) है। हम सब जानते हैं कि भारत गांवो का देश है तथा भारत की आत्मा ही गांव में बसती है। विधायक ने कहा कि जब हमारे गांव विकसित होंगे तब निश्चित तौर पर हमारा देश भी एक विकसित देश होगा। विधायक ने कहा कि पूर्व में रोजगार गारंटी योजना ग्रामीणों को 100 दिन की गारंटी देती थी जबकि जी राम जी योजना आपको 125 दिन रोजगार की गारंटी देता है। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने जी राम जी योजना को ग्रामीणों के लिए हितकर बताया और कहा कि वर्तमान में चल रहे एस आई आर कार्यक्रम के तहत अपने-अपने क्षेत्र के बी एल ओ से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वा लें।

# खाटू श्याम बाबा के दूसरे स्थापना दिवस पर निशान यात्रा निकली



सफीपुर, उन्नाव। खाटू श्याम बाबा के द्वितीय स्थापना दिवस पर भव्य एवम दिव्य श्याम बाबा की निशान यात्रा श्याम परिवार के तत्वाधान निकाली गई। विधायक बंबालाल दिवाकर ने यात्रा का शुभारंभ कराया जबकि नगर पंचायत प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने यात्रा का नेतृत्व किया।

आपको बताते चले कि नगर निवासी आलोक गुप्ता ने विगत दो वर्ष पूर्व भगवती चरण वर्मा पार्क के समीप खाटू श्याम बाबा की स्थापना कराई थी। जिसके दो वर्ष पूर्ण होने पर परम्परागत निशान यात्रा निकाली गई। विधायक बम्बालाल दिवाकर ने बाबा का आशीर्वाद लेकर यात्रा का शुभारंभ कराया। जबकि चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा भगवती चरण वर्मा पार्क से होकर प्रसिद्ध अधिष्ठात्री शंकरी माता मंदिर से होते हुए मोटेश्वर महादेव मंदिर पर समापन हुआ। यात्रा की सुरक्षा को लेकर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी के निर्देशन में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर राजू चैहान, लल्ला तिवारी, पूनम गुप्ता, चर्चिल सोनी, अभिषेक तिवारी, बृजेश सैनी, मयंक श्रीवास्तव, जय गुप्ता, शिव मोहन प्रजापति, जेपी तिवारी, राम लोटन राजपूत, छेदी राजपूत आदि समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई 7 दिवसीय यज्ञ व भागवत कथा

सीतापुर। इलाके के बाबा जगमोहन दास महराज की समाधि स्थल पर आयोजित सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा एवं वैदिक पूजन के साथ शुरू हो गया। सुबह श्रद्धालुओं ने कलश धारण कर गांव के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली। जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा के समापन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन एवं यज्ञ प्रारंभ कराया गया। वैदिक मंडल के आचार्य अंकित बाजपेयी ने मंत्रोच्चार कर अनुष्ठान संपन्न कराया। कथा ब्यास गोविंदाचार्य महराजकी वाणी से स्वामी विद्यानंद सरस्वती की अध्यक्षता में भक्तों को अमृतमयी कथा का रसपान करने का अवसर मिलेगा। यज्ञ के यजमान ब्रजेश अवस्थी, शशिकांत शुक्ला, अर्पित अवस्थी, रजनीश मिश्रा व राजेश सिंह चैहान सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में श्रीमद्भागवत कथा, प्रवचन एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## सुभाष चन्द्र बोस व कर्पूरी ठाकुर जन्मदिवस पर सामाजिक न्याय संगोष्ठी

फतेहपुर। निर्मला सूर्य मैरिज लॉन, जयराम नगर में राष्ट्र नायक सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस व भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस पूर्व संध्या पर सविता महा सभा उत्तर प्रदेश जनपद फतेहपुर द्वारा सामाजिक न्याय जन जागरण संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। संरक्षक प्राचार्य बलराम सेन की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा



वर्ग आयोग सदस्य अशोक कुमार सिंह सविता, विशिष्ट अतिथि अन्नू श्रीवास्तव (भाजपा जिला अध्यक्ष), पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह व प्रो. मिथलेश कुमार सिंह सविता (प्रदेश अध्यक्ष) द्वारा भारत माता, सुभाष चन्द्र बोस, कपूर्री ठाकुर व मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन व माल्यार्पण से हुआ ।कु. काव्य, दृष्टि, लक्ष्मी, पूजा ने सरस्वती वंदना व नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। प्रो. मिथलेश कुमार सिंह सविता ने गायत्री यज्ञ संपादित किया। प्रमुख वक्ताओं के उद्बोधनप्रो. मिथलेश कुमार सिंह सविता ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस उड़ीसा के कटक में जन्मे सर्वमान्य राष्ट्र नायक हैं, जिन्होंने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज गठित कर भारत को स्वतंत्र घोषित किया। स्वाभिमानी भारत के लिए उन्होंने अंतिम सांस तक संघर्ष किया, किंतु आजादी के बाद उनके त्याग को उचित सम्मान नहीं मिला। भारत सरकार को संसद में प्रस्ताव लाकर उन्हें राष्ट्र नायक व जन्मदिन को राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस घोषित करना चाहिए। कपूर्री ठाकुर ने बोस के सपनों के भारत के लिए आजादी की लड़ाई, हिंदी को शिक्षा माध्यम बनाने व शोषित समाज को प्रतिनिधित्व दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिंह सविता ने बताया कि बोस ने ही गांधी को राष्ट्रपिता कहा, किंतु उनके योगदान को दबाया गया। पीएम मोदी सरकार ने इंडिया गेट पर उनकी लेजर प्रतिमा स्थापित की व नई शिक्षा नीति में स्वतंत्रता सेनानियों को पाठ्यक्रम में शामिल किया ।अन्नू श्रीवास्तव ने घोषणा की कि राष्ट्र नायक के नाम पर पार्क व भव्य प्रतिमा बनाई जाएगी ।पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर दिया ।सामाजिक कार्य व समापनकार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राम शंकर सविता, महामंत्री बृजेश सेन, संगठन मंत्री विमल कुमार, जिला प्रभारी संतराम फौजी आदि ने विकलांग, विधवा, गरीब महिलाओं व मजदूरों को कम्बल वितरित किए। सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, जिनमें सहायक चिकित्साधिकारी पीके सिंह, राकेश प्रजापति, छोटकू सविता, विमलेश सविता, पप्पू, जीतेंद्र वर्मा, अन्नू सविता, विजय कुमार, संगीता सेन आदि प्रमुख थे। पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया ।यह विस्तारित संस्करण मूल समाचार को समाचार-पत्र शैली में अधिक आकर्षक, संरचित व पूर्ण बनाता है।

## स्ट्रीट डॉग ने सात लोगों पर हमला कर किया जख्मी

सीतापुर। सिधौली नगर क्षेत्र के पकरिया चौराहा पर शुक्रवासर की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक पागल कुत्ते ने अचानक लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस घटना में अलग-अलग इलाकों के कुल सात लोग घायल हो गए। जो किसी न किसी कार्य से सिधौली आये हुए थे। घटना ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की लापरवाही को उजागर कर दिया है, जो लंबे समय से आवारा कुत्तों की समस्या को नजर अंदाज करता आ रहा है। घायलों में माधव 2 पुत्र रोहित कुमार निवासी सिद्धेश्वर नगर, जलील अहमद 32 पुत्र उस्मान अली निवासी सिद्धेश्वर नगर, अद्विक सिंह 7 निवासी गांधीनगर, जितेंद्र कुमार 33 पुत्र हीरालाल निवासी भांडिया, आरुष पुत्र शैलेंद्र निवासी गनेरा व रमदाना निवासी गुफरान तथा सिधौली निवासी सनी कोहली शामिल हैं। बताया गया कि कुत्ता अचानक भीड़ में घुस आया और एक-एक कर कई लोगों को काट लिया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। वहीं सनी कोहली की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों में नगर पंचायत के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पंचायत अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और आवारा कुत्तों पर तत्काल नियंत्रण की मांग की है। अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने बताया कि नगर में कुत्ते को पकड़ने के लिए टीम सक्रिय कर दी गयी है जल्द ही जनमानस को इससे निजात मिलेगी।

## युवा छात्र सभा ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

सीतापुर। अखंड युवा छात्र सभा उत्तर प्रदेश ने यूजीसी बिल को लेकर केंद्र सरकार से तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। संगठन अध्यक्ष नीतीश बाजपेई के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा को सौंपा। जिसमें इस अधिसूचना को संविधान के समानता के सिद्धांत के विरुद्ध बताया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनवरी 2026 में जारी यह अधिसूचना उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति-आधारित



भेदभाव रोकने के उद्देश्य से लाई गई थी। लेकिन इसके प्रावधान सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों को प्रभावित करते हैं। संगठन का आरोप है कि इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को विशेष संरक्षण देते हुए सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए समान अवसरों में कटौती की गई है। अखंड युवा छात्र सभा ने तर्क दिया कि यह नियम संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में निहित समानता के मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है। संगठन के अनुसार, इस अधिसूचना से उच्च शिक्षा में असंतुलन बढ़ेगा और प्रतिभा आधारित चयन प्रणाली कमजोर होगी। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र इस नियम को वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार से सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों की रक्षा करते हुए संतुलित और न्यायसंगत नीति बनाने की मांग की है। इस अवसर पर अर्पित मिश्रा, मनोज तिवारी, हर्ष शुक्ला, कीरत शुक्ला, अनिकेत मिश्रा, ज्ञानेंद्र यादव, पंकज गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से हमला

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पटसेमरा में रहने वाली हल्ली पत्नी श्यामलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 22 जनवरी को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव के उम्मेद पुत्र चिन्टा, लाडो पत्नी उम्मेद, अजय व सौरभ पुत्रगण उम्मेद एकराय होकर उसके घर में घुस आये और जमीनी विवाद को लेकर गालियां देते हुये धमकाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस दौरान उसकी बहू मनीषा व पति श्यामलाल बचाव करने पहुंचे तो उनके सिर में कुल्हाड़ी से जानलेवा प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गयीं और पति का पैर भी टूट गया। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव किया, जिस पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 115 (2), 117 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बाइक ने हाथठेला चालक को मारी टक्कर, मौत

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चैकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कालापहाड़ में रहने वाले कैलाश पुत्र गुल्ले ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 जनवरी को उसका भाई सरमन राजघाट से चाट -टिक्की बेचकर हाथठेला लेकर वापस घर आ रहा था। शाम करीब साढ़े छह बजे उसका भाई राजघाट-ललितपुर रोड ग्राम चैंरसिल पीर बाबा मंदिर के पास पहुंचा था कि तभी पीछे से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1867 के चालक थाना जाखलौन के ग्राम जीरोंन निवासी सत्येन्द्र पुरोहित पुत्र स्व.हरीनारायण पुरोहित ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे राहगीरों की मदद से एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान सरमन को मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा टक्कर लगने से हाथ ठेला में रखा सामान भी टूट गया। वहीं बाइक चालक अपनी मोटर साइकिल मौके पर छोड़कर भाग गये। इस घटना को कई लोगों ने देखा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दरवाजा तोड़कर की तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर कोतवाली से एफआईआर नं. 06/2025 को ललितपुर के नाराहट थाने में स्थानान्तरित की गयी है। इस एफआईआर में पश्चिम बंगाल के जिला नादिया अंतर्गत डाकघर कालीरहाट के इटाला उत्तरपारा में रहने वाले अनूप विश्वास पुत्र लेफ्टिनेंट नृपेन विश्वास ने बताया कि ललितपुर जिले के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम खिरिया उबारी डाकघर पटना निवासी मन्नू पटेल पुत्र बालचंद्र, सुजान सिंह पुत्र जनसिंह, डा.रामनिवास पुत्र कामता, बोदरी पुत्र गोपी, रामकांता पुत्र बोदरी ने 4 नवम्बर 2022 को लगभग अपराह्न 3 बजे मन्नू पटेल उसके घर आया और चाबी मांगी। विरोध करने पर उक्त लोग जबरन उसके घर में घुस आये और दरबाजा तोड़कर घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया और उसे धमकाया।

मामले की सूचना पीड़ित ने थाना कोतवाली नादिया को दी। अनूप विश्वास की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (4), 117 (2), 324 (4), 351 (2) व 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## वर्णी कॉलेज में जनपदीय प्रतियोगिता आज

ललितपुर। श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है कि कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा किये जाने के लिए जनपद स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसके तहत भाषण, चित्रकला, नुक्कड नाटक, लघुनाटिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। उन्होंने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से विद्यालय स्तर पर सम्पन्न कराये गये कार्यक्रमों जिनमें चयनित भाषण, चित्रकला, लघुनाटिका के प्रतिभागियों को आज जिले स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता जो वर्णी जैन इण्टर कॉलेज में प्रातः साढ़े दस बजे से सम्पन्न होना है, में प्रतिभाग कराने का आह्वान किया है।

# कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों सहित डीएम ने लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र



**ललितपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा तिरुवनंतपुरम, केरल से शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी.एम-स्व.निधि) योजना के लाभार्थियों हेतु क्रेडिट कार्ड का शुभारम्भ एवं 1 लाख लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के मुख्य आतिथ्य व

**● पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाकर करें अपना व्यापार**

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में व नपाध्यक्ष सोनाली जैन की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। सजीव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि कोविड-19 महामारी की वजह से शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर बुरा प्रभाव पडा है। यह आमतौर पर कम पूंजी से कार्य करते हैं लॉक-डाउन के दौरान इनकी पूंजी लगभग समाप्त सी हो गयी। इसीलिये शहरी पथ विक्रेताओं को अपना काम फिर से शुरू करने के लिये कार्यशील पूंजी की उपलब्धता के लिये ऋण की अति आवश्यकता महसूस की गयी। जिसके कारण 01 जून 2020 से योजना का शुभारम्भ किया गया। प्रथम चरण का समापन दिसम्बर 2024 में होने के उपरान्त द्वितीय चरण का आरम्भ सितम्बर 2025 से किया गया। द्वितीय चरण में प्रथम ऋण 15 हजार रुपये, द्वितीय ऋण 25 हजार रुपये एवं तृतीय ऋण 50 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के 10 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधिगण और जिलाधिकारी के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। बताया गया कि प्रधानमंत्री के द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड से लाभार्थी न्यूनतम 10 हजार, अधिकतम 30 हजार रुपये की धनराशि निकासी कर सकता है, जिसे 50 दिन तक वापिस करने पर ब्याज देय नहीं होगा। प्रधानमंत्री स्ट्रीटवेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजनान्तर्गत ऋण की प्रथम किशत 15 हजार रुपये, द्वितीय किश्त 25 हजार रुपये एवं तृतीय किश्त 50 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। जनपद में अब तक प्रथम ऋण के 5170, द्वितीय ऋण के 1787, तृतीय ऋण के 495 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। राज्यमंत्री मनोहरलाल ने योजना की जानकारी लाभार्थियों को देकर बताया कि प्राप्त ऋण से अपना व्यवसाय करें एवं समय से किश्तों का भुगतान करें एवं मिलने वाले कैस-बैक का लाभ उठायें। इस दौरान सी.एम.एम. डूडा राकेशचन्द्र त्रिपाठी, सीएलटीसी डूडा शशी कर्दम, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामनन्दन सेन, स्व0निधि योजना के लाभार्थी के अलावा डीआईओ उपस्थित रहे।

## मजदूर को डम्फर ने रौंदा, मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में गुरुवार रात एक हाईवा डम्फर की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना मड़ावरा थाना क्षेत्र के सतवांसा गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुई। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान महरौनी कोतवाली अंतर्गत खिरवांस निवासी 38 वर्षीय शिशुपाल कुशवाहा पुत्र भगवानदास के रूप में हुई है। शिशुपाल एक ठेकेदार के पास मजदूरी करता था और गुरुवार को सतवांसा में सड़क निर्माण कार्य के लिए गया था। रात करीब 11 बजे जब वह सड़क किनारे शौच के लिए खड़ा था, तभी निमार्णाधीन कार्य में लगे हाईवा डम्फर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे कुचल दिया। शिशुपाल की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के चचेरे भाई नीलू कुशवाहा ने हाईवा डम्फर चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नीलू का कहना है कि चालक शराब के नशे में था और उसने लापरवाही से डम्फर चलाकर जानबूझकर शिशुपाल को कुचला है। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

नीलू कुशवाहा ने बताया कि शिशुपाल अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं।

# उधार दिया रूपया वापस मांगने पर कनपटी पर तमंचा लगाने का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले रोहित यादव उर्फ निक्की पुत्र स्व.दिनेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि करीब 2-3 वर्ष पहले जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित भूपेन्द्र तिवारी के कार्यालय में उसकी मुलाकात थाना जखौरा के ग्राम करमुहारा व हाल

**● पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

मोहल्ला पिसनारी निवासी निवासी गोलू उर्फ सत्यभान यादव पुत्र रणवीर सिंह से हुयी थी। कुछ ही समय में गोलू अपने अन्य साथियों के साथ उससे मिलने-जुलने लगा। बताया कि माह जनवरी 2024 में गोलू ने उससे 50 हजार रुपये उधार मांगे, तब उसने अपने मोबाइल के जरिए 40 हजार रुपये दिया। माह अप्रैल में फिर 50 हजार रुपये उधार मांगा तो उसने 40 हजार रुपये और 55 हजार रुपये नकद उससे लिये। कुल 1 लाख 35 हजार रुपये फोन व नकद के रूप में लेकर गोलू नहीं मिला। बताया कि जुलाई में जब उसने रुपये वापस मांगे तो गोलू उर्फ सत्यभान ने काफी टाल मटोल करते हुये फोन के जरिए 8 हजार रुपये वापस दिया। शेष 1 लाख 27 हजार रुपये बाद में देने की बात कही। अक्टूबर 2025 में जब उसने गोलू से रुपये मांगे तो सत्यभान उर्फ गोलू ने आक्रोशित होकर उसके साथ गालियां देते हुये धमकाने लगा और रुपये दोबारा मांगने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी।

तब उसने कुछ समय और दिया। दो दिन में रुपयों की व्यवस्था करने की बात कही।

आरोप है कि 22 दिसम्बर को वह अपने दोस्त जाखलौन निवासी दुष्यन्त सिंह के साथ ओबर ब्रिज से जेल रोड जा रहे थे, जहां सत्यभान ने उसे रोक लिया और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर रुपये मांगे। रुपये न होने की बात कहने पर गोली मारने की धमकी दी। उसने अपनी जान बचाने के लिए जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये गोलू को दिया। इस पर गोलू उसे धमकाते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। रोहित यादव की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3), 126 (2) व 308 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कल मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

देवरिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में जनपद देवरिया में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया जाएगा। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस वर्ष 25 जनवरी, को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण 24 जनवरी, को जनपद स्तर पर मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री आलोक पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार को नोडल अधिकारी (ठश्ऊ) तथा श्री विजय कुमार मिश्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य को सहायक नोडल अधिकारी (ठश्ऊ) नामित किया गया है। दोनों अधिकारी कार्यक्रम के शुभारंभ से समापन तक समस्त व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे। नोडल अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी देवरिया सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया एवं कस्तूरबा गांधी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवरिया के प्रधानाचार्यों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को चरणबद्ध रूप से संपन्न कराया जाएगा।

# संस्कृत महाविद्यालय साथी में अवैध इंटरव्यू की शिकायत सीएम से

जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले के शिव प्रसन्न संस्कृत महाविद्यालय साथी में अवैधानिक तरीके से अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए प्रबंधक के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर किए जा रहे साक्षात्कार को लेकर शिकायतकर्ता राजेन्द्र कुमार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री

**● अवैधानिक नियुक्ति रोकने की डीएम से मांग**

व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर अवैधानिक तरीके से की जा रही नियुक्ति रोकने की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि महाविद्यालय साथी में 23 व 24 जनवरी को साहित्य, व्याकरण विषयों का साक्षात्कार होना है। यह महज खानापूर्ति है।

महाविद्यालय प्रबंधक ने संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुल सचिव व छात्र नेता मंगल यादव की सांठ-गांठ से षड्यंत्र पूर्वक साक्षात्कार के पहले ही सभी विषयों पर अभ्यर्थियों से 35 से 40 लाख रुपये लेकर महज औपचारिक साक्षात्कार किया जा रहा है। 23 जनवरी को होने वाले साक्षात्कार में प्रवक्ता साहित्य पद पर सूरज शुक्ला पुत्र जयनारायण व शिक्षक साहित्य पद पर अनुज कुमार मिश्र पुत्र रामकुमार, 24 जनवरी को प्रवक्ता पद पर अमित कुमार तिवारी पुत्र ओमप्रकाश, सहायक प्रवक्ता व्याकरण पद पर ज्ञानेश्वर मिश्र पुत्र अखिलेश, शिक्षक व्याकरण पद पर अतुल कुमार पाण्डेय व ताराचंद यहां व्याकरण विषय में जिनका नाम जिस पद पर दिया गया है उनका प्रवक्ता का सहायक पर भी चयन हो सकता है। सहायक प्रवक्ता आधुनिक हिन्दी 30 जनवरी को सत्यम पुत्र अशोक कुमार का चयन होना यह दशार्ता है कि अवैध रूप से धन वसूली कर पूर्व नियोजित है।

जबकि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना विश्वविद्यालय के नियमों के तहत 15 दिन पूर्व होनी चाहिए लेकिन यहां इसका भी पालन नही किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अवैध रूप से नियुक्ति के मामले में 35 ये 40 लाख रुपये की चैथ वसूली की गयी है।

# मकान लोन के चैक को कूटरचना कर धोखाधड़ी से भुनाने के प्रयास का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** उ.प्र. ग्रामीण बैंक पठा में मैनेजर पद पर तैनात दीपेन्द्र मिश्रा पुत्र भगवानदास मिश्रा ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर करते हुये अवगत कराया कि इसके पहले वह उ.प्र. ग्रामीण बैंक की बानपुर शाखा में प्रबंधक पद पर तैनात रहा है।

बताया कि बानपुर में बी.सी. के पद पर तैनात रहा ग्राम पड़वां महरौनी निवासी स्व.पुरुषोत्तम पुत्र संजीव का बैंक में आना-जाना बना रहता था और इसी के चलते उसका प्रबंधक के घर भी आना-जाना रहता था। इसी दौरान उसका ट्रान्सफर उ.प्र.ग्रामीण बैंक पठा में हो गया।

आगे बताया कि 18 सितम्बर 2025 को पुरुषोत्तम नारायण की पत्नी रचना कुमारी का एक नोटिस एड. कैलाश नारायण के जरिए प्राप्त हुआ, जिसमें कथन किया गया था कि नोटिस दाता रचना कुमारी के पति पुरुषोत्तम नारायण से बैंक प्रबंधक की मित्रता थी और वह पैसों के लेन-देन करते थे। इस सम्बन्ध में बैंक प्रबंधक ने पुरुषोत्तम नारायण से 18 लाख रुपये उधार लिये थे, जिस सम्बन्ध में एक चैक 2 जुलाई 2025 को अपने हस्ताक्षर करके उसके पति को दिया था। पुरुषोत्तम नारायण की अचानक तबीयत खराब होने के कारण 9 अगस्त 2025 को उसकी

**● पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला के खिलाफ जांच शुरू**

मृत्यु हो गयी और रचना कुमारी ने 12 सितम्बर 2025 को उक्त चैक पंजाब नेशनल बैंक महरौनी में लगाया, जो कि बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया।

पुरुषोत्तम नारायण बैंक (बिजनेस करस्पान्डेंट) के पद पर कार्यरत था, जिससे उसका बैंक व उसके घर आना-जाना रहता था। इसका लाभ उठाते हुये उसकी चैकबुक में से बाकी चैक छोड़कर उक्त चैक संख्या 005698 चुराकर अपने साथ ले गया और रख लिया। पुरुषोत्तम की मृत्यु पश्चात रचना कुमारी ने वकील के माध्यम से उक्त चैक को कूटरचना कर भरते हुये धोखाधड़ी से रुपये निकालने का प्रयास किया, जबकि ऋण खाते का कोई चैक नहीं होता है।

जो चैक बैंक में प्रस्तुत किया गया, वह सिर्फ लोन के लिए उपयोग होता है। उक्त खाता उसने मकान के लिए लोन लेने के लिए खुलवाया था, जिसका यह चैक था।

आरोप लगाया कि रचना कुमारी ने जालसाजी करते हुये उक्त लोन वाले चैक को भुनाने का प्रयास किया।

बताया कि उक्त नोटिस का जबाव उसने 9 अक्टूबर 2025 को अपने वकील के माध्यम से दे दिया और घटना की सूचना 11 नवम्बर 2025 को कोतवाली ललितपुर व एसपी को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी।

अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3) व 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित विभिन्न टोलियों की ड्रिल, अनुशासन, तालमेल, वर्दी की एकरूपता एवं समग्र प्रस्तुति का अवलोकन किया। परेड कमाण्डर द्वारा परेड का संचालन करते हुए पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। उन्होंने परेड की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता, समन्वय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिका विद्या मंदिर में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम




**बांदा।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर केन पथ में बसंत पंचमी व माटी पूजन का कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पुरोहित के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने विधिवत पूजन कराया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं, आचार्यों, सेवकों व अभिभावकों ने शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक और हवन-पूजन किया। छात्राओं ने मां सरस्वती को उपहार स्वरूप अनेक उपयोगी वस्तुएं प्रदान कीं। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत, बसंत गीत, होली गीत के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं को बसंत पंचमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद मां सरस्वती की आरती और नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम समापन के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान विद्यालय स्टॉफ, छात्राओं के अभिभावक व बड़ी संख्या में स्कूल की छात्राएं मौजूद रहीं।

# हवाई हमले व आपदा से बचाव को मॉकड्रिल



**बांदा।** हवाई हमले व आपदा की स्थिति से बचाव को लेकर मंडलीय चिकित्सालय परिसर में मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। अपर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की मौजूदगी में जिला प्रशासन एवं नागरिक सुरक्षा संगठन ने मॉकड्रिल को अमलीजामा पहनाया। मॉकड्रिल के दरम्यान आपात स्थिति से बचाव के लिए ब्लैकआउट किया गया और लोगों को अनेक संचार माध्यमों से आपात स्थिति से बचाव के लिए जागरूक किया गया। मॉकड्रिल में हवाई हमले से बचाव और इस दौरान किस प्रकार आग लगने से बचाव किए जाने तथा घायलों को चिकित्सालय ले जाने की व्यवस्था का मॉकड्रिल बेहतर तरीके से किया गया। आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाने और हवाई हमले की स्थिति में घायल होने वाले लोगों का बचाव किए जाने, एंबुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय में भर्ती किए जाने और उपचार के बारे में विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण किया गया। मॉकड्रिल में स्वास्थ्य, पुलिस, फायरब्रिगेड, चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा संगठन, होमगॉर्ड, एनसीसी तथा अन्य लोगों ने आवश्यक व्यवस्थाएं देकर लोगों को ऐसी आपदा की स्थिति पैदा होने में बचाव कर जागरूक किया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन राहुल जैन, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सनातन धर्म स्थापित करने में संघ की सराहना




**बांदा।** सिंधनकला के मंगल दल मैदान में शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यक्रम में सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल, जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, जिला प्रचारक अनुराग व विभाग कार्यवाह संजय ने एकता के मंत्र का अनुशरण करने पर जोर दिया। पैलानी तहसील के सिंधनकला गांव में शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का कार्य प्रमुख चक्रपाणि अवस्थी, विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संयोजक अशोक सिंह परिहार ने माल्यार्पण कर भारत माता की आरती उतारी। पैलानी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए। राघवदास महाराज ने सनातन धर्म स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सराहना की। कहा कि हिन्दू सम्मेलन के जरिए सभी जातियों को एकजुट कर एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया जा रहा है। इस दौरान खण्ड संघ चालक भीष्मदेव शुक्ला ने जल, जंगल, जमीन बचाने पर बल दिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद, प्रकाश सिंह सेंगर, दिनेश निषाद, रामप्रकाश मिश्रा, साहिब सिंह व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्षों को भाजपा ने दी शुभकामनाएं



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के ललितपुर के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में ग्रामीण विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) की जिले की तीनों शाखाओं में बैंक अध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। ग्रामीण विकास बैंक (भूमि विकास बैंक)जिला की मुख्य शाखा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, महरौनी शाखा के जय हिन्द सिंह लोधी तथा तालबेहट शाखा के उमाशंकर भोंड़ेले ने पर्चा दाखिल किया था जो कि सिंगल थे। जिसमें भूमि विकास बैंक जनपद ललितपुर की सभी शाखाओं तालबेहट,ललितपुर एवं महरौनी में भाजपा समर्थित प्रत्याशी क्रमशः उमाशंकर भौंडेले, महेश श्रीवास्तव एवं जयेन्द्र सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने उनका स्वागत कर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,प्रान्तीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, विक्रांत रावत आदि उपस्थित रहे।

# सुधा बिहार कॉलोनी पर कोर्ट ने लगाया यथास्थिति का स्टे

**ललितपुर।** शहर से सटी पनारी रजवारा की चर्चित सुधा बिहार कॉलोनी एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में है। कभी प्राकृतिक नाले के स्वरूप से छेड़छाड़, तो कभी ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप, यह कॉलोनी लगातार प्रशासन और कानून के रडार पर बनी हुई है। स्थानीय शिकायतों के बाद प्रशासन ने

**गंभीर विवादों के घेरे में रही है कॉलोनी**

जांच कर यह पाया कि कॉलोनी का एक बड़ा हिस्सा सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा मौके पर सरकारी जमीन होने के चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए थे, जिससे कॉलोनी के वैध होने पर सवाल और गहरे हो गए। मामला यहीं नहीं रुका, आरोप है कि ग्राम सभा की जमीन में बोरिंग कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस गंभीर आरोप के बाद संबंधित विभाग ने सुधाविहार कॉलोनी प्रबंधन को औपचारिक नोटिस जारी किया और जवाब तलब किया। इसी बीच मामला सिविल कोर्ट तक पहुंच गया, जहां सुनवाई के बाद न्यायालय ने पूरी विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देते हुए किसी भी प्रकार के निर्माण, कब्जे या उपयोग पर स्टे लगा दिया है।

कोर्ट के आदेश के बाद जहां एक ओर प्लाट खरीदने वालों में अनिश्चितता का माहौल है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं कि यदि भूमि शुरू से ही विवादित थी तो कार्यवाही होने में इतना समय क्यों लगा। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सुधाविहार कॉलोनी अवैध रूप से विकसित की जा रही थी? नाले के स्वरूप में बदलाव की अनुमति किसने दी? ग्राम सभा की जमीन पर व्यावसायिक गतिविधियां किसके संरक्षण में चलीं? फिलहाल सिविल कोर्ट के स्टे के बाद गेंद प्रशासन और न्याय व्यवस्था के पाले में है।

## आरक्षियों के साथ अधिकारियों ने किया भोजन



**बांदा।** रिक्रूट आरक्षियों के कर्तव्य निष्ठा व अनुशासन के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किए जाने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने इनके साथ बैठकर भोजन किया। पुलिस लाइन में बड़ा खाना का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के अलावा सभी राजपत्रित अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भोजन परोसा और साथ बैठकर भोजन किया। पुलिस अधिकारियों ने आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हे आगे भी इसी प्रकार निष्ठा, समर्पण व अनुशासन के साथ कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, सहायक पुलिस अधीक्षक श्लोक गौतम, सभी क्षेत्राधिकारी, आरटीसी के प्रशिक्षण अधिकारी, अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और रिक्रूट आरक्षी मौजूद रहे।

## क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन 26 जनवरी को

**बहराइच।** क्रीडा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्वत ने बताया कि खेल निदेशालय, उ.प्र. लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, बहराइच द्वारा 26 जनवरी 2026 को प्रातःकाल 07:00 बजे से पुरुष/महिलाओं की 05 किमी क्रासकन्ट्री रेस का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच के मुख्य गेट से प्रारम्भ होकर पानी की टंकी चैराहा होते हुये हुजुरपुर रोड, मन्नूकौल कोठी से जेल रोड, अस्पताल चैराहा होते हुये स्टेडियम खेल मैदान में समाप्त होगी तथा बालिकाओं की 03 किमी० स्टेडियम प्रांगण में आयोजित की जायेगी। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी एक दिन पूर्व उपस्थित होकर अपना पंजिकरण करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच से सम्पर्क कर सकते हैं।

# सजा या माफी

पायलट की कमी और डीजीसीए के नियमों के बहाने जिस तरह दिसम्बर महीने में इंडिगो की ढाई हजार से अधिक उड़ाने रद्द हुई हैं, उससे देश के हवाई अड्डों पर अव्यवस्था उत्पन्न हो गयी थी। इससे लाखों लोग प्रभावित हुए, अचानक विमान के किराये आसमान पर पहुंच गये। इससे भी यात्रियों को भारी नुकसान और परेशानी हुई। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी जिस तरह डीजीसीए ने महज 22 करोड़ का जुर्माना लगाकर मामला रफा-दफा करने का प्रयास किया, वह न्याय संगत नहीं लगता है। नगर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा गठित समिति के जांच रिपोर्ट सौंपने के करीब 20 दिन बाद इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिसंबर में विमानन कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर उड़ानों को रद्द करने के मामले में यह कार्रवाई अपर्याप्त नजर आती है। नियामक को भारतीय हवाई अड्डों पर गत माह फैली अव्यवस्थाओं की ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। केवल जुर्माना लगाने के बजाय (फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने इसे बहुत कम बताया है) डीजीसीए को बिना किसी देरी के सुचारु ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करना चाहिए था और व्यवधान के कारणों की व्यापक जांच करनी चाहिए थी। आश्चर्यजनक रूप से, जांच समिति के विस्तृत निष्कर्ष रिपोर्ट जमा होने के हफ्तों बाद भी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। हजारों यात्री, जो उड़ान रद्द होने से प्रभावित हुए, वे व्यवधान के कारण को जानने के हकदार हैं। रिपोर्ट का खुलासा विमानन उद्योग, नियामक और सरकार को यह संदेश भी देगा कि भविष्य में ऐसी स्थिति को कैसे रोका जा सकता है। डीजीसीए के मुताबिक संचालन के अत्यधिक इस्तेमाल, अपर्याप्त नियामक तैयारी और सिस्टम सॉफ्टवेयर सपोर्ट में कमियां व्यवधानों के प्रमुख कारणों में शामिल थीं। इस पर कोई विस्तृत स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। हालांकि इंडिगो ने अब नियामक को बताया




है कि वह 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं करेगी, जो कि उड़ान सेवा समयसीमा (एफडीटीएल) मानकों के पूरे सेट को लागू करने की संशोधित तिथि है। डीजीसीए की जिम्मेदारी है कि नये ढांचे में बदलाव को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाया जाये। यात्रियों की सुरक्षा और सेवा की गुणवत्ता सर्वोपरि है और इसे संयोग पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। दिसंबर की शुरूआत में जब व्यवधान चरम पर था, रद्द की गई उड़ानों की संख्या 2,507 और विलंबित उड़ानों की संख्या 1,852 रही, जिससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। हालांकि डीजीसीए का जुर्माना 5 दिसंबर, 2025 से 10 फरवरी, 2026 तक मानकों के अनुपालन न करने के लिए लगाया गया है। इस अवधि के दौरान जुर्माने की राशि लगभग 30 लाख रुपये रोजाना तय की गई है। देश में विमानन क्षेत्र में हुई अव्यवस्था को लेकर इंडिगो और नियामक दोनों ही जांच के दायरे में हैं। वहीं जुर्माने की राशि के अंतिम उपयोग पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उदाहरण दिए जा रहे हैं कि अमेरिकी परिवहन विभाग ने कुछ वर्ष पहले उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के उल्लंघन पर एक अमेरिकी एयरलाइन पर लगाए गए जुर्माने को उन यात्रियों में बांटा था जो व्यवधान से प्रभावित हुए थे। डीजीसीए भी वैसा कर सकता है। सरकार ने उड़ान व्यवधानों और बड़े पैमाने पर यात्री शिकायतों के तुरंत बाद सख्त कार्रवाई का वादा किया था। कार्रवाई के तौर पर अब तक केवल परिचालन नियंत्रण केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को हटाया गया है। इसके अलावा डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी पीटर एल्बर्स तथा मुख्य परिचालन अधिकारी इसिद्रे प्रोकेरस को चेतावनी दी है। यह सही है कि डीजीसीए की कार्रवाई अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही है, लेकिन इस मामले पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच रिपोर्ट का इंतजार है। सीसीआई को यह स्पष्ट करना चाहिए कि विमानन बाजार में अहम हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों का उल्लंघन किया या नहीं। नियामक ने हवाई अड्डों पर फैली अव्यवस्था के बाद इंडिगो को एफडीटीएल नियमों से 10 फरवरी तक छूट भी दी थी।

### विचार

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

– हिलार्ड.

# सुरक्षा की कमजोर कड़ी है अवैध घुसपैठ



संजय श्रीवास्तव

> घुसपैठियों के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के हालिया प्रतिबद्ध और प्रखर बयानों तथा तेवरों को देखते हुए लगता है कि अवैध प्रवासियों एवं घुसपैठियों की खैर नहीं, जल्द ही कोई बड़ा कदम इस ओर उठेगा और देश के संसाधनों का अनुचित लाभ उठाने वाले, सामाजिक ताने बाने को ध्वस्त करने वाले इन घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश के निकाल दिया जायेगा, पर क्या सचमुच ऐसा हो पायेगा ?

अवैध घुसपैठियों का मुद्दा जोर पकड़ रहा है। लगता है कि जल्द ही इस ओर कोई बड़ी पहल सामने आने वाली है प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं में लगातार घुसपैठियों तथा अवैध अप्रवासियों से मुक्त भारत की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के बयानों की दृढ़ता यह दशार्ती है कि वे इस समस्या को स्थानीय राजनीति, कानून-व्यवस्था का ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और जनसांख्यिकीय संतुलन का प्रश्न भी मानते हैं। उनको यह भी भान होगा कि विगत दो दशकों से उनकी सरकार के सामने यह समस्या मौजूद है, पर विगत सरकारों को दोष देने और हर बार चुनावों में इस मुद्दे को उठाने, कुछ घोषणाओं और आधे अधूरे प्रयासों के अलावा कोई ठोस समाधान अभी तक सामने नहीं आया है ऐसे में विपक्षी उनकी सरकार पर ध्रुवीकरण कर चुनावी लाभ हेतु जानबूझ कर घुसपैठ के मुद्दे को जिंदा बनाये रखने का आरोप लगा रहे हैं।

यही समय है कि वे सभी आरोपों, आक्षेपों को निर्मूल साबित कर घुसपैठ के मसले को निर्णायक तौरपर हल करें। इसलिए वे इस मामले के उल्लेख में इतने प्रखर दिखते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते बरस भी 15 अगस्त को लालकिले से भारत में मौजूद घुसपैठियों का जिक्र किया था, फिर उसी महीने और अगले महीने यही बात उन्होंने बिहार चुनावों में भी दोहराई थी। चुनावी भाषणों के अलावा भी वे घुसपैठियों के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते रहे हैं और अब बंगाल चुनावों से पहले उनकी यह चिंता चरम पर दिखती है। प्रधानमंत्री ही नहीं गृहमंत्री ने भी कई बार इस आशय के बयान दिये हैं कि वे घुसपैठियों को अब चुन चुनकर देश के बाहर निकालने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने छह महीने पहले इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण देते हुए घुसपैठियों की समस्या से निबटने के लिये बड़ी जोरशोर से डेमोग्राफी मिशन शुरू करने की भी बात कही और घोषणा की थी कि बहुत जल्द ये मिशन अपना काम शुरू करेगा। अलग तथ्य है कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस मिशन के समयबद्ध लक्ष्य, बजट, जिम्मेदार एजेंसियां और सार्वजनिक रिपोर्टिंग तंत्र तथा क्रियान्वयन को लेकर स्थिति अस्पष्ट है। तो भी वर्तमान तेवर को देखते हुए क्या वाकई अब अवैध प्रवासियों की खैर नहीं। उन्हें



जल्द ही वे उसी तरह चुन चुनकर देश के बाहर किए जाएंगे, अपने देश भेजे जाएंगे जैसे अमेरिका ने भेजा था? सर्वविदित है कि घुसपैठ के असर बहुआयामी हैं। घुसपैठिए सरकारी योजनाओं और राजनीतिक संरक्षण का लगातार अनुचित लाभ उठाते जा रहे हैं, जिससे सरकार पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ रहा है। जनसांख्यिकी बदलावों के चलते स्थानीय समुदायों में जातीय अस्मिता, भाषा और भूमि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा पैदा हो रहा है, सामाजिक तनाव और अपराधों में वृद्धि हो रही है। कृषि, निर्माण और घरेलू मजदूरी के क्षेत्रों में ये घुसपैठियों के सस्ते श्रमिक बन जाने से स्थानीय मजदूरों की रोजी-रोटी पर असर पड़ता है। घुसपैठिए वोटर आईडी और आधार कार्ड जैसे फर्जी दस्तावेज बनाकर चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर लोकतंत्र को प्रदूषित कर ही रहे ही हैं, इसके अतिरिक्त वे सीमावर्ती राज्यों में नकली करेंसी, नशीली दवाओं, गायों की तस्करी और आतंकवादियों के स्लीपर सेल बनने का माध्यम भी बन रहे हैं। इसके प्रत्यक्ष परिणामों को देखते हुए शायद ही देश में राजनीतिक फायदा उठाने वाले कथित सियासी दलों के अलावा कोई और इन घुसपैठियों से सहानुभूति रखता हो।

**सामयिक**

ऐसे में सरकार इस समस्या के प्रति जो भी कदम उठायेगी उसका पूरे देश से भारी जन समर्थन तय है। इसी जन समर्थन के मद्देनजर घुसपैठ से सबसे ज्यादा प्रभावित पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में भाजपा इस मुद्दे को लगातार उठा रही है पर दुखद तथ्य है कि घुसपैठ और अवैध प्रवासियों की समस्या पर अब तक भय और भाषण से अधिक कुछ हासिल नहीं हुआ है। क्या इस बार वाकई सरकार गंभीर है और कम से कम बांग्लादेशी और म्यांमार के घुसपैठियों तथा अवैध प्रवासियों को सबसे ज्यादा संख्या में है उन्हें निकाल बाहर करने के लिये कटिबद्ध है? आँकड़ों का प्रश्न इस समाधान की सबसे कमजोर कड़ी है। 2004 में यूपीए सरकार ने 1.2 करोड़ का आंकड़ा दिया था। आज उनकी आधिकारिक संख्या क्या है? पश्चिम बंगाल के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और किरेन रिजिजू के अनुसार भारत में लगभग 2 करोड़ मुसलमान बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हैं जिसमें से एक करोड़ पश्चिम बंगाल में हैं। पर इनका न तो कोई स्त्रोत है न ये आधिकारिक। तकरीबन दशक दो दशक पहले पश्चिम बंगाल में 57 लाख और असम में 50 लाख घुसपैठियों का जो आंकड़ा दिया गया था वह भी प्रमाणिक नहीं है। संसद में सरकार की तरफ से नित्यानंद राय ने जो एक लाख दस हजार अवैध प्रवासियों का आंकड़ा दिया वह भी अधूरा है। यूपीए सरकार के अनुसार 2005-2013 के बीच 88,792 अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया, जबकि 2014-2019 के बीच यह संख्या घटकर 2,566 रह गई। 2019 के बाद कोई विश्वसनीय आधिकारिक आँकड़ा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, क्यों? सरकार मानती है कि बांग्लादेश घुसपैठियों और अवैध अप्रवासियों की तादाद भी लगातार बढ़ती जा रही है ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि जब घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी मात्र राज्यों की नहीं है, इसके प्रति गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल, विदेश मंत्रालय और पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंध सबकी साझा जवाबदेही है तब क्यों न यह उसकी विफलता मानी जाए। जवाब है कि देश के विभिन्न भागों में रह रहे अवैध अप्रवासी और घुसपैठी बांग्लावदेशी नागरिकों के सटीक आंकड़े एकत्र करना संभव नहीं है। गृहमंत्री के अनुसार बांग्लादेश के अंदर लगभग 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों की आबादी घटी है। ये लोग मारे गये या धर्म परिवर्तन हो गया या फिर शरणार्थी बनकर अपने धर्म और सम्मान को बचाने के लिए वो भारत में आए, तो क्या बांग्ला देश से आने वाले बहुत से घुसपैठियों में हिंदू शरणार्थी भी शामिल हैं? इनका भी स्पष्ट आंकड़ा क्यों नहीं है? अवधि से अधिक समय तक या अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों की राज्यवार और राष्ट्रीयतावार संख्या कितनी है? उनका धर्म, प्रवेश मार्ग, राज्यों में वितरण—इन सबका समेकित, सत्यापित ब्योरा क्या हमारे पास है? यदि नहीं, तो अद्यतन और पारदर्शी डेटा के अभाव में कार्रवाई कैसे होगी? समस्या का परिमाण ही तय नहीं है, तो समाधान कैसे तय होगा? स्मरण रहे, लोकतंत्र में आंकड़ों की अनुपलब्धता या अस्पष्टता जवाबदेही से बचने का तरीका भी होता है।

हम अमेरिका की तरह अवैध प्रवासियों को चुन चुनकर वापस भेजने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं जब उसकी तरह निर्वासन की कोई स्थायी और तेज प्रक्रिया, स्पष्ट आव्रजन कानून, एकीकृत राष्ट्रीय डेटाबेस डेटाबेस और पड़ोसी देशों के साथ निर्वासन को लेकर स्पष्ट संधियां एवं कार्यात्मक समझौते ही नहीं हैं। बेशक सरकार के लिये प्रतिबद्धता साबित करने का यही समय है पर सच यह है कि समाधान भाषणों या भय के नैरेटिव में नहीं है बल्कि सरकार सचमुच प्रतिबद्धता दिखाना चाहती है, तो उसे सबसे पहले उसे पारदर्शी, अद्यतन और सर्वमान्य आंकड़े सार्वजनिक करने होंगे। इसके साथ ही सीमा प्रबंधन, कूटनीति, शरणार्थी नीति और आंतरिक सुरक्षा को एकीकृत दृष्टि से देखना होगा। सरकार को पारदर्शी आँकड़ों के आधार पर समयबद्ध कार्ययोजना, अंतर-मंत्रालयी समन्वय, सीमाई प्रबंधन की मजबूती और मानवाधिकार-सम्मत लेकिन सख्त कार्रवाई के ठोस कदम उठाने होंगे। तभी 'घुसपैठ मुक्त भारत' साकार होगा।

### सोशल मीडिया



अखिल विश्व गायत्री परिवार देशवासियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने तथा नयी पीढ़ी तक शास्त्रों के ज्ञान को तर्कपूर्ण पद्धति से पहुंचाने का अमूल्य कार्य कर रहा है। अमित शाह.

# हमारी जीवन दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा।

यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा।

**अंतर्दृष्टि**

श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

# गणतंत्र में आधी दुनिया की भागीदारी

**ज्यादातर प्राइवेट क्षेत्र में भी महिलाओं को लीडरशिप का ओहदा नहीं मिलता, क्योंकि इससे पुरुषों का अहम आहत होता है और अगर महिलाएं अपनी मेहनत व कमिटमेंट से कहीं सफल हैं, तो उनकी सफलता को सौभाग्य समझा जाता है।**



प्रतिबिंब ● वीना गौतम

गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को देश परेड की लय में चलता है। कदमताल, सलामी, तिरंगे की ऊंचाई और संविधान के प्रति अगाध श्रद्धा। सब कुछ अनुशासित, सब कुछ चमकदार और भरोसे से भरा हुआ दिखता है। मंचों पर एक वाक्य बार-बार दोहराया जाता है, भारत का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में है और इसमें महिला-पुरुष समानता का स्पष्ट वायदा है। लेकिन उसी दिन देश की आधी दुनिया यानी महिलाएं अपनी रोजमर्रा की परेड में व्यस्त रहती हैं। भले यह परेड राजपथ न होती हों और न ही सैकड़ों कैमरों में कैद होती हों, मगर इस परेड को हर भारतीय अपनी खुली आंखों से अपने ही घरों में देख सकता है। यह परेड है रसोई की, अस्पताल की, स्कूल की, कार्यालय की, बस स्टैंड, खेत और थाना चौकी से होकर गुजरती है। भारतीय संविधान महिला को न केवल सशक्त नागरिक मानता है बल्कि आजादी के बाद महिला सशक्तिकरण के खूब गाने गाये जाते हैं। मगर कागजों के इस सशक्तिकरण को जमीन पर तलाशने निकलेंगे तो ज्यादातर जगहों पर बस तलाशते ही रह जाएंगे। दरअसल यही हमारे गणतंत्र का सबसे बड़ा द्वंद है। किताब में बराबरी जमीन में बाधा। किताब में लिखा है स्त्री, पुरुष के बराबर है और हमारे समाज में आज भी यह पूछा जाता है, अकेली क्यों निकली? 'कानून कहता है स्त्री सम्मानित नागरिक है और समाज मानता है स्त्री 'परिवार की इज्जत' है। यह विरोधाभास 77वें साल में भी जारी है। स्त्री सशक्तिकरण की जो शानदार स्क्रिप्ट लिखी गई है, जमीन पर वह अभी पूरी तो छोड़िये आधी भी नहीं उतरी।

**कहां है रुकावट ?**

भारतीय संविधान में स्त्री को नागरिक के रूप में वही अधिकार दिये गये हैं, जो पुरुषों को दिये गये हैं। मसलन-

- अनुच्छेद 14- स्त्री समानता का वायदा करता है।
- अनुच्छेद 15- लिंग के आधार पर किसी तरह के भेदभाव को नकारता है।
- अनुच्छेद 16- समान काम के समान वेतन की ही नहीं, नौकरी में समान अवसरों की भी संविधान बात करता है। लेकिन व्यवहार में 80 फीसदी से ज्यादा महिलाओं को सर्वोच्च स्थानों पर पुरुषों से कम वेतन मिलता है।
- अनुच्छेद 21- जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ गरिमा का आधार बनता है।

कहने का मतलब ये है कि संविधान कहीं से भी स्त्री और पुरुष में गैर बराबरी नहीं करता। लेकिन व्यवहार में यह गैरबराबरी हर जगह दिखती है। ऐसा नहीं है कि पिछले 76 सालों में कुछ नहीं हुआ, पिछले 76 सालों में बहुत कुछ हुआ है वरना तो आजादी के समय किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के बराबर नहीं समझी जाती थीं। जबकि आज केंद्र सरकार की नौकरियों की विभिन्न पदों पर स्त्री और पुरुष लगभग बराबर हैं। लेकिन विस्तृत प्राइवेट कारपोरेट दुनिया में अभी भी उच्च पदों पर सिर्फ 12 फीसदी महिलाएं हैं और इन महिलाओं को भी वही वेतन और वही अधिकार नहीं हासिल, जो कारपोरेट दुनिया में वरिष्ठ पदों पर मौजूद पुरुषों को हासिल हैं। संविधान स्त्री के लिए शिक्षा, रोजगार, राजनीति, न्यायालय और चुनाव, हर जगह बराबरी की बात करता है। लेकिन




राजनीति में अभी भी महिलाएं पुरुषों के पासंग ही हैं। आजादी के 8 दशक गुजरने के बाद भी संसद में कभी भी महिलाएं एक तिहाई सांसदों के रूप में भी नहीं अपनी जगह बना सकीं। हालांकि महिला आरक्षण, पंचायती राज में आरक्षण जैसी प्रोत्साहन राजनीति भी जारी है। इसी तरह समान वेतन की धारणा, दहेज विरोधी कानून, घरेलू हिंसा से सुरक्षा जैसी सभी कसौटियों में आज भी वास्तविक सशक्तिकरण महिलाओं को नहीं मिल सका। इसलिए कागज में आधी दुनिया की जो सुंदर तस्वीर दिखती है, जमीन में वह तस्वीर कहीं नजर नहीं आती।

**किताबी बातें और हकीकतें**

संविधान में हासिल अधिकार सिर्फ कार्यस्थलों पर न मिलते हों, ऐसा नहीं है। भारत के घरों में भी वही स्थिति है। क्योंकि हमारे समाज का नजरिया महिलाओं को लेकर अभी भी पूरी तरह से नहीं बदला, आज भी स्त्रियों को परिवार की संपत्ति ही समझा जाता है। गांवों में लड़कियों को पढ़ाया तो जाता है, पर उतना ही जितना विवाह के लिए जरूरी हो। शहर में लड़कियां पढ़ती हैं और नौकरी करती हैं, मगर घर-परिवार से लेकर दफ्तरों तक उनसे सबसे पहले यही सवाल पूछा जाता है, शादी कब? कार्यालय में वो टीम लीडर होती हैं, पर टीम के लोगों के बीच आपस में फुसफुसाहट होती है, जरूर किसी की कृपा होगी। घर के भीतर जहां स्त्री की सबसे अधिक सुरक्षा होनी चाहिए, अपराध के आंकड़े बताते हैं, वहीं महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। सख्त कानून बनाने के बावजूद घरेलू हिंसा को अकसर घर का मामला कहकर दबा दिया जाता है। लब्बोलुआब यह कि कागजों पर तो महिलाएं सशक्त हैं पर समाज में यह सशक्तिकरण हकीकत में नहीं दिखता। विशेषकर तब जब बात कानून और पुलिस के बीच की होती है। कानून कहता है हर मामले की एफआईआर दर्ज करो, लेकिन जब महिलाएं पुलिस के पास जाती हैं तो उनके पास सबसे ज्यादा दबाव इसी बात का होता है कि समझौता कर लो। आंकड़े बताते हैं कि काउंसलिंग के नाम पर भारत में महिलाओं को आमतौर पर उन्हीं जगहों में वापस भेज दिया जाता है, जहां से उनको शिकायत होती है, जहां से वह भागकर कानून की शरण में जाने की कोशिश कर रही होती हैं। भारत की 99 फीसदी महिलाओं को इस हकीकत से गुजरना पड़ता है कि जब भी वह पुलिस के पास अपनी शिकायत लेकर जाती हैं, तो पुलिस पहली बार उंगुली उन पर ही उठाती है, कहीं झूठी तो नहीं है। कागजी अधिकार वास्तव में व्यवहार में कहीं नजर नहीं आते और अगर आते हैं तो बहुत कमजोर नजर आते हैं।

**कामकाजी दुनिया की हकीकत**

कामकाजी दुनिया में भी महिलाओं को आजादी के बाद न सिर्फ बराबरी के बल्कि विशिष्ट अधिकार भी दिए गए हैं। लेकिन व्यवहारिक दुनिया में क्या वो खरे उतरते हैं? जरा इन तथ्यों पर एक नजर डालें।

- भारत के कारपोरेट जगत में ही नहीं, सेना और कई दूसरी संवेदनशील जगहों में महिलाओं को अवसर देने से इसलिए हिचकिचाहट होती है कि महिलाएं मातृत्व से गुजरती हैं। सेना में भी मातृत्व को संकट समझा जाता है और एयरलाइंस में तो एक समय तक महिलाओं को इसी शर्त पर रखा जाता था कि एक तय समय तक वो मां नहीं बनेंगी और मां ही नहीं एक समय तक तो एयर हॉस्टेज के लिए यह भी शर्त होती थी कि अगर उनका वेट बढ़ा, तो वह अपनी नौकरी खो देंगी और किसी दूसरी जगह उनका ट्रांसफर कर दिया जायेगा।
- कारपोरेट जगत आज भी महिलाओं की भर्ती से जिन-जिन वजहों से ठिठकता है, उसमें एक यह भी है कि महिलाओं को देर रात तक ऑफिस में रोकने में मुश्किल होती है। उनके लंबे समय तक ऑफिस में न बैठने पर कमिटमेंट कर सवाल उठाया जाता है। ज्यादातर प्राइवेट क्षेत्र में भी महिलाओं को लीडरशिप का ओहदा नहीं मिलता, क्योंकि इससे पुरुषों का अहम आहत होता है और अगर महिलाएं अपनी मेहनत व कमिटमेंट से कहीं सफल हैं, तो उनकी सफलता को सौभाग्य समझा जाता है।
- स्त्री को बराबर सिर्फ वेतन में ही नहीं चाहिए होता, उसे सम्मान में भी बराबरी की दरकार होती है। लेकिन कागजों में भले विभिन्न अनुच्छेदों के चलते सम्मान की गारंटी हो, व्यवहार में समाज में उस गारंटी की कोई परवाह नहीं करता।

## आप की बात

### देश में अवैध घुसपैठ

चाहे जिस सीमा से हो और चाहे जो आये। अवैध घुसपैठ गंभीर चिंता का विषय है। देश में अवैध घुसपैठ बहुत ही खतरनाक है और यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। गत महीने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले से समझा जा सकता है कि किस तरह अवैध घुसपैठिए समाज के लिए संकट खड़ा कर रहे हैं। अभी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई उसमें अवैध घुसपैठियों का हाथ बताया जा रहा है। देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा बहुत ही गंभीर है। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं।

वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं और कानूनन वे भारतीय बन गये हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं। ऐसे में किसे घुसपैठिया करार देंगे और किस पर अवैध प्रवासी का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं और यहीं से घुसपैठ होती है। इसलिए सीमाओं को चाक-चौबंद बनाकर घुसपैठ रोकनी चाहिए। क्योंकि अवैध घुसपैठ सिर्फ देश के संसाधनों का दुरुपयोग ही नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष गंभीर खतरा भी उत्पन्न करता है। इसलिए घुसपैठ रुकनी चाहिए।

**चन्द्र प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## भारतीय गोस्वामी सभा सेवा ट्रस्ट का भूमि पूजन सम्पन्न

**अयोध्या।** अखिल भारतीय गोस्वामी सभा दिल्ली द्वारा संचालित भारतीय गोस्वामी सभा सेवा धाम ट्रट का भूमि पूजन समारोह लाला लाजपतराय नगर स्थित बाबा की मठिया गद्दौपुर में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अखिल भारतीय गोस्वामी सभा ने समारोह की सफलता के लिए स्थानीय गणमान्य लोगों की प्रशंसा की गयी। इस मौके पर गोलागोकरण नाथ खीरी लखमीपुर के भाजपा विधायक अमन गिरि ने प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी एडवोकेट को प्रशस्तिपत्र देकर व प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र गोस्वामी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समारोह में गोस्वामी समाज के बंधु एवं मातृशक्तियां गोस्वागमी बंधु की देश के 16 राज्यों की अपनी गरिमामयी उपस्थित दर्ज कराकर एक ऐतिहासिक भीड़ का एहसास कराया है। समारोह में अयोध्या धाम के गोस्वामी समाज सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों ने सभी गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह में लखीपुर के भाजपा विधायक अमन गिरि, विशिष्ट प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकृष्ण, महासचिव एजी गौस्वामी, प्रीतमपुरी, जानकीलाल गोस्वामी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री उत्कर्ष गिरि आदि उपस्थितरहे।

# विद्यालयों में मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व



**बहराइच।** मटेरा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्या, बुद्धि और वाणी की देवी मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय परिसरों को पीले फूलों, रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

श्री रामलाल शर्मा विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल, डी.एस. मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, शाइनिंग स्टार्स एकेडमी (मटेरा चौराहा) सहित क्षेत्र के कई विद्यालयों में प्रातःकाल सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए तथा ज्ञान, सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री रामलाल शर्मा विद्या मंदिर में विद्यालय प्रबंधक अनिल शर्मा, प्रधानाचार्य प्रदीप वर्मा, वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में पूजा संपन्न हुई। विद्यालय में बच्चों ने भजन, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां सरस्वती की महिमा का गुणगान किया। डी.एस. मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधक अमरीश मित्तल उर्फ डब्बू एवं प्रधानाचार्य बाबा अजीत सिंह के नेतृत्व में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में सरस्वती ज्ञान मंदिर में विद्यालय प्रबंधक रामानुजन यादव, प्रधानाचार्य उदय भान यादव के मार्गदर्शन में तथा शाइनिंग स्टार्स एकेडमी में संस्थापक रामेंद्र प्रसाद, प्रबंधक देवेंद्र प्रसाद एवं प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। तथा श्री राम लाल शर्मा विद्या मंदिर पकरा देवरिया विद्यालय से प्रेम नाथ मिश्रा, अनुज कुमार कनौजिया, शुभम भास्कर, सुनैना मिश, रुचि सिंह, सहित बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर सामूहिक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बसंत पंचमी के इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

## सिल्वर मेडल से गौरवान्वित हुआ प्रदेश



**अयोध्या।** जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम द्वारा सिल्वर मेडल जीतने पर उप्र कबडडी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह व विजेता टीम के सदस्य जिले के निवासी हर्ष तिवारी का 51 किलो की माला पहना कर स्वागत किया।

● कबड्डी संघ अध्यक्ष व विजेता टीम के सदस्य का हुआ अभिनंदन

आंध्र प्रदेश में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बनी। उसरु निवासी खिलाड़ी हर्ष तिवारी ने पूरे टूनामेंट में अपने आक्रामक, संतुलित और अनुशासित खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। देशभर की 28 टीमों के बीच हुए इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में उत्तर प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ को तथा सेमीफाइनल में गोवा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में टीम का सामना स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) से हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बाद उत्तर प्रदेश को सिल्वर मेडल मिला। प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर और संघ पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में नेशनल गेम्स में गोल्ड, सीनियर नेशनल में ब्रॉन्ज और अब जूनियर नेशनल में सिल्वर मेडल प्रदेश में कबड्डी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने आगामी 24 से 27 फरवरी तक गुजरात में होने वाली सीनियर नेशनल कबड्डी मेन्स चैंपियनशिप के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि कबड्डी स्घ निरंतर प्रयासों, प्रशिक्षण शिविरों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन से प्रदेश में कबड्डी को नई दिशा मिली है। स्वागत करने वालों में अनुसूचित मोर्चा महानगर अध्यक्ष सूरज सोनकर, डिम्पल सिंह, रणधीर सिंह, सतीश सिंह पिंटू, कुलदीप पांडेय, सूरज सोनकर, अविनाश, वैभव, रोहित वर्मा, अंकुर सिंह सभापति, कैलाश चैधरी, धर्मेन्द्र रावत, पंकज कन्नौजिया शामिल रहे।

## गामा यादव ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो में कम्बल वितरण कर मनाया शिवपाल का जन्मदिन



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव की जन्मदिन पर सपा प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य गामा यादव ने सफेदाबाद स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम मे बुजुर्गो के बीच केक व मिष्ठान व कम्बल वितरण कर मनाया। तथा अपने नेता के दुघार्यु होने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर सपा प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य श्री यादव ने उनकी कार्यशैली का वर्णन करते हुये राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव को सरल स्वभाव व हमेशा दूसरों के सुख-दुख में खड़े होकर मददगार बताया। इस मौके पर अजय गुप्ता, भीमा यादव, विजय यादव, रवि वर्मा, जयंती यादव, अमन यादव, अमन गुप्ता, आर्यन वर्मा, सूर्य मिश्रा, मोहित यादव, अंकुल यादव, पवन सिंह, सचिन यादव, अंकित शर्मा, आशीष द्विवेदी, मनोज यादव मौजूद रहे।

## 2 बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

**टिकैतनगर, बाराबंकी।** भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर पासिनपुरवा के पास एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर मे ग्राम लोधपुरवा निवासी राम कुमार पुत्र मैकूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आनंदपुरवा निवासी लवलेश पुत्र राजाराम को मामूली चोटें आईं। चैकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## नो पार्किंग मिलने पर प्रवर्तन टीम ने किये 20 चालान



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर शहर मे जाम की समस्या एंव व्यवस्थित पार्किग की सुविधा सुनिर्श्चित कराये जाने को लेकर पार्किंग स्थलो का सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका नवाबगंज संजय शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सड़को पर लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने को लेकर ओबरी से पटेल चैराहे तक पार्किंग स्थलो का भ्रमण कर चिन्हांकन किया। तो वही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नो पार्किंग मिलने पर 20 वाहनों के चालान कर चालकों को रोड सेफ्टी नियमों के प्रति लोगो को जागरुक भी किया गया।

## यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने केक काटकर मनाया डॉ. पुनिया का जन्मदिन

**बाराबंकी।** पूर्व सांसद डॉ. पी0एल0पुनिया के 81वे जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केक काटकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम मोहम्मद मोहसिन, राजेंद्र वर्मा, गुड्डू गौतम, तरुण बख्श, वीरेंद्र यादव, इरफान कुरैशी, रामहरख रावत, सना मुंही, शबनम वारसी, अमित गौतम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कंधा, कमर और गर्दन दर्द स्पेशलाइज्ड क्लीनिक का उद्घाटन



**बाराबंकी।** सिविल लाइन रोड़ कोमल नर्सरी के पास बघेल सुपर स्पेशलिटी कंधा, कमर व गर्दन दर्द स्पेशलाइज्ड क्लीनिक का उद्घाटन पूजा-अर्चना के बाद सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिह गोप व भाजपा पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने पहुंच प्रबन्धक डा0 दीपक एस बघेल को शुभकामनाये दी। इस मौके पर प्रबन्धक डा0 बघेल ने बताया कि कंधा, कमर और गर्दन के दर्द के लिए फिजियोथेरेपी, आधुनिक मशीनों की मदद से दर्द से राहत एंव सरवाइकल गठिया, और डिस्क से जुड़ी समस्याओं का इलाज उपलब्ध होगा। क्लीनिक में एंडवास रोबोटिक काबिनेशन थेरेपी, एडवास स्टीम थरेपी और एड़वास हाइड्रो थरेपी, काईरोप्रेक्टिक थरेपी, स्पोटर्स रिहैब जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा। जो दर्द कम करने मे मदद करेगी। इस अवसर पर डा0 प्रवीण चन्द्रा, डा0 संतोष सिंह, डा0 सुधीर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर काग्रेसियो ने पुष्प अर्पित कर किया नमन



**बाराबंकी।** आज पूरा भारत महान स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। नेताजी अदम्य साहस के थे। उन्होने कहा था तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया। और विदेशी धरती पर अंग्रेजों के खिलॉफ सशस्त्र संघर्ष छेड़ नेताजी के शब्दों ने भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम की दिशा बदल दी थी। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयन्ती पर आयोजित श्रद्धाजंलि कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त कहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, शिव शंकर शुक्ला, अमरनाथ मिश्रा, के0सी0 श्रीवास्तव, वीरेन्द्र यादव, मोहम्मद इरफान कुरैशी, सना चाौधरी, शिव देवी प्रधान अशोकपुर, अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## राकेश समेत 12 अधिवक्ता बने सर्वेक्षण आयुक्त

**अयोध्या।** जिला जज ने अयोध्या जनपद के लिए साधारण पैमाइश व सर्वेक्षण आयुक्तों की सूची जारी किया है। इस सूची में राकेश वैद समेत 12 अधिवक्ताओं को सालभर के लिए आयुक्त नियुक्त किया है। इसके अलावां सवेक्षण के लिए अधिवक्ता रामकृष्ण तिवारी व कृपाराम यादव तथा एकाउंट में अधिवक्ता प्रदीप चन्द्र की नियुक्ति किया है। इसके अलावां आयुष के पद पर राकेश वैद, योगेश कुमार, अजय कुमार शर्मा, शम्भूनाथ, चन्द्रभूषण नारायण चैधरी, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, रामनाथ, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, गुरू प्रसाद, पवन कुमार व अवनीश कुमार को नियुक्त किया है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया



**बहराइच 23 जनवरी।** मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में स्थल किसान पीजी कॉलेज बहराइच डॉ जेपी सिंह सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न युवा महिला मंडलो के युवाओं व राष्ट्रीय कैडेट कोर के युवा स्वयंसेवकों ने प्रतिभा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर एसपी सिंह (प्रबंधक व सचिव) विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ विपिन रावत व कार्यक्रम अधिकारी एनसीसी पंकज कुमार सिंह व नर्सिंग ऑफिसर अनवर खान ने नेताजी के चित्र पर मालयार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय ने सभी प्रतिभागियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय उनके आदर्श वह देश के आजादी में उनकी महत्वपूर्णभूमिका अनुशासन अच्छी शिक्षा आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। विशिष्टअतिथि डॉ विपिन कुमार रावत व पंकज कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य वह नेताजी के आदर्शों पर जानकारी दिया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा भाषण निबंध आदि प्रतियोगिता भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन माय भारत केंद्र के विशेष कार्य अधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए सभी अतिथिगण व प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया।

# सरकार देश वासियों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्धः अभय सिंह



**गोशाईगंज-अयोध्या।** केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने विकास के मामले में हर किसी को पीछे छोड़ दिया है, जिसका कोई जवाब नहीं है आज हर कोई खुशहाल है सभासद आरती जयसवाल भी क्षेत्र वासियो को सुबिधाए दिलाने के लिए लगी रहती है, इनकी जितनी भी प्रसंशा की जाए कम है !गोसाईगंज बाजार से हमारा बरसों पुराना नाता है और यहां के लोग हमारे परिवार के समान है। उक्त बातें गोसाईगंज अस्पताल मे 3 माह पूर्व शासन द्वारा भेजी गई एलएफटी/केएफटी (लीबर/किडनी फंक्शन टेस्ट) मशीन का शुक्रवार को फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ने मौजूद लोगों से कहीं। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राणा रवि प्रकाश द्वारा अपने सम्बोधन मे सभासद आरती जायसवाल द्वारा अस्पताल के लिए अब तक कराये गए सराहनीय कार्यों की मुक्त कंठ से प्रसंशा की गई इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे विधायक अभय सिंह, कस्बा प्रभारी कमलेश कुमार सहित सभासद आरती जायसवाल को सीएचसी प्रभारी डॉ0 राणा रवि प्रकाश एवं उनकी टीम मे शामिल महिला चिकित्सक डॉ बबिता, डॉ विकाश एवं चिकित्सक अजय दीप सिंह द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभासद श्रीमती जायसवाल ने विधायक अभय सिंह एवं सीएचसी प्रभारी डॉ राणा रवि प्रकाश सहित कस्बा प्रभारी कमलेश कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया !मौके पर एल0आई0एम0एल0 इंजिनियर विकाश गौतम, लैव मैनेजमेंट रवि सिंह, फामार्सीस्ट वीरेंद्र कुमार, लैब टेक्निशीयन ललित किशोर तिवारी, पंकज कुमार, एक्सरे टेक्निसियन डॉ0 राम सजीवन यादव, ज्योति, समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल, बजरंग समिति के अध्यक्ष/जय बाबा अमर नाथ बफार्नी सेवा समिति के सदस्य अशोक मोदनवाल, अनंतलाल सोनी, भाजपा नेता पंकज सिंह, दिनेश जायसवाल, हनुमान कसौधन, गुड्डू दूबे, हेमंत गुप्ता, डॉ ए0के0 तिवारी, मनोज पारले, एड0 उमेश चंद्र कसौधन, अरुण गुप्ता, पूर्व सभासद देश राज चैधरी, डॉ घनश्याम सोनी, मनोज जायसवाल, अनुपम सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज कलेक्ट्रेट स्थित ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सी.सी.टी.वी. कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। जिलाधिकारी द्वारा ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट वेयर हाउस/स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी उदयराज पांडे व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफ गण उपस्थित रहे।

## सेकुलर पार्टियों और एमआईएम ने सत्ता, सदन, संगठन तीनों जगहों से पसमांदा समाज को रखा वंचितः वसीम राईन



**बाराबंकी।** हिन्दू लीडरशिप पसमांदा मुस्लिम के लिए मीम से अच्छी हैं। नकली सेकुलर पार्टियो व एमआईएम पार्टी ने पसमांदा मुस्लिम समाज को कहीं का नही छोड़ा। वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल करने के साथ ही नफरत इस कदर की कि आज समाज का नेतृत्व करने वाला भी कोई नही रहा। सत्ता, सदन संगठन तीनो जगहों से समाज को वंचित रखा। उक्त उद्गार सट्टी बाजार स्थित ऑल इंण्डिया पसमादा मुस्लिम महाज कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही।

उन्होने आगे कहा कि पंजा छाप पार्टी ने तो मुसलमान से नफरत की सारी हदे ही पार कर दी। नेहरू सरकार ने आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर दलित से बदत्तर बना दिया। मुसलमानों पर यह दूसरा बड़ा हमला था। जिसे तब ही इस समाज को समझ लेना चाहिए था पर उस वक्त के हालात ही ऐसे थे कि पसमांदा चाह कर भी कुछ न कर सका। बस बेहतर भविष्य की उम्मीद में शांत रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने एमआईएम नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एमआईएम मुखिया बैरीस्टर हों या पूर्ववर्ती नेता सब पसमांदा मुसलमान को मूर्ख बनाते रहे। वोट लेकर सरकार बनवाई एवज में सिर्फ दरी बिछवाई न राज्यसभा जाने दिया और न ही संगठन में ही शामिल किया। बस झूठ के सहारे मतलब हल करते रहे जबकि पसमांदा ने साथ देने में कोई कसर बाकी नही रखी। यहां तक कि गठबंधन ने 2024 के चुनाव में उम्मीदवारी का मौका भी नही दिया। 2027 चुनाव में पसमांदा भी निराशा में जिस पार्टी से हिस्सेदारी मिलेगी वहाँ वोट करेंगा। बिना वोट लिए देश के प्रधानमंत्री ने खुलकर पसमाँदा समाज की बात की। इस अवसर पर महमूद चैधरी, अशफाक राईन, जावेद राईन, रिजवान राईन, शानू चैधरी, हारून राईन, वाजिद शाह, रियाज राईन, शफीक राईन, मुन्ना राईन, सलमान राईन, मोमिन राईन आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0द्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## डीएम ने की गणतंत्र दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस तैयारियों की समीक्षा बैठक




**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस व 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियो को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने आगामी 26 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम आयोजित करने तथा संविधान में निहित मूल

● राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर माई इंडिया, माई वोट थीम पर होंगे कार्यक्रम

भावनाओं का स्मरण कराये जाने, जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण किये जाने, विद्यार्थियों की सहभागिता से राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने जनपद मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पुलिस परेड एवं सलामी का आयोजन शासन की परंपराओं के अनुरूप किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी को समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी-अपनी तैनाती के स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा इस संबंध में कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक में 25 जनवरी 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये जनपद के समस्त बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं की उपस्थिति में मतदाता शपथ का वाचन कराये जाने, मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम स्कूलों, शैक्षिक संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में आयोजित किए जाने तथा 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माई इंडिया, माई वोट के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व निरंकार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर सुनवाई स्थलों का निरीक्षण



**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अनमैप्ड मतदाताओं को जारी की गई नोटिस की सुनवाई के लिए विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच के 02 सुनवाई स्थलों तहसील सदर बहराइच एवं नगर पालिका परिषद बहराइच का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया।

सुनवाई स्थलों के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयबद्धता के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया जाय तथा इस बात विशेष ध्यान रखा जाये कि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। सुनवाई स्थलों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद नागरिकों से भी फीड बैक प्राप्त किया। मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं है।

सुनवाई स्थल तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/एसडीएम श्रीमती पूजा चौधरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 06 स्थानों तहसील सदर, नगर पालिका परिषद बहराइच, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय हुजूरपुर, पयागपुर, चित्तौरा व खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा के कार्यालय पर नामित अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जा रही है। चौधरी ने बताया कि तहसील सदर में 05 अधिकारियों जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा सीडीपीओ नगर द्वारा सुनवाई की जा रही है।

जबकि नगर पालिका परिषद बहराइच में जिला कृषि रक्षा अधिकारी व ई.ओ. नगर पालिका द्वारा सुनवाई की जा रही है।

डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार सदर को निर्देश दिया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत समस्त सुनवाई स्थलों पर आमजन के लिए बैठने व पेयजल इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त किये जायें ताकि सुनवाई केन्द्र पर आने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

## जीवन का सबसे प्रमुख दान है रक्तदानः राम किशोर यादव

**अयोध्या।** रक्तदान जीवन का सबसे प्रमुख दान है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। उक्त विचार सोशल एक्शन का प्रोग्रेसिव नेशन फाउंडेशन एवं यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में श्री राम राज्य संकल्पना ट्रस्ट के महामंत्री राम किशोर यादव ने व्यक्त किये। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सपना फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ स्वदेश मल्होत्रा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

वहीं यूथ हॉस्टल के इकाई सचिव विवेकानंद पांडेय ने अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती राष्ट्रीय पराक्रम दिवस पर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में अमित रस्तोगी, नवनीत रस्तोगी अनुज कुमार वैश्य, आशीष महेंद्रा, अतुल कुमार चैरसिया, उत्तम बंसल, राकेश कुमार, पुनीत मिश्रा, सुरेश कुमार, अरविंद पांडेय, रमेश पाल आदि ने रक्तदान कर औरों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ममता खत्री, अनूप मल्होत्रा, डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, गोविल जायसवाल, विपिन गुप्ता, मोनिका वैश्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

संक्षेप

## गायत्री महायज्ञ के साथ मेधावी सम्मानित

**जायस, अमेठी।** परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा और अखंड दीपक की जन्म शताब्दी के अवसर पर शुक्रवार को गायत्री यज्ञशाला सरांय महेशा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के नेतृत्व में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पूरे जनपद के विविध स्थानों पर समाज हित और जन हित के कार्यों को किया जा रहा है। शुक्रवार को ब्लॉक युवा समन्वयक जन्मेजय तिवारी, ब्लॉक सह समन्वयक चंद्रकेश कुमार के नेतृत्व में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान के क्रम में राजकीय बालिका हाई स्कूल तेंदुआ, वीरांगना अवंति बाई लोधी इंटर कॉलेज ओदारी, राजकीय इंटर कॉलेज फुरसतगंज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल राजकीय इंटर कॉलेज उड़वा के मेधावी छात्र छात्राएं थी। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने यज्ञ पूजन पाठ किया और परमवंदनीया माता भगवती देवी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही शाम को दीपयज्ञ का आयोजन भी किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमेठी ने किया रक्तदान

**अमेठी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रनायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमेठी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में क्षेत्र के विशिष्ट जनों सहित स्वयंसेवकों की मौजूदगी रही। नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमेठी ने जनपद के जिला संयुक्त चित्सालय के नेतृत्व में गौरीगंज स्थित कान्हा मैरिज लॉन में रक्तदान कर नेता जी के नारे ₹तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा₹ का नारा चरितार्थ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमेठी परिवार ने समाज हित, जन हित सहित राष्ट्र हित के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प प्रखर किया। रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र सेवा प्रमुख उत्तर पूर्वी प्रदेश युद्ध वीर ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर अमेठी में रक्तदान शिविर का आयोजन नेता जी के उद्बोधन ₹तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ को अमर करने का संकल्प लेते हुए किया।

# न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ने की मां सरस्वती की आराधना

## बसंत पंचमी पर संस्थापक-प्रबंधक व सह-प्रबंधक ने किया हवन-पूजन, शिक्षकों ने गाये भक्ति गीत



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलोन में एनएसजीआई द्वारा आयोजित बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा एवं सह-प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा ने संस्थान के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह सहित समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ विद्या, ज्ञान, कला एवं संगीत की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर हवन किया और सभी के लिए सुख, समृद्धि, ज्ञान एवं सुसंस्कृत जीवन की कामना की। हवन-पूजन के उपरांत शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विवेक, अनुशासन और सृजनशीलता का प्रतीक है और इन मूल्यों को जीवंत रखने की जिम्मेदारी हम सभी पर है क्योंकि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देता बल्कि वह विद्यार्थियों के चरित्र, सोच एवं भविष्य का निर्माता होता है, उन्होंने विद्यालय के कर्मचारियों को संस्थान की रीढ़ बताते हुए कहा कि इनके परिश्रम और निष्ठा से ही विद्यालय की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चलती है। हमारे संयुक्त प्रयासों से विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की पहचान बना है। अध्यक्ष श्री सिंह ने बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की प्रगति केवल भवन या संसाधनों से नहीं, बल्कि शिक्षकों की गुणवत्ता, कर्मचारियों की कार्यकुशलता और आपसी सहयोग से होती है, आप सभी विद्यालय की गरिमा और पहचान के संवाहक हैं। इस अवसर पर शिवाकांत शर्मा सहित विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, प्रभारी प्रधानाचार्य रुची मिश्रा, प्राचार्य प्रो. डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, शिवकरन पाल, संध्या अग्रवाल, नितिन सिंह, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, संयोजक संचित गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह, डॉ अरुण चैधरी, भूपेंद्र शुक्ला, व समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी का मना पर्व व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह




**सलोन रायबरेली।** निमिषा कांवेंट स्कूल मटका सलोन रायबरेली के परिसर में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना मिश्रा शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। मां सरस्वती जो विद्या की अधिष्ठात्री देवी और सुभाष चंद्र बोस जी के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्हें बच्चों ने भी अपने पीले परिधान में इस पर्व का महत्व बढ़ाने में सराहनीय योगदान दिया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकम की समाप्ति की घोषणा की इस मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थिति रहे।

## केएनटी पब्लिक स्कूल में श्रद्धा के साथ मनायी गयी बसंत पंचमी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनटी पब्लिक स्कूल, कुड़वार में हृबसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग से सजाया गया, जिससे वातावरण में बसंत की छटा दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई और ज्ञान, बुद्धि तथा विवेक की कामना की गई। विद्यालय के बच्चों ने पीले परिधान धारण कर कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने सराहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया और कहा कि यह पर्व ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पंकज तिवारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के निदेशक वी. एन. तिवारीहृ ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक अम्बुज, अभय, अमित, सनी, जगदम्बा, शानू, आराधना, ज्योति, बबिता, किरन, रेशमाहृ सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ शांतिपूर्ण ढंग से हुआ।

## धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने की साजिश में पांच पर केस दर्ज करने का आदेश

**सुलतानपुर (वीओएल)।** धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने की साजिश करने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने अहम आदेश पारित किया है। अदालत ने कुड़वार थाना क्षेत्र के मंगापुर सरकौड़ा निवासी रुक्मणि सिंह की अर्जी पर गांव के जग विशाल सिंह, राजदेव सिंह, पूरे हनुमंत ग्रेन्ट कुड़वार निवासी राजेन्द्र सिंह और बल्दीराय थाना क्षेत्र के नरसड़ा गांव निवासी शुभम सिंह व शशी सिंह के खिलाफ पुलिस को केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। मामले में रुक्मणि ने अधिवक्ता संतोष पांडेय के जरिए दी गई अर्जी में आरोप लगाया कि उसके पति की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति पुत्र अनिल सिंह के नाम दर्ज हुई थी। अनिल सिंह की मृत्यु के बाद वह एकमात्र वारिस हैं। आरोप है कि विपक्षियों ने साजिश कर शुभम सिंह को अनिल सिंह का पुत्र दर्शाते हुए राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने का प्रयास किया। जबकि दस्तावेजों में शुभम सिंह के पिता का नाम रामसिंह दर्ज है।

## युवक का घर के सामने पेड़ से लटका मिला शव

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के दूल्हापुर गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव उसके घर के सामने स्थित पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय ज्ञान चंद्र के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी कंचन और दो बच्चों आर्यन व आयुष के साथ ससुराल दूल्हापुर में रह रहा था। ग्रामीणों के अनुसार ज्ञान चंद्र दिनभर शराब के नशे में रहता था। बताया जा रहा है कि उसने घर के सामने ही पेड़ पर चढ़कर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि आत्महत्या के पीछे के कारणों की स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। शाम करीब तीन बजे ग्रामीणों की नजर जब पेड़ की ओर पड़ी तो ज्ञान चंद्र का शव लटका हुआ दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही गांव में सनसनी फैल गई। तत्काल इसकी सूचना दोस्तपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद सब-इंस्पेक्टर जगदीश सिंह ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कराई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

# बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर के सरोजपुरम राघवपुर स्थित अनारकली युग निर्माण इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सामाजिक व शैक्षिक महत्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यारंभ संस्कार के अंतर्गत 51 नन्हे बच्चों को शिक्षा और संस्कारों की औपचारिक शुरूआत कराई गई। कार्यक्रम में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विशेष रूप से विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में हवन-पूजन के साथ सरस्वती वंदना की गई। प्रबंधक, प्रधानाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के प्रारंभिक संस्कारों से परिचित कराया गया। संस्थान प्रबंधन का कहना रहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में प्रबंधक राममूर्ति मिश्र, प्रधानाचार्या रेखा मिश्र, शिक्षक संतोष मिश्र के साथ शिक्षिकाएं सीमा साहू, रंजना पाण्डेय, शोभनाथ सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कालेज के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के सफल जीवन की कामना की।

## फोर्ट एजुकेशन स्कूल में मनायीगयी बसंत पंचमी

**सुलतानपुर।** फोर्ट एजुकेशन स्कूल, निरालनगर, सुलतानपुर में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर ज्ञान, बुद्धि और विवेक की कामना की। विद्यालय के नन्हे बच्चों ने पीले परिधान धारण कर कविता पाठ, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए,। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पर्व ज्ञान, कला और संस्कृति का प्रतीक है। इस मौके पर विद्याल के प्रबंधक इम्तियाज सुभानी सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की वरिष्ठ अध्यापक पवन शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी विद्या, विवेक और संस्कारों के प्रति चेतना जागृत करने वाला पर्व है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने आरती शुक्ला ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया। समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर विद्याल के शिक्षक व शिक्षिकाएं प्रियंका, सानिया, रेखा, समरीन, शमा परवीन, विशाल, कैफ, रोशनी, सोनल, आदि लोग उपस्ति रहे।

## हर्षोल्लास श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया बसंत पर्व

**रायबरेली।** माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के तारतम्य में अखिल विश्व गायत्री परिवार रायबरेली द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पँ श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिवस वसंत पर्व पर हजारों भक्तों ने हर्षोल्लास श्रद्धा विश्वास एवं आस्था के साथ मनाया। इस विशेष पर्व का विशेष महत्व यह भी है कि इस दिन परम पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रज्वलित अखंड दीप के भी सौवर्ष पूरे हुए तथा परम पूज्य गुरुदेव की साधना के भी सौ वर्ष पूरे हुए। इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ रायबरेली में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें हजारों याजकों ने हवन किया। इसके अलावा पंच कुंडीय यज्ञ शाला विभिन्न संस्कार संपन्न हुए जिसमें 13 यज्ञोपवीत, 4 दीक्षा, 56विद्यारंभ, 01 पुंसवन, 02 अन्नप्राशन संस्कार रहे। इस कार्यक्रम में मीना सिंह, आरसी श्रीवास्तव, हरीकान्त शर्मा, हनुमत वीर पांडे, कमल बाजपेयी, पूनमशर्मा, गिरीश श्रीवास्तव, एस पी सिंह, कृतंजय मौर्या, वृजपाल सविता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी इमाम हुसैन की पैदाइश




**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली ग्राम में शुक्रवार को 3 शाबान, इमाम हुसैन अ.स. की पैदाइश के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के तहत गांव में स्टाल लगाकर राहगीरों और स्थानीय लोगों को मिठाइयां वितरित की गईं तथा सभी को मुबारकबाद पेश की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य इमाम हुसैन अ.स. के जीवन से जुड़े इंसानियत, सच्चाई, त्याग और भाईचारे के संदेश को समाज तक पहुंचाना रहा। प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इमाम हुसैन अ.स. की पैदाइश पूरी मानवता के लिए अमन, मोहब्बत और इंसाफ का पैगाम है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अ.स. ने सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया। युवाओं से उन्होंने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कमाल खां, माशूक खां, फिरोज खां, गुलरेज, असीर खां, जिशान, कदीर, कब्बन, सद्दाम, मीनू, हारून, दिल्बहार, सनवर सहित गांव के कई गणमान्य लोग, मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को शांतिपूर्ण और सफल बनाया। मिठाई वितरण के दौरान पूरे गांव में खुशी और सौहार्द का माहौल रहा। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारे, एकता व अमन चैन बनाए रखने का संकल्प लिया।

## वसंतपंचमी के अवसर पर हवन पूजन के साथ हुआ मां सरस्वती का आह्वान



**तिलोई, अमेठी।** विद्या की देवी माँ सरस्वती का वसंत पंचमी के अवसर क्षेत्र के सभी विद्यालयों में धूम धाम से पूजन हुआ सेमरौता स्थित ज्ञानदायिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों एवम्‌ शिक्षको ने हवन पूजन कर बड़े धूम धाम से माँ सरस्वती का जन्मदिन मनाया। विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों ने हवन पूजन कर विद्या की देवी माँ सरस्वती का आवाहन कर आशीर्वाद मांगा। क्षेत्र के कुकहा रामपुर स्थित जागृति इण्टर कालेज, सेमरौता स्थित राजरानी अग्निहोत्री डिग्री कालेज, रामजानकी बाजपेयी बालिका इण्टर कालेज, सूर्यपाल अग्निहोत्री इंटर कालेज, माँ सरस्वती पब्लिक स्कूल शिवरतनगंज, संत पथिक इंटर कालेज महेशपुर में धूम धाम से वसंत पंचमी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अरुण मिश्र, बब्बन त्रिपाठी, राम प्रकाश पांडेय, सुधा शर्मा, प्राची, अमिता, मुस्कान, आराधना, साक्षी, प्रज्ञा, बनवारीलाल मिश्र, प्रदीप, आदि लोग मौजूद रहे

# सरस्वती शिशु मंदिर में हवन पूजन के साथ नया सत्र प्रारंभ



**लालगंज, रायबरेली।** विद्या भारती से संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया है। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हवन पूजन के बाद प्रत्येक वर्ष नए सत्र का प्रारंभ किया जाता है। इस अवसर पर 3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का पोथी पूजन (पट्टी पूजन) भारतीय परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया है। कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक में धार्मिक विधि विधान से संपूर्ण कार्यक्रम को संपन्न कराया। यज्ञ में आहुति देने वालों ने अध्यक्ष केसी गुप्ता, प्रबंधक कैलाश बाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, ट्रस्टी सुशील शुक्ला सहित आचार्य, अभिभावक व बच्चे शामिल रहे। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारित शिक्षा देने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने लोगों से सरस्वती शिशु मंदिर में जल्द से जल्द अपने बच्चों का एडमिशन कराने की अपील की है। बालिका विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य ममता सिंह की देखरेख में बसंत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। वहीं इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का कार्यक्रम भी मनाया गया और नीलेश शुक्ला सहित सभी ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके विचारों को समाहित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अवसर पर रामशरन अग्निहोत्री, वरिष्ठ आचार्य राम नारायण सिंह, रमेश मिश्रा, अशोक यादव, रामशरण अग्निहोत्री, सुरेश वर्मा, आर्या श्रीवास्तव, जगदेव प्रसाद वर्मा, दिवाकर सिंह, रमेश बाजपेई, शिवांकरी तिवारी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, दिव्यांशी बाजपेई, शालिनी मिश्रा, शिवांगी विश्वकर्मा आदि आचार्य भी शामिल रहे।

## हर्षोउल्लास से मनाया गया वसंत पंचमी पर्व

**भेटुआ, अमेठी।** विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का वसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती शिक्षा मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम भारती परतोष मे प्रधानाध्यापक विवेक कुमार शर्मा, अभिभावक व शिक्षक व बच्चों ने हवन पूजन बड़े बिधि विधान से किया। वसंतोत्सव के अवसर पर बच्चों ने विद्यालय परिसर मे भव्य मेले का भी आयोजन किया। मेले मे तरह तरह के व्यंजनों कि बिक्री छात्र छात्राओं ने बड़े चाव से किया। इस अवसर पर आये हुए समस्त अभिभावकों के लिए बच्चों ने शैक्षिक प्रदर्शनी भी लगाई। इस प्रदर्शनी मे जिसमे रदर फोर्ट एटामिक ए स्टेक्कर, ह्युमन श्वसन तंत्र चंद्रयान जैसे दो दर्जन से अधिक प्रदर्शनीयों का प्रदर्शन किया।

## राजकीय कॉलोनी स्थित ग्राउंड में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन

**रायबरेली।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित राजकीय कॉलोनी के ग्राउंड में शुक्रवार को करीब 5:30 बजे ब्लैकआउट मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। ब्लैकआउट अभ्यास के दौरान स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग तथा मिलिट्री के जवानों की सक्रिय सहभागिता रही। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितिं में आमजन को स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी देना तथा विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को परखना था। ड्रिल के दौरान यह अभ्यास कराया गया कि ब्लैकआउट की स्थिति में किस प्रकार घरों व खुले स्थानों पर रहकर स्वयं को सुरक्षित रखा जाए, अनावश्यक रोशनी से कैसे बचा जाए और आपदा के समय प्रशासनिक निर्देशों का पालन कैसे किया जाए। लोगों को घबराने के बजाय संयम बरतने और सतर्क रहने के संदेश भी दिए गए। इस मौके पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ कुमार ने ब्लैक आउट मॉक ड्रिल को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के अभ्यास आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में जनहानि को न्यूनतम किया जा सके।

# एसडीएम ने किया ओरीदास मंदिर मेले का शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज के मोन गांव में सैकड़ो वर्ष प्राचीन बाबा ओरीदास के मंदिर के मेले का शुभारंभ उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व ग्राम प्रधान श्यामकला द्वारा हवन पूजन के पश्चात कराया गया। शुक्रवार को बसंत पंचमी की सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए लाइनों में खड़े रहे। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बसंत पंचमी के दिन से हवन पूजन व भण्डारे के बाद मेले की शुरूआत हुई। मोन गांव स्थित इस मंदिर पर लोगों की अटूट आस्था भी है। यहां लगने वाले विशाल मेले में रायबरेली जनपद ही नहीं आसपास के जनपदों से भी लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। और ओरीदास बाबा पर जलाभिषेक व दर्शन करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे एसडीएम गौतम सिंह, ग्राम प्रधान श्यामकला व मेला कमेटी ने हवन पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। मेले का शुभारंभ करने के बाद उपजिलाधिकारी ने मेले में घूमकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मेले के व्यवस्थापक सीताराम, अमरेंद्र सिंह, रज्जन महराज, सुशील पांडेय, अंशुमान मिश्रा, धनंजय सिंह, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**लखनऊ कैंट के कमांडो पहलवान ने जीता फाइनल कुश्ती का खिताब :** बसंत पंचमी पर ओरीदास मंदिर मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में लखनऊ कैंट के कमांडो पहलवान ने कानपुर के कुलदीप पहलवान को हराकर फाइनल कुश्ती का खिताब जीता। इसके पहले गैर जनपदों व क्षेत्रीय पहलवानों के बीच दर्जनों कुश्तियां हुई। जिसमें लखनऊ के सचिन, मोहित व चंदन आदि का बेहतर प्रदर्शन रहा। दंगल में विजेता और उपविजेता पहलवानों को आयोजक समीर सिंह उर्फ आशू सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत बैठक आयोजित

**गौरीगंज, अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग को सौपे गये दायित्वों के क्रम में परिवहन विभाग अमेठी ने एडीएम (वि/रा) अमेठी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति के स्टेक होल्डर विभागों के साथ जनपद में संचालित स्कूलों जिनमें बच्चों को ले जाने व ले आने हेतु वाहन संचालित होते हैं के प्रबंधक / प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# एम्स रायबरेली में ग्लूकोमा जागरूकता पर सीएमई आयोजित




जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** ग्लूकोमा जागरूकता माह के अवसर पर एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग द्वारा एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ह्लसाइलेंट थीफ ऑफ साइट, नो ग्लूकोमा, सेव विजनह्व रही। यह शैक्षणिक कार्यक्रम नेत्र रोग विभाग के सेमिनार कक्ष, वार्ड 7सी में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक, एम्स रायबरेली के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लूकोमा के शीघ्र निदान एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जो विश्वभर में अपरिवर्तनीय अंधत्व के प्रमुख कारणों में से एक है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्रृंखल द्वारा स्वागत संबोधन एवं विषय परिचय से हुई। इसके पश्चात प्रो. (डॉ.) प्रगति गर्ग, आयोजन अध्यक्ष एवं डीन (परीक्षा) ने ह्लअर्ली ग्लूकोमा, अर्ली एक्शनरू चेंजिंग द नैचुरल हिस्ट्रीह्व विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंतिम वैज्ञानिक सत्र में डॉ. एस. के. भास्कर ने ह्लग्लूकोमा में अंतःनेत्र दाब एवं अन्य दाबह्व विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में कर्नल अखिलेश सिंह (उप निदेशक प्रशासन), डॉ. अर्चना वर्मा (डीन रिसर्च), कर्नल यू. एन. राय (वित्त सलाहकार), एम्स रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संक्षेप

## बसंती कमरे का सौंदर्य देख अभिभूत हुए भक्त

**मथुरा।** बसंत पंचमी के अवसर पर वृंदावन स्थित शाहजी मंदिर में ठाकुर छोटे राधारमण लाल जू बसंती कमरे में विराजे। स्वर्ण रजत आभा की सतरंगी छटा लिए विशाल महल में आराध्य की मनोरम छवि ने सभी का मन मोह लिया। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शाहजी मंदिर का सफेद संगमरमर की नक्काशी से समृद्ध स्थापत्य जहां अपने वैभव को परिलक्षित कर रहा था वहीं सेवा में समर्पण का वैभव मानो इसे और दिव्यता प्रदान करने की तत्परता में था। सुबह से ही भक्तजन ठाकुर छोटे राधारमण लाल जू के बसंती कमरे में दर्शन करने की लालसा से कतारबद्ध होने लगे। ठाकुरजी मनभावन और आध्यात्मिक आकर्षण के केंद्र बसंती कमरे के सौंदर्य में अभिवृद्धि करने तथा भक्तों को आनंदित करने हेतु ही यहां विराजते हैं। बसंती कमरे में लगे आदमकद और छोटे विविध नक्काशीदार आकृतियों के आईने, ऐतिहासिक और वृहद झाड़ फानूस तथा रंगबिरंगी रोशनी जिसके आधार में रमा बसंती रंग इस बसंती कमरे के सौंदर्य को निहारने का अपना अद्भुत अलौकिक अनुभव प्रदान करता है। जिसके लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस अनुपम दृश्य को अपनी स्मृतियों में कैद करने की श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही।

## एसएसएम पॉलीटेक्निक में गूंजी सरस्वती वंदना



**मथुरा।** ए.एस.एम. पॉलीटेक्निक कॉलेज, मथुरा के सेमिनार हॉल में बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, 'बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज निदेशक प्रोफेसर डा0 श्याम सुन्दर अग्रवाल, ए.एस.एम. पॉलीटेक्निक निदेशक विशाल लाल गोस्वामी, डीन (एकेडमिक) प्रो. डॉ. लोकेन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार भगवान सिंह एवं डिप्टी रजिस्ट्रार आशुतोष दुबे द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन उमाशंकर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डॉ शैलेंद्र कुमार एवं मनीष अग्रवाल द्वारा चेयरमैन का सम्मान किया गया। संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि बसंत पंचमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि नई ऊर्जा के साथ सीखने की शुरूआत है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे तकनीक के साथ-साथ अपने नैतिक मूल्यों को भी ऊंचा रखें। पूजा और मुख्य संबोधन के समापन के पश्चात, एएसएम पॉलिटेक्निक के डायरेक्टर विशाल लाल गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया एवं कहा, हम प्रतिबद्ध हैं कि मां शारदे के आशीर्वाद से यह संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों तथा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# बसंत पंचमी पर बांकेबिहारी मंदिर में जमकर उड़ा गुलाल



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** बसंत का उल्लास पीले फूलों का चहकना और जन-जन के आराध्य प्रभु बांके बिहारी के दरवार में गुलाल उड़ने और बांके बिहारी लाल के जयकारों के साथ आज बंसत पंचमी का पर्व मंदिर में अपूर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही दूर-दूर से बिहारीजी की शरण में लोग पहुंचे। वैसे तो संपूर्ण वृन्दावन के मंदिरों में वसंत पंचमी की धूम मची रही, लेकिन बकि बिहारी मंदिर में उल्लास कुछ अलग ही था। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती रही। भारी भीड़ के कारण प्रभु के दर्शनों को लेकर लालयित देखे गए। महिला पुरूषों ने आज माता सरस्वती के पर्व बसंत के दिन प्रभु बकि बिहारी के दर्शन कर अपने को धन्य कर लिया। मंदिर में भीड़ संभालने के लिए पुलिस की पूरी व्यवस्था थी। मंदिर मार्ग पर भीड़ को देखते हुए अलग से व्यवस्थाएं की गई। भगवान बांके बिहारी को प्रसाद और

● दर्शन पाने के लिए लालयित नजर आये भक्त

पीले फूलों की माला भक्तों द्वारा अर्पित की गई। मंदिर परिसर बिहारीजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धा और भक्ति का यह अनूठा संगम मंदिर प्रांगण में भक्ति की अलख जगा रहा था। दिल्ली सहित लखनऊ, मेरठ, हरियाणा और दूसरे प्रान्तों से आए महिला पुरूष भक्तों ने अद्धा भाव के साथ प्रभु के चरणों में नमन किया। बसंत पंचमी पर्व होने के कारण मंदिर में आज विशेष आयोजन किया गया। प्रभु बकि बिहारी को पीले वस्त्रों की पोषाक धारण करायी गई। आज के दिन विशेष प्रसाद प्रभु को रखा गया। बांके बिहारी मंदिर के अलावा ठाकुर राधाबल्लभ, मदनमोहन मंदिर, स्कॉन, रंगजी मंदिर सभी जगह आज भारी भीड़ देखी गई। वृंदावन में अक्सर मेला और पर्व पर व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न हो जाती हैं। आज पुलिस की चैकसी बरकरार रही। श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा गया था। बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी भी आज काफी उत्साहित थे। आज वाँकेबिहारी महाराज मंदिर में अबीर गुलाल की जमकर वर्षा हुई, जिसमें सराबोर होने हेतु तमाम भक्त दर्शनार्थी लालायित दिखाई दिए। पर्व को खास बनाने के लिए प्रायः सभी छोटे बड़े मंदिर, मठ एवं देवस्थानों के साथ ही साथ अनेक आश्रमों में भी पिछले लम्बे वक्त से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रहीं थीं। महोत्सवीय मौके पर मनमोहक बसंती आभा बिखेर रहे सजे संवरे मंदिर- देवालयों में विराजमान अपने अपने इष्टदेवों का बसंती अंगार कर सेवायतों ने बसंत पदावलियों तथा प्राचीन समाज वाणी ग्रंथों का सुमधुर गायन किया। उत्सव में शामिल तमाम भक्तगण अबीर गुलाल की बारिश के बीच नाम संकीर्तन करते हुए थिरकते नजर आए।

## नेताजी की जयंती पर जिपंअ ने कराया देशभक्ति, त्याग की भावना का स्मरण

**मथुरा।** आज एम.डी. बाल इंटर कॉलेज, ओल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं स्वर्गीय श्रीमती मालती देवी जी व स्वर्गीय श्रीदेवी सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का कालेज के प्रबंधक अन्य गणमान्यों ने माला एवं श्रीराधाकृष्ण की तस्वीर देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने स्कूली छात्र-छात्राओं को देशभक्ति, त्याग और सेवा की भावना को स्मरण करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलवाया। साथ ही स्वर्गीय मालती देवी एवं स्वर्गीय देवी सिंह के सामाजिक योगदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। हम सभी मिलकर नेताजी के सपनों के भारत के निर्माण के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में ओमवीर सिंह राणा, निरंजन सिंह सोलंकी, पदम सिंह, सुरेश तरकर, वीरेंद्र कुंतल, प्रताप सिंह राणा, अरविंदी, कर्मवीर सिंह, विजेंद्र, नरेश कटारा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## नेताजी की जयंती मनायी, बसंत पंचमी पर हुआ हवन

**मथुरा।** विद्याभारती विद्यालय कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज माधव कुंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, वीर हकीकत राय बलिदान दिवस और बसंत पंचमी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के पूर्व छात्र शोभित अग्रवाल (सीए), गायत्री परिवार से आचार्य पण्डित रवींद्र तिवारी, विद्यालय प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, वाणिज्य प्रवक्ता विनय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ आचार्य महेश शर्मा द्वारा माँ शारदे एवं सरस्वती शिशु मन्दिर योजना के जनक परम पूज्य श्रीगान्धी समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य प्रवक्ता विनय कुमार ने वीर हकीकत राय के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का परिचय गणित विशेषज्ञ सीताराम बघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ सुरेश कुमार द्वारा किया गया, कार्यक्रम के संयोजक जीव विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र कुमार रहे। बसंत पंचमी के अवसर पर छात्रों ने माँ सरस्वती की की पूजा अर्चना की।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के केशवदेव मंदिर को दिया बसंती कमरे का स्वरूप



**मथुरा।** बसन्त पंचमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित केशवदेव मन्दिर को वासंती वस्त्रों पुष्प पत्रों व आकर्षक विद्युत सज्जा से आच्छादित कर वसंती कमरे का स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर भागवत-भवन स्थित श्रीराधाकृष्ण मन्दिर में भी विशेष सज्जा कर ठाकुरजी को विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक व शृंगार धारण कराया गया। पूर्वाह्न में वाग्देवी सरस्वती के पूजन के साथ श्री विग्रहों को गुलाल अर्पित कर ब्रज में होली अवगाहन किया गया तथा होलिका दहन स्थल पर परम्परा अनुसार एरंड का डांड़ा स्थापित किया गया। तत्पश्चात भक्तों को वृहद मात्रा में पुष्पान्न प्रसाद वितरण अनवरत किया जाता रहा। केशवदेव जी के मनोहारी स्वरूप के दर्शनार्थ भक्तों की भीड़ शयन पर्यन्त बनी रही। इस अवसर पर लीला मंच पर आयोजित होली गायन में ब्रज के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक प्रथमेश लाल गोस्वामी ह्नलड्डू जीह्न द्वारा अपने गायन से सम्पूर्ण प्रांगण को होलीमय कर दिया, उनके गायन पर देश के विभिन्न प्रान्तों से आए श्रद्धालु बरबस ही नृत्य कर रहे थे, शास्त्रीय गायन के साथ वनमाला जी की नृत्य मुद्राओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और प्रांगण करतल ध्वनि से गूंजता रहा।

# दिल्ली में युवा सम्मेलन में संस्कृति विवि के कुलाधिपति ने की भागीदारी



**मथुरा।** दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में ह्ल2047 तक विकसित भारतह्न विषय को लेकर आयोजित यूथ कॉन्क्लेव में संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने भागीदारी कर देश के चुनिंदा राजनीतिक नेताओं, समाजिक उद्यमियों, खिलाड़ी और सांस्कृतिक हस्तियों के साथ अगली पीढ़ी की आकांक्षाओं और चुनौतियों पर चर्चा में भाग लिया। चर्चा में राष्ट्र निर्माण, लचीलापन, शिक्षा, करियर और सार्वजनिक जीवन पर युवाओं के नेतृत्व वाली बातचीत को बढ़ावा देने के लिए यह युवा सम्मेलन एक मील का पत्थर बना।

युवा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू शामिल होंगे, जो ह्लविकसित भारतह्ल के लिए युवा दिमागों को प्रेरित करने पर ध्यान केंद्रित किया। दोपहर में सांसद बांसुरी स्वराज, डॉ. हेमांग जोशी और शाम्भवी चैधरी शामिल हुए, जिन्होंने युवाओं के नजरिए से शासन पर एक दृष्टिकोण पेश किया। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने जमीनी राजनीति और जनसंपर्क पर बात की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21वीं सदी के युवाओं के वादे और संभावनाओं पर बात की। बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे बॉस हैं. जब मेरे बॉस ने नितिन नबीन को अपना बॉस बताया है तो ऑटोमेटिक नितिन नबीन मेरे भी बॉस हुए. ये बीजेपी है. दायित्व तो अनेक हैं। हर कार्यकर्ता का अपना-अपना महत्व है। शास्त्रों को सिलेबस में शामिल करने वाले सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्लहमारे भारत में सभ्यता, सनातन ये कोई अलग कहानी नहीं है. हमारे देश में कुछ लोग आंखों पर परदा डालकर रखे हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा.सचिन गुप्ता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर संस्कृति विवि में युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए दी जा रही कौशल और नवोन्मेष वाली शिक्षा की जानकारी दी। डा. गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि विवि किस तरह से शोध और स्टार्टअप के द्वारा निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि आपके प्रयास निसंदेह सराहनीय हैं।

# महोत्सव में 2100 दीपों से हुई महाआरती



**आगरा।** राष्ट्रीय अग्रसेना ट्रस्ट की ओर से रामलला के मंदिर में तृतीय प्राण प्रतिष्ठा वर्ष पर हलवाई की बगीची स्थित साई बाबा मंदिर में निमार्णाधीन अग्रसेना भवन पर राममय महोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। शुभारंभ संरक्षक मुरारी प्रसाद अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, पवन चंद विधि चंद और कामता प्रसाद अग्रवाल ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि राममय महोत्सव में राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा अशोक सिंघल और वीर बलिदानियों कि शौर्य को नमन किया। अंतराष्ट्रीय कथावाचक अरविन्द जी महाराज और पं. मुकेश शर्मा के संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ, प्रभु रामलला का फूलों से महाभिषेक किया गया। मुख्य संरक्षक सुरेश चंद गर्ग ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन और सीता जी के स्वरूपो और झांकियों के माध्यम से लघु रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। महोत्सव में रामभक्तो द्वारा 2100 दीपकों से दिव्य महाआरती मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा जल्द ही एक सामाजिक भवन की सौगात मिलने जा रही है। कार्यकम अग्रसेना भवन में निमार्णाधीन भवन के अवलोकन से प्रेरित होकर राजकुमार गर्ग ट्रस्टी के रूप में और संजीव गोयल संरक्षक के रूप में और रिनेश मित्तल और पवन मित्तल सदस्य के रूप में सहमति प्रदान की। इस दौरान पूरा परिसर जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। भक्तो ने महाआरती के पश्चात प्रसादी का भोग किया। महोत्सव की व्यवस्था महामंत्री अंबुज अग्रवाल, सचिव राम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तनुज अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय सिंघल, अनुज अग्रवाल, भूपेन्द्र अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल ने संभाली। इस अवसर पर हेमलता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, एकता जैन, विनीता गोयल, कीर्ति, पायल, भावना, रितु आदि मौजूद रहे।

## सर्जन फाउंडेशन के तत्वावधान में महिलाओं को गर्म कंबल वितरित

**आगरा।** सृजन फॉउंडेशन के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से सुभाष जयंती 23 जनवरी तक चलने वाले सेवा ही धर्म पखवाड़े के अंतर्गत आज अवधपुरी में संस्था सृजन फॉउंडेशन की प्रेरणा से श्रीमती भूपिंदर कौर ने अपनी पुत्रवधू जसप्रीत कौर के जन्मदिन पर सेवा को चुना और गरीब असहाय महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ आनंद राय एवं संस्था अध्यक्ष अदिति कात्यायन ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ आनंद राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि सभी में एक ही ब्रह्म है। इसलिए अपने गरीब और अशिक्षित भाईयो.में उसी ब्रह्म का अंश है जो हममें हैं। दरिद्र में, दुःखी संतप्त में शिव की दर्शन करो। केवल अपना मोक्ष चाहोगे तो नर्क में गिरोगे। दूसरों का मोक्ष चाहो -पर सेवा के लिए नर्क भी भोगना पड़े तो वह अपनी मुक्ति द्वारा अर्जित स्वर्ग से भी ज्यादा उत्तम है। तूलिका दास सक्सेना ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी का उदाहरण हमारे सामने है। समाज के मोक्ष के लिए पिता, पुत्र, पत्नी सब कुछ त्याग दिया।

संस्था की अध्यक्ष अदिति कात्यायन ने कहा कि हममें से प्रत्येक को रात दिन प्रार्थना करनी चाहिए कि उनके कल्याण के लिए जो दरिद्रता, पाखंड और अत्याचार के पाश में बंधे हैं, भारत के उन करोड़ों दलितों के लिए रात दिन प्रार्थना करो। इन लोगों को अपना ईश्वर मानो। अवनीश मनु ने संचालन किया। अविनाश वर्मा, डॉ अमन सक्सेना, श्रीमती मीना चाहर विलासगंज, हर्ष दयाल, भूपिंदर कौर किट्टू, जतिन्दर कौर, सीमा सारस्वत, राखी वरुण आदि उपस्थिति थे। अंत में आभार व्यक्त अदिति कात्यायन ने किया।

## इंडियन मेडिकल एसो. आगरा ने लिया बालिकाओं के चहुमुखी विकास का संकल्प

**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसो. आगरा ने आईएमए भवन पर बसंतोत्सव मनाते हुए, 24 जनवरी को नेशनल गर्ल्स डे पर समाज को लड़कियों की सुरक्षा, उनके पौष्टिक खान पान, स्वास्थ्य, पढ़ाई लिखाई के लिए जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए पोस्टर विमोचन किया। सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ आईएमए आगरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए, हे शारदे मां स्तुति के साथ शुरू किया। सांस्कृतिक सचिव डॉ अमिता कुशवाहा, डॉ पवन गुप्ता, डॉ अनूप दीक्षित ने सभी लोगों के साथ सभी सदस्यों ने इस भजन को गाया। अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने बताया वैसे तो प्रत्येक दिवस कन्या पूजन से ही सार्थक है और हम सभी इसी संस्कृति के ध्वज वाहक है और आईएमए आगरा इस बात को पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के मध्य रखता है कि कोई भी राष्ट्र तब ही सशक्त हो सकता है जब उस राष्ट्र की बालिकाएं सशक्त हो, शिक्षित हो, पोषित हों और यही आवाह्न 24 जनवरी को बालिका दिवस पर शहर से हम करेंगे। सचिव डॉ. रजनीश मिश्रा ने बताया कि आईएएस के विभिन्न हॉस्पिटल्स, क्लीनिक में पोस्टर बैनर के माध्यम से जनता के मध्य इस विचार को लेकर हम लोग जायेंगे। कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश भारद्वाज ने बताया कि सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी आईएमए आगरा इस थीम को प्रचारित करेगा। वूमेन कमिटी की चेयरमैन डॉ. स्वाति द्विवेदी ने बताया कि नारी सुरक्षा, गुड टच बैड टच जैसे विषयों पर उनकी कमिटी प्रत्येक माह में दो कार्य करती है और इस कार्यक्रम में भी कुछ स्कूलों को गोद लेगी। कार्यक्रम में डॉ हरेंद्र गुप्ता, डॉ ओ पी यादव, डॉ रवि पचौरी, डॉ वाई बी अग्रवाल, डॉ एस के कालरा, डॉ रेखा रानी, डॉ मानवेंद्र शर्मा, डॉ मोहनिया, डॉ अनंग उपाध्याय, डॉ सीमा सिंह, डॉ अर्पिता, डॉ करन रावत, डॉ दीप्ति माला, डॉ आशंक गुप्ता, डॉ अभिनव, डॉ एल के गुप्ता सहित अन्य कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सिटी जोनल कार्यालय का निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में नगर निगम मथुरा वृन्दावन के सिटी जोनल कार्यालय जनरल गंज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 151 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा मैपिंग/ मिलान/ लिंक कार्यों में छूटे हुए मतदाताओं को नोटिस निर्गत किए गए है तथा उनकी सुनवाई की जा रही है।

नगर निगम कार्यालय जनरल गंज में तहसीलदार मथुरा जितेन्द्र सिंह को मतदेय स्थल संख्या 361 से 368 तक, नायब तहसीलदार फरह अनमोल गर्ग को मतदेय स्थल संख्या 21 से 31 तक, नायब तहसीलदार मथुरा पंकज यादव को मतदेय स्थल संख्या 276 से 288 तक, खण्ड विकास अधिकारी मथुरा राकेश कुमार को मतदेय स्थल संख्या 378 से 384 तक, अपर नगर मजिस्ट्रेट वृन्दावन राजकुमार चैधरी को मतदेय स्थल संख्या 11 से 20 तक, डिप्टी कलेक्टर सुशील सिंह को मतदेय स्थल संख्या 209 से 221 तक, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह को मतदेय स्थल संख्या 312 से 321 तक, डिप्टी कलेक्टर नरेन्द्र सिंह यादव को मतदेय स्थल संख्या 403 से 413 तक, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार को मतदेय स्थल संख्या 187 से 195 तक, डिप्टी कलेक्टर दीपिका मेहर को मतदेय स्थल संख्या 251 से 272 तक, नायब तहसीलदार प्रशान्त सिंह को मतदेय स्थल संख्या 69 से 76 तक, अपर नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृन्दावन राकेश त्यागी को मतदेय स्थल संख्या 134 से 143 तक, खंड विकास अधिकारी मथुरा ज्योती शर्मा को मतदेय स्थल संख्या 466 से 474 तक, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विनोद ढाका को मतदेय स्थल संख्या 32 से 39 तक तथा फाइनेंस ऑफिसर जिला पंचायत राहुल यादव को मतदेय स्थल संख्या 298 से 305 तक के मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि आपको अभी तक अपने बीएलओ से नोटिस नहीं प्राप्त हुआ है, तो अपने बीएलओ से संपर्क कर नोटिस प्राप्त करें। नोटिस में दिए गए समय, तिथि एवं स्थान को अवलोकित करले और उसी के क्रम में अपने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष सुनवाई हेतु अपने अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि यदि आपका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं है तो नए नामांकन हेतु फॉर्म 6 भरकर जमा करे, विलोपन के लिए फॉर्म 7 भरे तथा सुधार/स्थानांतरण के लिए फॉर्म 8 भरे। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा उक्त कार्य भी सुनिश्चित किया जा रहा है।



## धर्म, संस्कृति और समरसता का संदेश देगा ताजगंज का विराट हिंदू सम्मेलन




**आगरा।** सामाजिक एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ताजगंज क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को सकल हिन्दू समाज की ओर से सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन ताज पश्चिम गेट स्थित होटल सिद्धार्थ में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सूरज प्रकाश दत्त और समिति अध्यक्ष जानकी नाथ कपूर ने बताया कि 26 जनवरी को होने जा रहे सम्मेलन से पूर्व ताजगंज क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सम्मेलन में संत-महंत, धर्माचार्य, प्रबुद्धजन और युवाओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सह संयोजक भारत गौड़ ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मेलन ताजगंज के कसेरट बाजार में दखनाई गेट में हिन्दुओं को सकारात्मक दिशा देने और आपसी एकता को मजबूत करने का कार्य करेगा। मीडिया प्रभारी राजू गोयल ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता संघ के ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र और मुख्य अतिथि महंत योगेश पुरी उद्बोधन देंगे। इसके साथ ही हिंदू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने पर भी विशेष चर्चा होगी। इस अवसर पर मदन वर्मा, रितु अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, आनंद पोरवाल सिद्धार्थ अरोड़ा, योगेश वर्मा, शिवसिंह, केशव वशिष्ट राजू कोहली, राजेंद्र अग्रवाल, केशव आदि मौजूद रहे।

## श्री वरद वल्लभा महा गणपति मंदिर में श्रद्धा व उल्लास से मनाया श्री गणपति का जन्मोत्सव

**आगरा।** दुख हरता मंगल करता सिद्धि विनायक गणपति जी का जन्मोत्सव श्री वरद वल्लभा महा गणपति मंदिर, जलेसर रोड, आगरा पर अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में गणपति भक्तों का तांता लगा रहा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य आरती का आयोजन किया गया, वहीं पंडित लखन दीक्षित पंडित नीरज पाराशर द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। मंदिर में घंटे-घड़ियालों की गूंज, शंखनाद और ह्लगणपति बप्पा मोरयाह्ल, ह्लजय श्री गणेशह्ल के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने सुबह से लेकर देर रात्रि तक गणपति बाबा के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की प्रार्थना की, भक्तों ने पुष्प, दुर्वा और मोदक अर्पित कर श्री गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की, भव्य आरती पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे जन्मोत्सव की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में सभी वर्गों के भक्तों की सहभागिता रही और पूरे आयोजन में भक्तिभाव की अद्भुत छटा देखने को मिली। मुख्य रूप से ममता टपलू, चाँदनी भोजवानी, श्याम भोजवानी, डॉ विनोद, अनिल सिंह, दीक्षा, विनीता, राजा आदि उपस्थित थे।

## फिटनेस सेंटर में हो रही धांधली के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिला आगरा ने दिया ज्ञापन

**आगरा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम दिया। निजी फिटनेस सेंटर में हो धांधली के विरोध में यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि परिवहन व्यवस्था एवं जनता को देने के लिए चिंता का विषय है वर्तमान में हाल ही में नॉर्थ मिनिस्ट्री आफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे द्वारा यह निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक जिलों में तीन-तीन केंद्र खोले जाएं। यह पहल सराहनीय है किंतु वर्तमान में अधिकांश जिलों में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित है। वहां अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निवेदन है कि प्राइवेट फिटनेस सेंटर के क्रियाशील होने के साथ सरकारी फिटनेस सेंटरों को बंद ना किया जाए। सभी सेंटरों को नियमित निगरानी में और हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल प्रारंभ किया जाए ताकि वाहन स्वामी अपनी शिकायत दर्ज कर सकें। अरुण कुमार ने आश्वासन दिया है कि वह आगरा के सभी समस्याओं का मुख्यमंत्री को आपका ज्ञापन पहुंचाऊंगा। अरुण कुमार ने बताया आगरा में भी फिटनेस सेंटर 8 करोड़ की लागत से बना हुआ है। उसमें सिर्फ मशीनों की आवश्यकता है। जो की 2 करोड़ की लागत आएगी वह अगर आगरा में आ जाएगी तो कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा। प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, प्रदेश मंत्री दीपक शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष अनुराग गोयल, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, निखिल मतलानी, कोषाध्यक्ष रामकुमार गोयल, प्रदेश युवा संयुक्त महामंत्री किशोर बुधरानी, मेघराज दियालानी, अजय तिवारी, नरेश वर्मा, मोनू बघेल आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## टूंडला प्रेस क्लब ने बसंत पंचमी पर किया ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन



**टूंडला।** टूंडला प्रेस क्लब द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब परिसर में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया व क्लब के सभी पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर सद्बुद्धि की कामना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष सोमेंद्र पोनिया ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान कला और संस्कृति का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी पत्रकारों अतिथियों का प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय व अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने पट्टिका पहनाकर स्वागत किया और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां उपाध्यक्ष महेश ठैनुआ सचिव विवेक शर्मा महामंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह सन्तोष शर्मा विमल किशोर अनुज रावत योगेंद्र सिंह कुलदीप उपाध्याय जगदीश प्रसाद धीरज बघेल सुनील गर्ग कपिल देव आदि पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## नामनेर निवासियों ने दुर्गा मंदिर में यज्ञ कर मनाया तृतीय राम मंदिर स्थापना दिवस

**आगरा।** माँ दुर्गा मंदिर नामनेर पर नामनेर निवासियों ने तृतीय श्री राम मंदिर स्थापना दिवस पर ₹श्री राम रामाय नमः स्वाहा₹ मंत्र का जाप करते हुए यज्ञ किया। यज्ञ से पूर्व श्री गणेश, माँ दुर्गा एवं समस्त देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन किया। यज्ञ के उपरांत खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर संकल्प सेवा संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने बताया कि 500 वर्षों से बहुप्रतीक्षित जन जन के आराध्य श्रीराम लला का अयोध्या में मंदिर हिंदुओ के गौरव का प्रतीक है एवं श्री राम का चरित्र अतुलनीय एवं प्रत्येक हिन्दू के लिए अनुकरणीय है। यज्ञ में सर्वश्री सतीश शर्मा, श्रीमती लता शर्मा, ब्रजेश अग्रवाल, उदय प्रताप बघेल, संजय शर्मा, ब्रजेश पंडित आदि श्रद्धालु उपस्तिथ रहे।

संक्षेप

## फॉक्सवैगन ने टायरॉन आर लाइन की असेंबली शुरू की

नई दिल्ली। फॉक्सवैगन इंडिया ने भारत में टायरॉन आर-लाइन के स्थानीय असेंबली उत्पादन की शुरूआत के साथ एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर स्थित प्लांट में असेंबल की जा रही टायरॉन आर-लाइन, ब्रांड की वर्ष 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च योजना के अनुरूप प्रोडक्शन लाइन से निकलना शुरू हो गई है हमारे छत्रपति संभाजी नगर प्लांट में एक और विश्व-स्तरीय मॉडल टायरॉन आर-लाइन के उत्पादन की शुरूआत, फॉक्सवैगन इंडिया के एसयूवी पोर्टफोलियो के लिए एक रणनीतिक कदम है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटोरोला सिग्नेचर

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लॉन्च किया है। यह अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन बेहद लग्जरी है, और अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो बेजोड़ उत्कृष्टता चाहते हैं, सिग्नेचर फ्लैगशिप अनुभव को दुनिया के पहले कैमरा इनोवेशन, शानदार लग्जरी क्राफ्टमैनशिप, नेक्स्ट-जेनरेशन परफॉर्मेंस और क्यूरेटेड लाइफस्टाइल प्रिविलेज के साथ फिर से परिभाषित करता है। इस प्रीमियम इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए, मोटोरोला ने मोटो वॉच पावर्ड बाय पोलर भी लॉन्च की है, जो टाइमलेस वॉच डिजाइन में सेगमेंट-अग्रणी वेलनेस ट्रैकिंग देती है। मोटोरोला सिग्नेचर में दुनिया का एकमात्र ट्रिपल सोनी लिटिया प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है, जिसे डीएक्सोमार्क गोल्ड लेबल सर्टिफिकेशन की मान्यता मिली है।

## 2027 तक प्लास्टिक एक्सपोर्ट दोगुना होकर 20 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद :प्लास्ट इंडिया

नई दिल्ली। भारत का प्लास्टिक उद्योग मजबूत और लगातार ग्रोथ देख रहा है, जिसका बाजार अभी 2025 में 26.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है और 2030 तक 11% की सीएजीआर से बढ़कर 44.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। प्लास्टिक एक्सपोर्ट 2025 में 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना होकर 2027 तक 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है, जो ग्लोबल प्लास्टिक वैल्यू चेन में भारत की बढ़ती भूमिका की पुष्टि करता है। यह ग्रोथ बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यक्रमों और पैकेजिंग, ऑटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स और हेल्थकेयर में बढ़ती कंज्यूमर डिमांड से हो रही है। अकेले पैकेजिंग का ही प्लास्टिक बाजार में लगभग 42% हिस्सा है, जिसे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स का सपोर्ट मिल रहा है, जो आधुनिक कॉमर्स में प्लास्टिक उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

## प्रेस्टीज का कुकवेयर रेंज कास्टलाइट लाइट वेट कास्ट आयरन लॉन्च

बंगलुरु। प्रेस्टीज ने अपनी नई और इनोवेटिव कुकवेयर रेंज कास्टलाइट लाइट वेट कास्ट आयरन लॉन्च की है। कुक स्ट्रॉन्ग. स्टे लाइट. फॉर हेल्थफुल कुकिंग की थीम पर आधारित यह रेंज कास्ट आयरन की मजबूती और बेहतरीन परफॉर्मेंस को आधुनिक फीचर्स के साथ जोड़ती है, जिससे रोजमर्रा की कुकिंग और भी आसान और स्वास्थ्यवर्धक बनती है। कास्टलाइट रेंज को 15 साल की वारंटी और कई प्रमुख खूबियों के साथ पेश किया गया है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह हल्का और जंगरोधी रहे और इसे साफ करना बेहद आसान हो। इसमें हाई हीट रिटेंशन की सुविधा दी गई है, जिससे खाना समान रूप से पकता है। साथ ही, इसके स्टे-कूल हैंडल्स इसे इस्तेमाल के दौरान सुरक्षित बनाते हैं।

## बॉलीवुड के ये 5 सितारे हैं कॉमेडी के बेताज बादशाह

बंगलुरु। जी5 पर मस्ती 4 की रिलीज के साथ ही हिंदी सिनेमा के दिग्गज कॉमेडी कलाकार एक बार फिर से साथ नजर आने वाले हैं, तो आइए उन 5 अभिनेताओं के बारे में जानें, जिन्होंने हमेशा इस जॉनर पर राज किया और पर्दे पर भारतीय दर्शकों के लिए कॉमेडी के मायने भी बदल दिए। सिचुएशनल कॉमेडी की बात की जाए, तो इसमें बहुत ही कम अभिनेताओं ने रितेश देशमुख की तरह महारत हासिल की है। अगर कॉमेडी का कोई सिलेबस होता, तो अक्षय कुमार उसमें एक पूरा अध्याय होते। कुणाल खेमू किसी जबरदस्त किरदार के बिना भी अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में माहिर हैं। गोलमाल का 'गोटी' तो याद ही होगा? या गो गोवा गॉन का वो नशे में धुत जीनियस? बिल्कुल। अरशद ने कॉमेडी को एक नया अंदाज दिया। विवेक की कॉमेडी दर्शकों को इसलिए पसंद आती है।

# सेंसेक्स में 770 अंकों की गिरावट




मुंबई। रुपये के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने और चौतरफा बिकवाली के दबाव में स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 770 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 241 अंक की गिरावट दर्ज की गई। कारोबारियों ने कहा कि निवेशकों के सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों का रुख करने और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से निवेशक धारणा कमजोर रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 769.67 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,537.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 835.55 अंक फिसलकर 81,471.82 के निचले स्तर तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 241.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत टूटकर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 25,025.30 अंक तक फिसल गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, इंडिगो, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, ट्रेंट, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.19 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 1.56 प्रतिशत टूट गया। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,549.80 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,222.98 करोड़ रुपये की खरीदारी की। अनुकूल वैश्विक बाजार और घरेलू पीएमआई आंकड़ों के बावजूद भारतीय बाजार में बिकवाली का रुझान दिखा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये की कमजोरी, एफआईआई की बिकवाली और कंपनियों के परिणामों का उम्मीद से कमजोर रहना बाजार पर दबाव का कारण बना। उन्होंने कहा कि रियल्टी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शेयर भी निष्पादन में देरी और मुनाफा लेने की वजह से कमजोर रहे जबकि अदाणी समूह के शेयरों में दबाव रहा। यूरोपीय बाजार कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच, रुपये ने डॉलर के मुकाबले 92 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छुआ और अंत में 91.88 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# रुपया 30 पैसे टूटकर 91.88 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान सर्वकालिक निचले स्तर 92 पर पहुंच गया। हालांकि अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मामूली सुधार के साथ 91.88 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी के दबाव और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से घरेलू मुद्रा दबाव में रही।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से भारतीय रुपया शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और कारोबार के दौरान 91.99 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके अलवा, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल से भी रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.45 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 91.41 के उच्च तथा 92.00 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में 91.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे की बढ़त के साथ 91.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले रुपया 21 जनवरी को 68 पैसे टूटकर 91.65 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस महीने अब तक रुपया 200 पैसे तक यानी दो प्रतिशत तक लुढ़क चुका है। 2025 में विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और डॉलर की मजबूती से घरेलू मुद्रा में पांच प्रतिशत की गिरावट आई थी। हम विदेशी निवेशकों (एफआईआई) के बिकवाली दबाव और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की भावना के कारण रुपये में गिरावट का अनुमान लगा रहे हैं। आयात से डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि, कमजोर डॉलर और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के 91.60 से 92.30 के बीच रहने के आसार है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.36 पर रहा।

## सांख्यिकी मंत्रालय ने जीडीपी की नयी श्रृंखला पर जारी किया चर्चा पत्र

नयी दिल्ली। सरकार ने देश की आर्थिक तस्वीर को और सटीक ढंग से पेश करने के मकसद से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तिमाही शृंखला और उप-राष्ट्रीय खातों की गणना में बदलाव पर चर्चा शुरू कर दी है। इस संबंध में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक चर्चा पत्र जारी किया।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय खातों की नई शृंखला का आधार वर्ष वित्त वर्ष 2022-23 होगा और इसे 27 फरवरी, 2026 को जारी करने की योजना है। मंत्रालय ने कहा कि इस शृंखला के लिए गणना पद्धति में बदलाव के प्रस्तावों पर उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया और सुझाव मांगे गए हैं। राष्ट्रीय खातों के आधार वर्ष में संशोधन को लेकर सुझाव देने के लिए मंत्रालय ने प्रोफेसर बी एन गोल्डर की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति बनाई है। समिति का काम नए डेटा स्रोतों को शामिल कर राष्ट्रीय खातों के अनुमान सुधारने और उनके प्रस्तुतीकरण एवं विश्लेषण के लिए प्रभावी पद्धति तय करना है। इस सलाहकार समिति में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, शिक्षण संस्थानों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं। पहले दो चर्चा पत्रों के जरिये राष्ट्रीय खातों की गणना में बदलाव के सुझाव लिए गए थे।

# चांदी और सोना नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की बढ़ती उम्मीदों के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में रिकॉर्ड बढ़त से सोने और चांदी की कीमते शुक्रवार को वायदा कारोबार में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में चांदी के मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 12,638 रुपये यानी करीब चार प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई और यह 3,39,927 रुपये प्रति किलोग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। चांदी का वायदा भाव बुधवार को 3,35,521 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा था। एमसीएक्स में सोना भी लगातार पांचवें



सत्र में बढ़त दर्ज करते हुए नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। फरवरी में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 2,885 रुपये यानी 1.84 प्रतिशत चढ़कर ।,59,226 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह ।,56,341 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल वैश्विक जोखिम कारकों और व्यापक आर्थिक अनुकूल परिस्थितियों के कारण आया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, सोने और चांदी दोनों के वायदा भाव ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए। कॉमेक्स में चांदी ने पहली बार 99 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का आंकड़ा पार किया। मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों का वायदा भाव शुक्रवार को 3.02 अमेरिकी डॉलर यानी 3.14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 99.39 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। कॉमेक्स बाजार में सोने के फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंधों का वायदा भाव 56.6 अमेरिकी डॉलर यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,970 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

## 5 दिवसीय बैंकिंग लागू करने की मांग को लेकर बैंककर्मियों का आंदोलन और तेज

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 5 दिवसीय बैंकिंग लागू न करने के विरोध में आज स्टेट बैंक, प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए काम.दिनेश कुमार सिंह, महामंत्री (एनसीबीई) ने बताया कि बैंक शाखाओं में कर्मचारियों व अधिकारियों पर बढ़ते तनाव एवं दबाव को देखते हुए यूनाइटेड फोरम ने पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने की मांग की थी। श्री सिंह ने कहा कि अन्य वित्तीय संस्थानों जैसे रिजर्व बैंक, जीवन बीमा, सेबी, नाबार्ड, जीआईसी तथा विभिन्न सरकारी विभागों में यह व्यवस्था पहले से ही लागू है, किंतु सरकार बैंककर्मियों की इस एक मात्र मांग की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि बैंकों में पहले से ही दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश हो रहा है तथा आईबीए और यूएफबीयू की सहमति के अनुसार शेष बचे 2/3 शनिवारों को भी अवकाश घोषित करने के बदले बैंककर्मी सोमवार से शुक्रवार प्रत्येक दिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य किया करेंगे।

## पीएनजी ज्वेलर्स के ब्रांड अम्बेसडर बने रणबीर

अयोध्या। पीएनजी ज्वेलर्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। परंपरा, विश्वासार्हता और आधुनिक आकर्षण के साथ रणबीर कपूर पीएनजी ज्वेलर्स की सफर में एक रोमांचक नया अध्याय जोड़ते हैं क्योंकि ब्रांड अपनी राष्ट्रीयमौजूदगी को और मजबूत कर रहा है।

# वेतन-पेंशन संशोधन को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के कर्मचारियों के वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन संशोधन को भी स्वीकृति दी गई है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस वेतन संशोधन से कुल 46322 कर्मचारी, 23570 पेंशनधारक और 23260 पारिवारिक पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। पीएसयू सामान्य बीमा कंपनियों के वेतन संशोधन के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि यह एक अगस्त 2022 से प्रभावी होगा। इस पर कुल खर्च 8,170.30 करोड़ रुपये होगा जिसमें वेतन संशोधन के तहत बकाया मद में 5,822.68 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के लिए 250.15 करोड़ रुपये तथा पारिवारिक पेंशन के लिए 2097.47 करोड़ रुपये शामिल हैं। नाबार्ड के लिए वेतन संशोधन एक नवंबर 2022 से प्रभावी होगा जिससे वार्षिक वेतन मद में लगभग 170 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होगी और बकाया भुगतान की कुल राशि करीब 510 करोड़ रुपये होगी। पेंशन संशोधन के परिणामस्वरूप नाबार्ड के 269 पेंशनधारकों और 457 पारिवारिक पेंशनधारकों को एकमुश्त 50.82 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान किया जाएगा जबकि पेंशन भुगतान पर मासिक अतिरिक्त खर्च 3.55 करोड़ रुपये होगा।

## सैमसंग ने की सैमसंग हेल्थ ऐप पर फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26 की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज सैमसंग हेल्थ ऐप पर फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26 की घोषणा की। यह स्टेप-काउंट चैलेंज लोगों को रोजमर्रा की गतिविधियों के जरिए बेहतर स्वास्थ्य अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह चैलेंज गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य का संकल्प लेने वाले भारत के यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। इस चैलेंज के लिए रजिस्ट्रेशन 22 जनवरी, 2026 से सैमसंग हेल्थ ऐप पर शुरू होंगे, जबकि चैलेंज 26 जनवरी से 24 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 30 दिनों की अवधि में 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे। चैलेंज के दौरान यूजर्स अपने कदमों की गिनती ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ ही एक लीडरबोर्ड की सुविधा भी होगी, जिससे प्रतिभागी अपनी प्रगति देख सकेंगे और अन्य प्रतिभागियों के साथ अपनी स्थिति की तुलना कर पाएंगे। जो प्रतिभागी 2,00,000 कदमों का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा करेंगे।

## एनएसई ने लगाया निवेशक जागरूकता पवेलियन

नोएडा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 (यूपीआईटेक्स) के चौथे संस्करण में भाग ले रहा है। यह एक्सपो 23 जनवरी से 27 जनवरी तक राजधानी में चलेगा। इस इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में एनएसई ने इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड ट्रस्ट (आईपीएफटी) के तहत एक निवेशक जागरूकता पवेलियन लगाया है। इसका उद्देश्य आम लोगों को निवेश से जुड़ी सही जानकारी देना, निवेशकों के हितों की सुरक्षा के बारे में बताना और वित्तीय समझ को बढ़ावा देना है। एनएसई के पवेलियन में निवेशकों को जागरूक करने और सही जानकारी देने के लिए कई गतिविधियाँ की जा रही हैं। यहाँ इंटरएक्टिव अवेयरनेस सेशन, सिक्योरिटीज मार्केट में होने वाले सामान्य फ्रॉड और ठगी के तरीकों की जानकारी डेमो के जरिए दी जा रही है।

# देश को 2035-36 तक 100 गीगावाट पंप्ड भंडारण बिजली परियोजनाओं की जरूरत

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने शुक्रवार को कहा कि देश की ऊर्जा भंडारण जरूरत वित्त वर्ष 2029-30 तक 62 गीगावाट और 2034-35 तक 161 गीगावाट हो जाने का अनुमान है जिससे 2035-36 तक 100 गीगावाट की पंप्ड भंडारण पनबिजली परियोजनाएं अनिवार्य हो जाएंगी। बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीईए की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने दो-दिवसीय चिंतन शिविर में 2035-36 तक 100 गीगावाट की पंप्ड भंडारण पनबिजली परियोजनाओं की रूपरेखा शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की।

इस अवसर पर बिजली मंत्री ने कहा कि केंद्र, राज्य और उद्योगों के बीच करीबी समन्वय और समयबद्ध सुधारों की कार्यान्वयन योजना जरूरी है ताकि भारत बिजली क्षेत्र में अग्रणी बने। रिपोर्ट में 2030 तक 500 गीगावाट और 2035 तक 701 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के विस्तार को देखते हुए ऊर्जा भंडारण की बढ़ती मांग को पूरा करने की रूपरेखा दी गई है। इसके अनुसार, 2029-30 तक 62 गीगावाट और 2034-35 तक 161 गीगावाट भंडारण की जरूरत होगी, जिससे 2035-36 तक 100 गीगावाट पंप्ड भंडारण परियोजना का लक्ष्य तय हुआ। इसमें वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन, राज्यवार संभावनाओं की पहचान और चरणबद्ध क्षमता संवर्द्धन योजना प्रस्तावित की गई है।

## आईडब्ल्यूडीसी 3.0 ने दी 1500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी

कोच्चि। अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी 3.0) की तीसरी बैठक भारत के अंतर्देशीय जल परिवहन नेटवर्क के विस्तार, प्रमुख अवसंरचना निवेशों को मंजूरी देने और देश की नदियों की पूरी आर्थिक क्षमता को उजागर करने के लिए केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रोडमैप के साथ संपन्न हुई। यह बैठक सतत और कुशल लॉजिस्टिक के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में अंतर्देशीय जल परिवहन को मजबूत करने की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। आईडब्ल्यूडीसी 3.0 ने हरित परिवहन को गति देने, बहुआयामी लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने और नदी आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की पहचान की। केरल, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और तेलंगाना में नदी क्रूज जेटियों सहित 150 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

## पेज एक का शेष

### सरकार के

प्रकाश डाला कि इस मिशन में शहरों की महत्वपूर्ण भूमिका है और पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने शहरी बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश किया है। उन्होंने कहा, इस विकास में हमारे शहरों ने अहम भूमिका निभाई है। पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार ने शहरी बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार ने शहरों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए भी व्यापक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में गरीबों को चार करोड़ से अधिक मकान बनाकर दिए गए हैं, जिनमें शहरी गरीबों के लिए एक करोड़ से अधिक स्थायी मकान शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि अकेले केरल में ही लगभग 1.25 लाख शहरी गरीब परिवारों को उनके स्थायी मकान मिल चुके हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि गरीब परिवारों के बिजली खर्च को कम करने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य उपचार मिल रहा है और महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मातृ वंदना योजना जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं।

### सुभाष चंद्र बोस

थी। उन्होंने क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया। भारत के अंदर रहकर या भारत के बाहर, उन्होंने आजादी के लिए जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। जिस प्रकार उन्होंने जर्मनी, जापान तथा दुनिया के तमाम देशों में जाकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, हम सबके लिए प्रेरणा की गाथा है। अपने संबोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी का जन्म 1897 में कटक में एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता परिवार में हुआ था। बचपन में ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन भेज दिया गया। आईसीएस की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने अंग्रेजों की चाकरी करने से इनकार कर दिया और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। नेताजी का विराट व्यक्तित्व और देश के प्रति अमूल्य योगदान आज भी हम सबको प्रेरणा प्रदान करता है, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और उनके श्रीचरणों में प्रदेशवासियों की ओर से नमन करता हूं। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और कार्यक्रम के आयोजक विधान परिषद के सदस्य अवनीश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह, अंगद सिंह व पवन सिंह चौहान समेत अन्य गण्यमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### यूपी दिवस पर

कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक प्रदेश भर में करीब साढ़े तीन लाख आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में डेढ़ लाख लोन वितरण का लक्ष्य रखा है। साफ है कि सीएम युवा योजना युवाओं को आकर्षित कर रही है और वे इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक पूरे प्रदेश से 3,34,337 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,81,277 आवेदनों को बैंकों को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 1,06,772 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, जबकि 1,03,353 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,500 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 8,240 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 7,033 आवेदनों को बैंकों को भेजा गया। इनमें से 3,315 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष लोन वितरण का अनुपात 132 प्रतिशत से अधिक है। पूरे प्रदेश में जौनपुर ने लक्ष्य से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देकर पहला स्थान प्राप्त किया है। सीएम योगी यूपी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जौनपुर जिले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में योजना का लाभ देने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। योजना का लाभ देने में अप्रैल 2025 से पहले जिला 25वें स्थान पर था। अप्रैल के बाद योजना का लाभ हर जरूरतमंद युवा को देने के लिए लगातार ब्लॉक स्तर पर वर्कशाप आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बैंकर्स व आवेदकों की आमने-सामने काउंसिलिंग करायी जा रही है।

### बसंत पंचमी

आज तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी में पुण्य स्नान का सौभाग्य प्राप्त कर रहे सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। पावन संगम में 'आस्था की डुबकी' सभी के लिए शुभ-फलदायी हो, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हों, माँ गंगा से यही प्रार्थना है।

### होमगार्ड की

के सुचारू रूप से संचालन में योगदान देने का हो। या देश पर दुश्मन की तरफ से युद्ध थोपा गया है तो युद्ध काल में नागरिक समाज की व्यवस्था को संभालने के लिए इस कार्यक्रम को बढ़ाया जा सके। यह भी आज वह इस मॉकड्रिल के माध्यम से प्रस्तुत किया है। अच्छा प्रयास है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेशन फर्स्ट का भाव नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी के आंदोलन के दौरान देश को दिया था। उसी भावना के अनुरूप उन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। भारत की नारी शक्ति की सामर्थ्य को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई ब्रिगेड का गठन कर देश को उस समय ही महिला शक्ति की ताकत से अवगत कराया था। भारत के अंदर हो या विदेश में, जहां-जहां नेताजी रहे, उन्होंने भारत की आजादी के लिए जो योगदान दिया, हर भारतवासी उसके प्रति कृतज्ञ है और एक राष्ट्रनायक के रूप में उन्हें सम्मान देता है। सीएम ने कहा कि आज का यह मॉक ड्रिल हम सभी को सम और विषम परिस्थितियों के प्रति हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा देता है। युद्धकाल हो या शांति काल, आपदा हो या आकस्मिक दुर्घटना हर स्थिति में ह्यफर्स्ट रिस्पांडरह्न के रूप में नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका को समाज ने निर्विवाद रूप से स्वीकार किया है। इसी महत्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सभी 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा संगठन का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिक सुरक्षा संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब सभी 75 जिलों में भर्ती की प्रक्रिया पूर्णता की ओर बढ़ रही है। साइरन लग चुके हैं और इस तरह के मॉक ड्रिल कार्यक्रम प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में हर काम के लिए सरकार पर निर्भर रहना किसी स्वावलंबी समाज का गुण नहीं हो सकता। स्वावलंबन की पहली शर्त यही है कि हम अपने देश और समाज के प्रति भी सोचें और सरकार के साथ मिलकर ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाएं, जिससे कार्यों की गति कई गुना बढ़ सके। इसी सोच के साथ नागरिक सुरक्षा संगठन से जुड़े स्वयंसेवकों के माध्यम से यह अभियान आगे बढ़ाया जा रहा है और आज 75 जिलों में मॉक ड्रिल हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि अब नागरिक सुरक्षा संगठन केवल शांति काल में पर्व और त्योहारों तक सीमित नहीं है। पर्व-त्योहार, बाढ़ या अन्य आपदा, कोई घटना-दुर्घटना, बड़े आयोजन में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना या फिर यदि देश पर दुश्मन द्वारा युद्ध थोपा गया हो तो युद्धकाल में समाज की व्यवस्था संभालने, हर परिस्थिति में नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से यह क्षमता आज प्रस्तुत की गई है।

### धामी ने देहरादून

जाएगी। वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब प्रत्येक राज्य अपनी सामर्थ्य और विशिष्टताओं के अनुरूप विकास की ठोस दिशा तय करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत की परिकल्पना में उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को रणनीतिक, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रस्तुत विकसित भारत का संकल्प एक व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि है, जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक समरसता, तकनीकी सशक्तिकरण, सुशासन और सांस्कृतिक मजबूती का समावेश है। यह विकास मॉडल मानव-केंद्रित, समावेशी और सतत है, जहाँ हर नागरिक को समान अवसर और पारदर्शी शासन मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय राज्य होने के कारण उत्तराखण्ड के सामने चुनौतियाँ अवश्य हैं, लेकिन इन्हीं में विकास की असीम संभावनाएँ भी निहित हैं। यदि नीतियाँ राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनें, तो उत्तराखण्ड इकोनॉमी और इकोलॉजी के संतुलन का राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है।

### कर्तव्य पथ

भीड़ देखने को मिलती है जिसके लिए आधिकारिक पास जारी किये जाते हैं। हालांकि, खराब मौसम के कारण शुक्रवार को दर्शक दीर्घाओं में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश की बौछारों ने शहर के कुछ हिस्सों में यातायात को भी बाधित कर दिया, लेकिन इससे मार्च करने वाले दल के सदस्यों का उत्साह कम नहीं हुआ।

### उज्जैन : दो

में वीएचपी पदाधिकारी को गंभीर चोट आई और जिसके बाद उन्हे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बजरंग दल पदाधिकारी सोहिल ठाकुर आफिस के पास मौजूद था, तभी मुस्लिम समाज के करीब 15 लड़के पहुंचे और सोहिल को धमकी देना शुरू कर दिया। सोहिल से कहा गया कि अगर उसने गौरक्षा के नाम पर गाड़ियां पकड़नी बंद नहीं की तो अंजाम बुरा होगा। इसी बात लेकर विवाद बढ़ गया।

### गरीब, मजदूर

मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस कोशिश को बरकरार रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।




# भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

## ईशान किशन और सूर्यकुमार ने लगाया अर्धशतक



रायपुर। भारत ने सात विकेट से न्यूजीलैंड को हराकर जीता दूसरा टी20 मैच। भारतीय टीम ने 209 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 37 बॉल पर नाबाद 82 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि ईशान किशन ने 32 बॉल पर 76 रन बनाए। दोनों के बीच 122 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा जीरो और संजू सैमसन 6 रन बनाकर आउट हुए।

वहीं कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44 रन, 26 गेंद) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन, 27 गेंद) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओस की संभावना को देखते हुए टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। चोटिल अक्षर पटेल और आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की जगह हर्षित राणा और कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल किया गया। डेवोन कॉन्वे (19 रन, नौ गेंद) और टिम सिफर्ट (24 रन, 13 गेंद) ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दिलाई लेकिन दोनों बल्लेबाज टीम के 43 रन के स्कोर पर आउट हो गए। कोन्वे ने पहले ओवर में ही आउटस्विंगर से छकाए जाने के बावजूद अर्शदीप सिंह पर आक्रामक रुख अपनाया और तीन शानदार चौके व बैकवर्ड प्वाइंट के ऊपर से एक छक्का लगाकर 18 रन बटोरे। इसके बाद सिफर्ट ने भी अर्शदीप के अगले ओवर में चार चौके जड़ते हुए 18 रन निकाल लिए। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्षित राणा ने अपनी दूसरी ही गेंद पर कोन्वे को आउट किया। यह सफेद गेंद की इस श्रृंखला में चौथी बार था जब राणा ने बायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज को पवेलियन भेजा। इसके बाद रचिन रवींद्र (44 रन, 23 गेंद) ने कुछ शानदार शॉट्स लगाए, लेकिन वह कुलदीप की फिरकी गेंद पर आउट हो गए। इससे पहले कुलदीप ने खतरनाक ग्लेन फिलिप्स को गुगली पर छकाते हुए बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच करवाया था। शुरुआती 10 ओवरों में तीन विकेट पर 111 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड बड़े स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा था, लेकिन भारत ने मैच में वापसी की।

# एयर राइफल ट्रायल्स में माने और साक्षी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर से बेहतर प्रदर्शन किया



नयी दिल्ली। महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पडेकर और रेलवे के शाहू तुषार माने ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय चयन ट्रायल। और 2 (ग्रुप ए) में क्रमशः 10 मीटर एयर राइफल महिला और पुरुष स्पर्धाओं के फाइनल और क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया। साक्षी ने टी2 फाइनल में 254.3 अंक बनाए जबकि शाहू तुषार माने ने क्वालिफिकेशन में 637.1 का स्कोर किया। हालांकि ये दोनों स्कोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर होने के बावजूद आधिकारिक रिकॉर्ड बुक में दर्ज नहीं किए जाएंगे। ओलंपियन अर्जुन बबूता ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी2 फाइनल में जीत दर्ज की जबकि साक्षी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी2 फाइनल अपने नाम किया। ओलंपियन राही सरनोबत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 फाइनल जीता।

महाराष्ट्र की साक्षी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ट्रायल 2 में क्वालिफिकेशन से लेकर फाइनल तक पूरी तरह नियंत्रण में रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। साक्षी ने क्वालिफिकेशन राउंड में 634.4 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और इसके बाद फाइनल में 254.3 का बेहतरीन स्कोर कर पहला स्थान पक्का किया। यह स्कोर पिछले साल एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में इलावेनिल वलारिवन द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से भी बेहतर था। केरल की विदर्सा के विनोद ने फाइनल में 252.0 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता इलावेनिल वलारिवन फाइनल में 231.4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। बबूता ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल ट्रायल 2 फाइनल में बेहद करीबी मुकाबले में 253.4 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्वालिफिकेशन में 632.4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले बबूता ने फाइनल में अपना प्रदर्शन और बेहतर किया और महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने को बेहद मामूली अंतर से पछाड़ दिया। पार्थ 253.3 अंक के साथ सिर्फ 0.1 अंक से पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। दोनों निशानेबाजों ने अपने अंतिम शॉट में 10.8 अंक बनाए। नौसेना के किरण अंकुश जाधव 231.2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रेलवे के शीर्ष क्वालिफायर शाहू तुषार माने ने क्वालिफिकेशन में 637.1 का शानदार स्कोर कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया था। लेकिन फाइनल में उस बढ़त को भुना नहीं सके और हरियाणा के समरवीर सिंह (145.2) के साथ शूट-ऑफ के बाद 166.5 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। पूर्व एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ट्रायल 2 फाइनल में 43 हिट के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की विभूति भाटिया ने एक बार फिर प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 35 हिट के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया था लेकिन फाइनल में 31 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

**संक्षेप**

### न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम में चोटिल एडम मिल्ने की जगह काइल जैमीसन

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को अपनी टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केप टाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर कहा, जैमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम की सफेद गेंद की टीम के साथ हैं। उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में जोड़ा गया है जबकि पहले उन्हें भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया था। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के लिए तैयारी में जुटे थे। उन्होंने कहा, हम सभी को एडम के लिए बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने में कड़ी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैच में वह अपनी पुरानी लय में लौटते हुए दिख रहे थे।

### विदर्भ ने पहली पारी की बढ़त हासिल की

विजयनगरम (आंध्र प्रदेश)। हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी शुक्रवार को यहां विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में आंध्र के लिए मिली शुरुआत का फायदा उठाने में असफल रहे। दूसरे दिन स्टंप तक विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बना लिए थे। उसने आंध्र को 228 रन पर आउट करके पहली पारी में 67 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। खेल समाप्त होने तक मौजूदा चैंपियन की बढ़त 71 रन की हो गई। टीम ने दिन की शुरुआत अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 267 रन से की और 295 रन बनाए। आंध्र जब पांच विकेट पर 118 रन बनाकर मुश्किल में था तब युवा नीतीश रेड्डी को वह शुरुआत मिली जिसकी उन्हें तलाश थी, लेकिन वह 48 गेंद में 35 रन बनाकर आउट हो गए। भारतीय टीम में उनकी जगह हाल के दिनों में तीखी बहस का विषय बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया एकदिवसीय श्रृंखला के बाद उन्हें भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया था। नीतीश रेड्डी के जाने से आंध्र के लिए हालात और खराब हो गए क्योंकि उसे अपने हरफनमौला खिलाड़ी पर भरोसा था। इसके बाद टीम का स्कोर सात विकेट पर 166 रन था और विदर्भ के स्कोर की बराबरी करने के लिए काफी रन बनाने थे।

# सिंधू और लक्ष्य की हार से इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त



जकार्ता। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गये जिससे पांच लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ 42 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही सिंधू का सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया। चेन यू फेई के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड में अब सिंधू 6-8 से पीछे हो गई हैं। सिंधू की चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ पिछली जीत वर्ष 2019 में दर्ज हुई थी।

पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनिचाफोन तीरारत्साकुल से कड़े मुकाबले में 18-21, 20-22 से हार मिली। यह मैच 46 मिनट तक चला। लक्ष्य दोनों गेम में कड़ी टक्कर देने के बाद भी जीत दर्ज करने में नाकाम रहे। लक्ष्य को हराने से पहले थाईलैंड का 21 साल कर यह खिलाड़ी प्री-क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता ली जी जिया को भी टूर्नामेंट से बाहर कर चुका है। इससे पहले बृहस्पतिवार को को किदांबी श्रीकांत और अनमोल खरब पुरुष और महिला एकल वर्ग में हारकर बाहर हो गए थे। पुरुष युगल में हरिहरन अमसकरुणन और एम आर अर्जुन की जोड़ी भी प्री-क्वार्टरफाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। महिला युगल वर्ग में भारत की कोई भी जोड़ी भाग नहीं ले रही थी जबकि दो

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली कैपिटल्स की नजर ऑलराउंड प्रदर्शन पर



वडोदरा। दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए शनिवार को यहां शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर वापसी के संकेत दिए थे और वह चार अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। हालांकि इस चरण में अब तक अजेय रही आरसीबी को हराने के लिए दिल्ली को अपने खेल का स्तर और ऊंचा करना होगा। अब तक दिल्ली की बल्लेबाजी की अगुआई अनुभवी लिजेल ली (213 रन) ने की है जबकि लॉरा वोलवार्ट (123 रन) और शेफाली वर्मा (149 रन) ने बीच-बीच में उनका सहयोग किया है। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स की फॉर्म चिंता का विषय रही है। मुंबई के खिलाफ जीत में रोड्रिग्स ने नाबाद अर्धशतक लगाकर कुछ हद तक चिंताओं को दूर किया था और आरसीबी के खिलाफ भी उनसे एक और मजबूत पारी की उम्मीद होगी। गेंदबाजी विभाग में भी दिल्ली को कुछ कमियों को दूर करना होगा। बड़े नाम होने के बावजूद अब तक उनकी गेंदबाजी की अगुआई अनकैप्ड (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है। चंडीगढ़ की इस खिलाड़ी ने पांच मैच में 8.7 की इकॉनोमी से 10 विकेट लिए हैं। लेकिन भारतीय स्पिनर श्री चरणी (सात विकेट) और स्नेह राणा (एक विकेट) अभी अपनी लय में नहीं आ पाई हैं। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज मरीजान काप (चार विकेट) भी अब तक ज्यादा असर नहीं छोड़ पाई हैं, हालांकि उनकी 5.25 इकॉनोमी शानदार रही है। दिल्ली के गेंदबाजों को आरसीबी की अनुभवी और दमदार बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के शीर्ष क्रम में कप्तान स्मृति मंधाना और ग्रेस हैरिस की मजबूत मौजूदगी रही हैं जबकि नादिन डि क्लर्क और ऋचा घोष ने हमेशा की तरह मध्य और निचले क्रम को संभाला है। गुजरात जायंट्स के खिलाफ 73 रन की शानदार पारी खेलने वाली गौतमी नाइक ने भी आरसीबी की बल्लेबाजी को और मजबूती दी है। पूर्व चैंपियन आरसीबी की गेंदबाजी भी बेहतरीन फॉर्म में है। सयाली सतघरे, डि क्लर्क, लॉरेन बेल और श्रेयंका पाटिल लगातार विकेट ले रही हैं तथा पांच मैचों में उनकी इकॉनोमी क्रमशः 8, 6.9, 5.4 और 8.9 रही है। पहले ही 10 अंक के साथ प्लेऑफ में जगह बना चुकी आरसीबी तालिका में शीर्ष पर बने रहने और सीधे फाइनल में प्रवेश के करीब पहुंचने के लिए एक और जीत दर्ज करना चाहेगी।

टीमें: **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, जॉर्जिया वोल, नादिन डि क्लर्क, राधा यादव, लॉरेन बेल, लिंडसे स्मिथ, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, प्रत्युषा कुमार, डी हेमालता, सयाली सतघरे।

**दिल्ली कैपिटल्सः** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), शेफाली वर्मा, मरीजान काप, निकी प्रसाद, लौरा वोलवार्ट, चिनेल हेनरी, श्री चरणी, स्नेह राणा, लिजेल ली, दीया यादव, तानिया भाटिया, ममता मडिवाला, नंदिनी शर्मा, लूसी हैमिल्टन, मीनू मणि, अलाना किंग।

मैच शाम भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# भारत पूल बी में, उरुग्वे के खिलाफ अभियान शुरू करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत को हैदराबाद में होने वाले 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में चार टीमों वाले पूल बी में रखा गया और मेजबान देश अपने अभियान की शुरूआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। भारत इसके बाद नौ मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स के खिलाफ अपने पूल मुकाबले खेलेगा। इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में शामिल हैं।

सेमीफाइनल मुकाबले 13 मार्च को खेले जाएंगे जबकि तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ और फाइनल 14 मार्च को आयोजित होगा। दूसरा क्वालीफाइंग टूर्नामेंट चिली के सैंटियागो में 28 फरवरी से आठ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, आयरलैंड, चिली, फ्रांस, कनाडा, मलेशिया और स्विट्जरलैंड की टीम भाग लेंगी।

हैदराबाद और सैंटियागो में होने वाले दोनों क्वालीफायर से शीर्ष तीन-तीन टीमें अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके अलावा हैदराबाद और सैंटियागो क्वालीफायर में चौथे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से जो विश्व रैंकिंग में ऊपर होगी, वह सातवीं टीम के रूप में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। ये सात टीमें उन नौ टीम के साथ जुड़ेंगी जो पहले ही इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। भारत 2025 में एशिया कप के फाइनल में चीन से हारने के कारण इसके जरिए सीधे 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा था।

चीन ने एशिया कप जीतकर सीधा क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि भारत को विश्व कप में जगह बनाने के लिए आठ से 14 मार्च के बीच हैदराबाद में होने वाले क्वालीफायर खेलने पड़ रहे हैं। इसी तरह 2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफायर दो स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। फ्रांस, आयरलैंड, कोरिया, वेल्स, स्कॉटलैंड, कनाडा, पोलैंड और चिली की टीम 28 फरवरी से आठ मार्च तक सैंटियागो में प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि इंग्लैंड, मलेशिया, पाकिस्तान, मिस्र, जापान, ऑस्ट्रिया, चीन और अमेरिका की टीम एक से सात मार्च तक मिस्र के इस्माइलिया में सात उपलब्ध स्थानों के लिए खेलेंगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पहले ही 2025 एशिया कप (बिहार के राजगीर में) जीतकर 2026 एफआईएच विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर चुकी है।

# रोहित शर्मा के नक्शेकदम पर चल रहा हूं : अभिषेक



नयी दिल्ली। भारत के तूफानी सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के प्रोत्साहन के बाद वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा द्वारा टी20 अंतरराष्ट्रीय पावरप्ले के लिए तय किए गए आक्रामक खेल का अनुकरण कर रहे हैं।

अभिषेक ने 2024 जुलाई में टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी की बदौलत उन्होंने बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अब तक 34 मैच में उन्होंने दो शतक और सात अर्धशतक के साथ 1199 रन बनाये हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 190.92 है। अभिषेक ने रोहित के प्रभाव पर बात करते हुए जियोस्टार से कहा, रोहित भाई ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पावरप्ले में वह जो शुरुआत देते थे, उससे प्रतिद्वंद्वी टीम पर हमेशा दबाव बना रहता था। उन्होंने कहा, जब मैं टीम में आया तो कोच और कप्तान मुझसे यही चाहते थे। मुझे लगता है कि यह मेरी बल्लेबाजी शैली के अनुरूप भी है क्योंकि मुझे शुरुआत से ही आक्रामक खेलने का शौक है। मैं रोहित भाई के नक्शेकदमों पर चल रहा हूं और मुझे इस तरीके से खेलकर भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर खुशी है। अभिषेक ने कहा कि उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश जरूर है लेकिन उन्हें अपनी भूमिका पर पूरी स्पष्टता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं पूरी तरह से परिपक्व हो गया हूं क्योंकि हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है। लेकिन मुझे लगता है कि मेरी भूमिका पहले छह ओवरों में आक्रामक क्रिकेट खेलना है। उन्होंने कहा, मैं इसके लिए बहुत अभ्यास कर रहा हूं। मुझे पता है कि अगर मैं अच्छी शुरुआत दूं या शुरू से अच्छा इरादा दिखाऊं तो टीम उसी लय का अनुकरण कर सकती है, मैं हमेशा इसके बारे में सोचता हूं। टी20 विश्व कप शुरु होने में कुछ ही दिन बचे हैं, अभिषेक ने बताया कि उन्होंने कुछ खास तरह के गेंदबाजों के खिलाफ खेलने का अभ्यास किया है जिनका वे टूर्नामेंट में सामना करेंगे। अभिषेक ने कहा, अगर मुझे आक्रामक क्रिकेट खेलना है तो मुझे एक खास तरह से अभ्यास करना होगा। मैं मैच से पहले यही करता हूं। जब मुझे एक हफ्ते या दस दिन का समय मिलता है तो मैं ध्यान में रखता हूं कि अगले मुकाबलों में मुझे किस प्रकार के गेंदबाजों का सामना करना है। उन्होंने कहा, मैं आगामी टी20 विश्व कप के लिए भी अभ्यास कर रहा हूं। मुझे पता है कि हम भारत के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न परिस्थितियों में और विभिन्न टीम के खिलाफ खेलेंगे इसलिए तैयारी अहम है। इस 25 साल के खिलाड़ी ने बताया कि वह जितना हो सके नेट्स में मैच जैसी स्थिति को बनाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, मैं नेट्स में उसी तरह के गेंदबाजों का सामना करने की कोशिश करता हूं जो मुझे विपक्षी टीम से मिल सकते हैं। मैं उनसे आउटस्विंगर, इनस्विंगर और नयी गेंद का उपयोग करने को कहता हूं। इसके अलावा अभिषेक ने गेंदबाजों द्वारा गेंद की गति कम करने की रणनीति अपनाने की स्थिति पर भी काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि विशेषकर विश्व कप या किसी अन्य मैच के दौरान वे मुझे बहुत तेज गेंदबाजी नहीं करेंगे। मुझे पिछले मुकाबलों में यह महसूस हुआ इसलिए मैंने इस पर काम किया है।

अभिषेक ने अपनी बैक लिफ्ट पर भी काम किया है ताकि बल्ले से आसानी से रन बनें।

# 11 वर्षों में देश का कपड़ा निर्यात बढ़ा

## कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, झूठ फैलाना बंद करें राहुल गांधी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में कपड़ा निर्यात बढ़ा है और इस क्षेत्र में पांच करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। सिंह ने एक्स पर गांधी की एक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को झूठ फैलाकर देश को गुमराह करना बंद करना चाहिए और राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। गांधी ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के 50 प्रतिशत शुल्क ने भारत के कपड़ा क्षेत्र को पंगु बना दिया है।

भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेला (आईआईजीएफ) के मौके पर संवाददाताओं से बात करते हुए सिंह ने कहा, हमने 11 साल में कपड़ा क्षेत्र में पांच करोड़ लोगों को रोजगार देने का काम किया है। यह शटडाउन (तालबंदी) नहीं है...। राहुल गांधी देश के खिलाफ बोलना बंद करें। आपके दिमाग का शटडाउन हुआ है, इंडस्ट्री का शटडाउन नहीं हुआ है। यह दावा करते हुए कि अमेरिकी शुल्क कपड़ा निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रहे हैं, गांधी ने शुक्रवार को कहा कि यह अनिवार्य है कि भारत अमेरिका के साथ एक ऐसा व्यापार समझौता करे, जो भारतीय व्यवसायों और श्रमिकों को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी खुद की कमजोरी का प्रभाव अर्थव्यवस्था पर और अधिक नहीं पड़ने देना चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने हरियाणा में



एक परिधान फैक्ट्री की अपनी हाल की यात्रा का एक वीडियो एक्स पर साझा किया, जहां उन्होंने कपड़ा सिलनेवालों के कौशल और लोगों के लचीलेपन को देखा। सिंह ने गांधी के बारे में कहा, उन्हें माफी मांगनी चाहिए और गलत जानकारी नहीं फैलानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि यदि गांधी राष्ट्र से माफी नहीं मांगते हैं, तो उन्हें अपना बयान वापस लेना चाहिए। मंत्री ने दावा किया कि कपड़ा और परिधान उद्योग बंद नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल और दिसंबर 2024 के बीच कपड़ा निर्यात 95,000 करोड़ रुपये का था, जो अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान और बढ़कर 1.02 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंत्री ने सवाल किया, कौन सा शटडाउन हुआ है, कौन सा निर्यात गिरा है। आप देश में गलत जानकारी फैला रहे हैं।

सिंह ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत ने कई व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने भारत और 27 देशों के ब्लॉक यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी उल्लेख किया। भारत और यूरोपीय संघ 27 जनवरी को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा कर सकते हैं। कपड़ा मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 2014 से पहले हमारे पास 10-11 देशों के साथ एफटीए थे। आज यह 17 देशों के साथ है और अगर हम जल्द होने वाले समझौतों को जोड़ते हैं तो यह 21 हो जाएगा। ब्रिटेन के साथ यह पूरा हो गया है, जिसकी औपचारिकताएं पूरी होनी बाकी हैं। आपने देखा होगा कि यूरोपीय संघ के प्रवक्ता ने क्या भाषा इस्तेमाल की है। 27 तारीख को इन 27 देशों के साथ भी एफटीए हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में रोजगार भी बढ़ रहा है और कपड़ा उद्योग 2030 तक 350 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## आईएस आतंकियों से भरी जेल पर सीरिया का कब्जा

रक्का (सीरिया)। सीरिया और कुर्दिश लड़ाकों के बीच हुए एक समझौते के पश्चात कुर्द लड़ाकों के उत्तरी क्षेत्र से हटने के बाद सीरियाई सरकारी बलों ने शुक्रवार को उस जेल पर नियंत्रण कर लिया जिसमें इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े आतंकवादी बंद हैं। सीरियाई गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार के जेल प्राधिकरण को रक्का के उत्तर में स्थित अल-अकतान जेल का प्रभार सौंप दिया गया है और बंदियों की फाइलों की समीक्षा की जा रही है।





## संक्षेप

### प्रधानमंत्री के भाषण में भाजपा के सांप्रदायिकता के एजेंडे की झलक

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशान ने शुक्रवार को कहा कि यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के सांप्रदायिकता और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने के एजेंडे की झलक है। मोदी ने अपने भाषण में मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उस पर निशाना साधा और पार्टी पर केरल में कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को एमएमसी (मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस) बताते हुए कहा था कि इससे सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल को कांग्रेस की रणनीतियों के लिए प्रयोग स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए एक बयान में सतीसन ने कहा कि मोदी को केरल का दौरा करने और आधिकारिक एवं पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा, हालांकि, प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए किसी के द्वारा खुलेआम सांप्रदायिकता का प्रचार करना खतरनाक है। ऐसा आचरण भारत की महान अवधारणा को विकृत करने और राष्ट्र के आधारभूत मूल्यों को कमजोर करने के समान है। सतीसन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के भाषण में देश के भविष्य या केरल की प्राथमिकताओं के बारे में कुछ भी नहीं था। इसके बजाय, प्रधानमंत्री ने केवल सांप्रदायिकता के बारे में बात करना चुना।

# बंगाल में बंगाली सुरक्षित नहीं : जेपी नड्डा



एजेंसी

जबलपुर। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में बंगाली समुदाय सुरक्षित नहीं है और राज्य को मौजूदा हालात से बचाने की जरूरत है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नड्डा ने यहां सिटी बंगाली क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने एक पूर्व वक्ता के बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि मध्यप्रदेश में बंगाली समुदाय अधिक सुरक्षित है।

नड्डा ने कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि पश्चिम बंगाल में ही बंगाली सुरक्षित नहीं हैं, जो विडंबनापूर्ण है। उन्होंने कहा, इसलिए अब समय आ गया है कि बंगाल को संदेश दिया जाए कि वहां बदलाव की जरूरत है। जिस बंगाल ने कभी देश का नेतृत्व किया, वही बंगाल आज परेशानी में है।

पूरा देश बंगाल के साथ खड़ा हो और उसे उसकी मुश्किलों से बाहर निकाले। नड्डा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए बलिदान देने वाले इन महान नेताओं को स्मरण करते हुए यह भी याद रखना होगा कि बंगाल एक बार फिर नए संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, इस तरह के कुशासन से बंगाल को मुक्त कराना हमारी जिम्मेदारी है। हमें यह संदेश देना होगा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आज यह संकल्प लें। आने वाले दिनों में (अप्रैल-मई में) आपको इसका अवसर मिलेगा। केंद्रीय मंत्री राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों की ओर इशारा कर रहे थे।

# ईरान में प्रदर्शन, 5002 की मौत का दावा

दुबई। ईरान में देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन के दौरान की गई सख्त कार्वाई में शुक्रवार तक कम से कम 5,002 लोगों की मौत हो गई। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने यह दावा किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में सबसे बड़ी इंटरनेट पाबंदी आठ जनवरी से जारी है और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार मारे गए लोगों में 4,716 प्रदर्शनकारी, 203 सरकारी कर्मचारी, 43 बच्चे और 40 आम नागरिक हैं। एजेंसी ने यह भी कहा कि 26,800 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। ईरान सरकार ने बुधवार को पहली बार मृतकों की संख्या जारी करते हुए कहा कि अब तक 3,117 लोग मारे गए हैं। इसमें बताया गया कि 28 दिसंबर से शुरू हुए प्रदर्शन में मारे गए लोगों में से 2,427 नागरिक और सुरक्षा बल थे, जबकि बाकी कौ आतंकवादी बताया गया। इस बीच, अमेरिका के कई विमानवाहक पोत पश्चिम एशिया की ओर बढ़ रहे हैं जिस कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहरा रहा है।

### राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को ईरान ने किया खारिज

दुबई। ईरान के शीर्ष अभियोजक ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे को पूरी तरह झूठा बताकर खारिज कर दिया कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए 800 लोगों की फांसी उनके दखल देने की वजह से रुकी है। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने देश के शीर्ष अभियोजक मोहम्मद मोवाहेदी की टिप्पणी का हवाला दिया है। इससे फिर सवाल उठता है कि क्या देश भर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को फांसी दी जाएगी? अधिकारियों ने पहले ही कहा है कि कुछ कैदियों पर ऐसे आरोप हैं जिनमें मौत की सजा दी जा सकती है। मिजान के मुताबिक, मोवाहेदी ने कहा, यह दावा पूरी तरह से झूठा हैअ ऐसी कोई संख्या उपलब्ध नहीं है, और न ही न्यायपालिका ने ऐसा कोई फैसला लिया है।









# राहुल गांधी प्रभु राम के विरोधी : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के वीबी-जी राम जी अधिनियम को वीबी ग्राम जी कहने पर शुक्रवार को उनकी कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि यह भगवान राम के प्रति कांग्रेस की घृणा, अवमानना और उपेक्षौ व तमिलनाडु सरकार द्वारा सनातन धर्म को समाप्त करने के संकल्प के प्रति उसकी हठधर्मिता को दर्शाता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि भगवान राम की इस तरह अवहेलना करने वाली कांग्रेस को महात्मा गांधी की विरासत पर दावा करने का भी कोई अधिकार नहीं है, जिनका अंतिम शब्द राम था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें याद करते हुए भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी व उसके नेताओं ने उनके योगदान और विरासत को मिटाने के कई प्रयास किए। भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना तब साधा है जब कांग्रेस नेता ने निरस्त किए जा चुके महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम पर आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें नए कानून का नाम याद नहीं आ रहा है। उन्होंने सोचते हुए कहा कि क्या उसका नामै वीबी ग्राम जौ है और फिर दर्शकों से पूछा कि उसका नाम क्या है? इसपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने कहा, यह भगवान राम के प्रति कांग्रेस पार्टी की घृणा, अवमानना और उपेक्षा को दर्शाता है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com